CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 24°C

मुरादाबाद, सोमवार 8 सितम्बर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 24 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com भाद्रपद शुक्ल पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 15 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



यूपी में अब नौकरियों की बौछार: योगी

पेज 2



भारतीय पुरुष कम्पाउंड टीम ने जीता स्वर्ण पदक

खेल टाइम्स



प्राकृतिक आपदाओं का बढ़ता कहर

सम्पादकीय



ट्रम्प के रोजगार के वादे धरे रह गए अमेरिका में नियुक्तियां ठप

पेज 12

## हॉकी में भारत का 'चौका', एशिया कप पर कब्जा

**राजगीर।** भारत ने मेंस हॉकी एशिया कप 2025 का खिताब जीत लिया है। बिहार के राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में रविवार को टीम इंडिया ने साउथ कोरिया को 4-1 से फाइनल हराया। भारत ने चौथी बार यह खिताब जीता। इस जीत के साथ भारत ने 2026 के वर्ल्ड कप में भी जगह बना ली।

भारत से फाइनल मैच के पहले ही मिनट में सुखजीत सिंह ने गोल दाग दिया था। दूसरे क्वार्टर में फिर दिलप्रीत सिंह ने गोल दागा और भारत को 2-0 की बढ़त दिला दी। तीसरे क्वार्टर में दिलप्रीत ने एक और गोल किया। चौथे क्वार्टर में अमित रोहिदास ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागा और भारत को 4-0 से आगे कर दिया।



**साउथ कोरिया को 4-1 से फाइनल में हराया हॉकी वर्ल्ड कप के लिए भी किया क्वालिफाई**

साउथ कोरिया से सोन डायन ने इकलौता गोल किया। टीम इंडिया ने 5 बार की चैंपियन साउथ कोरिया को फाइनल हराकर चौथी बार टाइटल जीता। भारत ने 2017 में मलेशिया को फाइनल हराकर आखिरी बार एशिया कप जीता था। कोरिया दूसरी बार ही रनर-अप रही। टीम को 2007 में भी भारत ने ही फाइनल हराया था।

## पोक्सो में बच्ची की गवाही ही काफी, HC का बड़ा फैसला

### 10 साल की बच्ची से दुष्कर्म मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय ने दोषसिद्धि बरकरार रखी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने 2017 में 10 साल की एक मासूम बच्ची के साथ बलात्कार के मामले में एक शख्स को 12 साल की जेल की सजा को बरकरार रखा। इसके साथ ही कोर्ट ने ये भी कहा कि पीड़िता की गवाही विश्वसनीय है और इसके आधार पर सजा भी हो सकती है।

जस्टिस मनोज कुमार ओहरी ने इस मामले में दोषी करार दिए गए टोनी नाम के शख्स की याचिका 3 सितम्बर को खारिज करते हुए यह आदेश दिया। सुनवाई के दौरान जस्टिस मनोज कुमार ने कहा कि कानून की स्थापित स्थिति यह है कि भले ही पीड़िता घटना की एकमात्र गवाह हो, अगर उसकी गवाही विश्वसनीय और भरोसेमंद पाई जाती है, तो दोषसिद्धि बरकरार रखी जा सकती है। अगर पीड़ित बच्ची की गवाही विश्वसनीय है, तो दोषसिद्धि उसी के आधार पर हो सकती है'। प्राथमिकी के मुताबिक दोषी शख्स टोनी फर्नीचर की एक दुकान में काम करता था। ये दुकान बच्ची के स्कूल के पास थी। इस दौरान टोनी की नजर बच्ची पर पड़ी। उसने बच्ची को चाउमीन और कचौड़ी जैसी खाने की चीजों का लालच दिया और उसे बहला फुसलाकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया था। इसके साथ ही आरोपी टोनी ने बच्ची को डराने के लिए धमकी भी दी थी कि अगर उसने इस बारे में किसी को भी कुछ बताया तो वो उसकी जान ले लेगा। आरोपी ने कहा कि वो उसे नाले में डुबो देगा या लकड़ी की तरह उसके टुकड़े-टुकड़े कर देगा। इन धमकियों की वजह से बच्ची चुप रही। यह मामला तब सामने आया जब बच्ची की स्कूल की टीचर ने उससे पूछताछ की और बच्ची ने उन्हें सारी बात बताई। इसके बाद टीचर ने बच्ची की मां को पूरी बात बताई जिसके कारण पुलिस में शिकायत दर्ज की गई। सुनवाई के दौरान जस्टिस मनोज कुमार ने कहा कि बच्ची का बयान एक समान और विश्वसनीय रहा। साथ ही आरोपी शख्स जिरह के दौरान पीड़िता की गवाही को झुठला नहीं सका। कोर्ट ने माना कि बच्ची के बायन में सच्चाई है, जिसके आधार पर कोर्ट ने आरोपी टोनी की 2 साल की जेल की सजा को बरकरार रखा।



**कोर्ट ने कहा: पीड़िता की गवाही विश्वसनीय है और इसके आधार पर सजा भी हो सकती है**

## अखिलेश के बाद सिद्धारमैया का कटा चालान

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के वाहन ने इस साल 7 बार ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन किया है। इसको लेकर उनके खिलाफ मामले भी दर्ज किए गए हैं। इनमें ज्यादातर सीट बेल्ट न पहनने के कारण आए हैं। इसके लिए सिद्धारमैया पर 2500 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। बेंगलुरु के इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम कैमरों ने इन उल्लंघनों को रिकॉर्ड किया है। खास बात ये है कि सभी चालान पिछले 9 महीने के हैं। मुख्यमंत्री पर कुल 2500 रुपये का जुर्माना लगाया गया था, जिसे मुख्यमंत्री ने अदा कर दिया है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव की सरकारी गाड़ियों की ओवरस्पीडिंग का 8 लाख रुपये का चालान आया है। इस मामले में सपा चीफ ने उत्तर प्रदेश में सत्तारूढ़ दल भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा है। सपा चीफ ने कहा कि हम तो राजनीतिक पार्टी के खाते से चालान भर देंगे लेकिन गरीब लोग इतना पैसा कहा से लाएंगे?

## 10 लाख का इनामी नक्सली अमित हांसदा ढेर

**रांची।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के गोइलकेरा थाना क्षेत्र के बुर्जुवा पहाड़ी पर रविवार सुबह सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़ में माओवादी के जोनल कमांडर अमित हांसदा मारा गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि इस मुठभेड़ में 10 लाख रुपये का इनामी भाकपा माओवादी के जोनल कमांडर अमित हांसदा उर्फ अपटन को सुरक्षाबलों ने ढेर कर दिया। अमित हांसदा झारखंड के बोकारो जिले का रहने वाला था और माओवादी संगठन में उसकी पैठ काफी मजबूत मानी जाती थी।

## अशोक स्तंभ को लेकर कश्मीर में मचा बवाल

**श्रीनगर।** श्रीनगर स्थित प्रसिद्ध हजरतबल दरगाह में लगे अशोक चिन्ह को क्षतिग्रस्त करने के मामले में 25 से अधिक लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। यह घटना जुमे की नमाज के बाद सामने आई थी, जिसके बाद इलाके में विवाद और राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। पुलिस के अनुसार, सीसीटीवी फुटेज और अन्य वीडियो की जांच के आधार पर इन लोगों को हिरासत में लिया गया है।

# वोटर आईडी में अब मकान नंबर 'जीरो' नहीं होगा

## घर नहीं होने पर काल्पनिक नंबर नहीं दिए जाएंगे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कर्नाटक में सैकड़ों मतदाता पहचान पत्रों में मकानों का एक ही पता 'जीरो' दर्ज होने से मचे बवाल के बीच चुनाव आयोग कुछ परिस्थितियों में नेशनल नंबर देना खत्म करने जा रहा है। इसके लिए मतदाता के पते के बारे में नए फॉर्मेट पर विचार किया जा रहा है, ताकि काल्पनिक नंबर देने की मजबूरी खत्म हो जाए। इसके तहत वोटर आईडी में मकान नंबर डालने की अनिवार्यता समाप्त करना भी शामिल है।

मकान नंबर की जगह आधार नंबर डालने को भी विकल्प के तौर पर देखा जा रहा है। गौरतलब है कि कांग्रेस ने बड़ी संख्या में मकानों को नंबर 00 या 77777 या 9999 देने को राजनीतिक मुद्दा बनाया हुआ है। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कर्नाटक की वोटर लिस्ट में ऐसे कई पते दिखाए थे, जिनके आगे यही नंबर लिखे हुए थे। इसके बाद ऐसे वोटर्स को लेकर नई बहस छिड़ गई थी। चुनाव आयोग पर भी सवाल उठ रहे थे। चीफ इलेक्शन कमिश्नर (ईसी) ज्ञानेश कुमार ने 17 अगस्त को प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह बताया था कि बड़ी संख्या में ऐसे मतदाता होते हैं, जो फुटपाथ पर, पुलों के नीचे या किसी लैंपपोस्ट के नीचे रात बिताते हैं। ऐसे मतदाताओं के घर के पते में मकान नंबर जीरो दर्ज किया जाता है। आधार जारी करने वाली संस्था यूआईडीएआई का अनुमान है कि 12 लाख लोगों के आधार में स्थायी पता दर्ज नहीं है। आधार अथॉरिटी ने ऐसे लोगों के लिए हेड ऑफ द फैमिली को केयर ऑफ दिखाकर पता दर्ज किया हुआ है।




**मतदाता के पते के बारे में नए फॉर्मेट पर किया जा रहा विचार**

**वोटर आईडी में मकान नंबर डालने की अनिवार्यता समाप्त करना भी शामिल**

**मकान नंबर की जगह आधार नंबर डालने को भी विकल्प के तौर पर देखा जा रहा**

**कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लगाए थे चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप**

## पूरे देश में वोटर वेरिफिकेशन करेगा चुनाव आयोग

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग (ईसीआई) पूरे देश में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी एसआईआर (सामान्य शब्दों में वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन) करने की तैयारी में है। इसको लेकर दिल्ली में 10 सितम्बर को बैठक होगी। बैठक में सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) शामिल होंगे। इसमें देशभर में एसआईआर कराने को लेकर रणनीति पर चर्चा होगी।

यह मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के फरवरी में पद संभालने के बाद तीसरी बैठक होगी। चुनाव आयोग ने कहा है कि बिहार के बाद वोटर लिस्ट जांच की प्रक्रिया पूरे देश में लागू की जाएगी। साल के आखिरी में इसकी शुरुआत हो जाएगी, ताकि 2026 में असम, केरल, पुड्डुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव से पहले वोटर लिस्ट को अपडेट किया जा सके। चुनाव आयोग के अनुसार, एसआईआर का उद्देश्य मतदाता सूची को अपडेट करना और अवैध मतदाताओं जैसे विदेशी नागरिकों, मृत व्यक्तियों या स्थानांतरित लोगों को हटाना है। इस बीच कई राज्यों में बांग्लादेश और म्यांमार से आए प्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई चल रही है।

**10 सितम्बर को दिल्ली में ईसी की मीटिंग, साल के आखिरी में शुरू हो सकती है वेरिफिकेशन प्रक्रिया**

# हिमाचल में अब तक 350 से ज्यादा लोगों की मौत

## पंजाब के सभी 23 जिले अभी भी बाढ़ से प्रभावित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश में इस मानसून सीजन (24 जुलाई से लेकर 7 अगस्त) तक बारिश-बाढ़, लैंडस्लाइड से जुड़ी घटनाओं में 366 लोगों की मौत हो चुकी है। राज्य सरकार को 4 लाख करोड़ की संपत्ति का नुकसान भी हुआ है। शिमला में 116 फीसदी और कुल्लू में 113 फीसदी बारिश हुई, जो सामान्य से दोगुनी है।

पंजाब के सभी 23 जिले अभी भी बाढ़ से प्रभावित हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, राज्य में अगले 3 दिन बारिश का अलर्ट नहीं है, लेकिन लुधियाना का ससराली बांध टूटने का खतरा बना हुआ है। पीएम मोदी 9 सितम्बर को बाढ़ प्रभावित इलाके का दौरा करेंगे। हिमाचल के सिरमौर के नौहराधार में शनिवार को पूरा पहाड़ नदी में आ गया। हालांकि, जहां लैंडस्लाइड हुई वहां कोई बस्ती नहीं थी। मौसम विभाग ने रविवार को महाराष्ट्र, गुजरात और राजस्थान में बारिश का रेड अलर्ट, गोवा में ऑरेंज और मप्र-बिहार समेत 20 राज्यों में येलो अलर्ट जारी किया है। गुजरात में विश्वामित्री नदी का जलस्तर बढ़ गया है। आसपास के इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति है। वडोदरा में प्रभावित लोगों को राहत सामग्री बांटी जा रही है। जम्मू-कश्मीर के कठुआ में रावी नदी का जलस्तर बढ़ गया है। जम्मू-पठानकोट हाईवे को बाढ़ से बचाने के लिए सेना जुटी है। पीएम मोदी बाढ़ की स्थिति का जायजा लेने के लिए 9 सितम्बर को पंजाब का दौरा करेंगे। भाजपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने रविवार को यह जानकारी दी। उत्तर प्रदेश के इटावा में चकरनगर क्षेत्र में चंबल और यमुना नदियों का जलस्तर बढ़ने से बाढ़ आ गई है। यमुना चेतावनी बिंदु 120.92 मीटर को पार कर 121.66 मीटर तक पहुंच गई है, जो खतरे के निशान से मात्र 26 सेंटीमीटर नीचे है। बाढ़ से 7 गांवों के लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। सिद्धनाथ मंदिर और कई प्रमुख मार्ग जलमग्न होकर बंद हो गए हैं। हरियाणा में बहादुरगढ़ के के गांव लौहारहेड़ी में 2 मुख्य गालियों में पानी भर गया है। यहां एक से 2 फीट तक पानी जमा है। ग्रामीणों के मुताबिक ज्यादा बारिश बरसने और निकाली नहीं होने के कारण गांव के दादा पूल्हा और हरियाला वाला तालाब ओवरफ्लो हो गए हैं। इसके कारण गलियों में पानी भरने लगा है। यहां सड़क पर मछलियां तैर रही हैं। लगातार बारिश और फ्लैश फ्लड के कारण जम्मू-कश्मीर रियासी और रामबन में फंसे टूरिस्ट्स को निकालने के लिए रेलवे विभाग ने कटरा (एसवीडीके) और संगलदान (एसजीडीएन) के बीच फ्लड स्पेशल लोकल ट्रेन सर्विस शुरू करने का निर्णय लिया है।



**हिमाचल प्रदेश में 4.07 लाख करोड़ का नुकसान, पीएम मोदी नौ सितम्बर को पंजाब जाएंगे**

# ED ने सुब्रत राय के बेटे को भगोड़ा बताया

## 1.74 लाख करोड़ रुपये के घोटाले में सहारा के खिलाफ चार्जशीट, पत्नी सपना भी आरोपी

कोलकाता, वार्ता

**प्रवर्तन निदेशालय** (ईडी) ने सहारा इंडिया समूह के खिलाफ कोलकाता की कोर्ट में सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की है। इसमें 1.74 लाख करोड़ रुपये के चिटफंड घोटाले का जिक्र है।

ईडी ने सहारा के संस्थापक दिवंगत सुब्रत राय की पत्नी सपना राय, बेटे सुशांत राय को आरोपी बनाया है। अनिल वैलापरमपिल अब्राहम और जितेंद्र प्रसाद (जेपी) वर्मा समेत समूह के कई वरिष्ठ अधिकारी भी आरोपियों में शामिल हैं। ईडी ने सुशांत को भगोड़ा बताया है। वह पूछताछ में शामिल नहीं हुए थे। ईडी उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी कराने की प्रक्रिया में है। सहारा के खिलाफ 500 से अधिक एफआईआर दर्ज हैं। इनमें से करीब 300 में दर्ज आरोप पीएमएलए के दायरे में आते हैं। ईडी ने सुब्रत राय की पत्नी सपना राय को भी चार्जशीट में आरोपी बनाया है। ईडी ने जांच की शुरुआत ओडिशा, बिहार और राजस्थान में दर्ज तीन एफआईआर से की थी। हमारा इंडिया क्रेडिट कोआपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड व अन्य सहारा संस्थाओं के खिलाफ दर्ज हुई थीं। हाल ही में उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मुंबई में सहारा समूह से जुड़ी नौ परिसरों पर छापेमारी हुई, जिनमें भूमि और शेयर डील्स से जुड़े दस्तावेज जब्त हुए। नए सबूतों के आधार पर सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की गई है। चार्जशीट में खासतौर पर अनिल अब्राहम और जेपी वर्मा की भूमिका रेखांकित की गई है। अब्राहम सहारा के चेयरमैन कोर मैनेजमेंट (सीसीएम) ऑफिस में एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर रहे। बड़े फैसलों व संपत्ति सौदों में केंद्रीय भूमिका निभाते थे। वर्मा को ईडी ने 'लॉन्ग-टाइम एसोसिएट' और प्रॉपर्टी ब्रोकर बताया है। आरोप है कि वह जमीनी स्तर पर नकद लेन-देन और गुप्त सौदे रूट कराने में अहम भूमिका निभाते थे। ईडी का दावा है कि दोनों ने सहारा की संपत्तियों की बिक्री कराई, नकदी को इधर-उधर किया और सियासी व कारोबारी नेटवर्क का इस्तेमाल कर इन्हें वैध दिखाने की कोशिश की।

**अनिल अब्राहम और जितेंद्र प्रसाद वर्मा समेत समूह के कई वरिष्ठ अधिकारी भी आरोपियों में शामिल**



## उपराष्ट्रपति चुनाव से पहले संसद भवन में विपक्षी दलों की बैठक आज

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति पद के चुनाव से पहले कांग्रेस की रविवार को महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

बैठक में कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सोमवार को संसद भवन परिसर में इंडिया गठबंधन की नेताओं की बैठक बुलाई जाएगी और उसमें सभी नेताओं से आग्रह किया जाएगा कि सभी दल सुनिश्चित करें कि इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार के पक्ष में मतदान कर उन्हें विजयी बनाएं। कांग्रेस की इस बैठक में पार्टी नेता प्रमोद तिवारी, जयराम रमेश सहित कई अन्य नेता मौजूद थे। भाजपा की तरह अपने सांसदों के लिए वोट देने से पहले कार्यशाला आयोजित करने के सवाल पर कांग्रेस सूत्रों ने कहा कि गठबंधन के संसदीय दल के नेताओं की बैठक बुलाई जा रही है और उसमें सभी नेता अपने सांसदों को सामूहिक संदेश देंगे। बैठक सोमवार को कब होगी फिलहाल समय तय नहीं किया गया है। सूत्रों ने बताया कि बिहार में सीट बंटवारे को लेकर चर्चा हुई लेकिन कहा गया कि इस बारे में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की मौजूदगी में ही उपराष्ट्रपति पद की चुनाव की बात विचार किया जाएगा।

**'इंडिया' के उम्मीदवार को विजयी बनाने का होगा आह्वान**

## संक्षिप्त समाचार

### मणिपुर में दो साइबर अपराधी और दो उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस और सुरक्षा बलों के साझा अभियानों में साइबर अपराध और गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल चार लोग गिरफ्तार किए गए। मणिपुर की साइबर अपराध पुलिस थाना की एक टीम ने थौबल जिले से शनिवार को दो साइबर अपराधियों को म्यूल बैंक खाता चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया। म्यूल बैंक खाता वैसा खाता होता है, जिसका इस्तेमाल निर्दोष लोगों को फंसाकर जालसाज करते हैं। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों ने दूसरों को बैंक अकाउंट खुलवाने का लालच दिया और अन्य साइबर अपराधियों के साथ मिलीभगत करके साइबर धोखाधड़ी के पैसे को स्थानांतरित करने और जमा करने के लिए उनका इस्तेमाल किया।

### गैंगस्टर बराड़ का सहयोगी गिरफ्तार हथियार बरामद

**चंडीगढ़।** पंजाब में संगठित अपराध के विरुद्ध एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए, एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने विदेशी गैंगस्टर गोल्डी बराड़ के सहयोगी बलजिंदर सिंह उर्फ रैंच को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार को बताया कि आरोपी के पास से पांच पिस्तौल (-32 बोर) और 10 कारतूस बरामद किए हैं। प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि ए हथियार गोल्डी बराड़ के निर्देश पर उसके प्रमुख सहयोगी मलकीत सिंह उर्फ कित्ता भानी के माध्यम से खरीदे गए थे। आरोपी का आपराधिक इतिहास भी है और उसके खिलाफ एनडीपीएस के मामले दर्ज हैं। उन्होंने कहा कि पूरे गठजोड़ का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है।

# योगी को ही आउटसोर्स करने की जरूरत: अखिलेश

## कहा: 2025 का विधानसभा चुनाव जनता का बदलाव लाने वाला जनादेश साबित होगा

**इटावा, वार्ता**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को कहा कि अब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को आउटसोर्स करने की जरूरत है। यहां अपने पैतृक गांव सैफई में समाजवादी समर्थकों से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात करते हुए यादव ने कहा कि आज चाहे आउटसोर्सिंग के भरोसे की बात कही जाए या किसी और की वास्तव में अब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ही आउटसोर्स करने की जरूरत है।

यादव ने कहा कि आगामी 2027 का विधानसभा चुनाव जनता का बदलाव लाने वाला जनादेश साबित होगा। जब भाजपा जाएगी तभी आरक्षण बचेगा, संविधान सुरक्षित रहेगा, गरीबों को सम्मान मिलेगा। विकास तभी होगा, इलाज गरीबों को तभी मिलेगा, रोजगार तभी मिलेगा। यही हमारी जनता की अपेक्षा है। समाजवादी पार्टी के



■ भाजपा जाएगी, तभी आरक्षण बचेगा संविधान सुरक्षित रहेगा, गरीबों को सम्मान मिलेगा

राष्ट्रीय अध्यक्ष कहा कि जब जीएसटी लागू किया गया था, तो यह दावा किया गया था कि इससे व्यापारिक व्यवस्था सरल होगी और कारोबारियों को फायदा पहुंचेगा लेकिन अब भाजपा सरकार गरीबों को राहत देने के नाम पर जीएसटी स्लैब में बदलाव करने को मजबूर हो चुकी है। उन्होंने सवाल उठाए कि यह बदलाव असल में किसके हित में किया जा रहा है। यादव ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जीएसटी लागू होने के समय यह वादा किया गया था कि इससे कारोबारियों को सरल व्यवस्था मिलेगी और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा, लेकिन अब सरकार ने गरीबों के हित के नाम पर जीएसटी स्लैब में बदलाव करने की स्थिति स्वीकार की है। उन्होंने सवाल किया कि आखिरकार अब तक कौन मुनाफा कमा रहा था और किसको फायदा पहुंचाया जा रहा है। यादव ने कहा कि अब चुनाव तक लगभग एक साल का समय बचा है। हम भाजपा सरकार के नौ बजट देख चुके हैं, आखिरी बजट आने वाला है। दिल्ली की सरकार तीसरी बार चल रही है। फिर भी हालात खराब होते जा रहे हैं। हर बार यह बताया गया कि जीएसटी से व्यापार बेहतर होगा, लेकिन इसके उलट अब कई संशोधन करना पड़े। गरीबों को लाभ पहुंचाने के नाम पर स्लैब में बदलाव किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुनाफाखोरी की आदतें इतनी गहराई से जड़ें जमा चुकी हैं कि कोई भी संशोधन उसे नहीं रोक सकता। उदाहरण देते हुए कहा कि पारले जी का बिस्किट, साबुन का पैकेट, क्रीम का डिब्बा छोटे कर दिए गए थे। क्या अब ए बड़े पैकेट में वापस आएंगे? भाजपा राज में मुनाफाखोरी की आदतें इतनी गहरी हो चुकी हैं कि उनका कोई इलाज नहीं है।

# भाजपा की कार्यशाला के दौरान अंतिम पंक्ति में दिखे पीएम मोदी

**नई दिल्ली, वार्ता**

उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर भाजपा अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुट गई है। इस बीच नई दिल्ली में भाजपा सांसदों की दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन संसद परिसर में किया गया। इस कार्यशाला में भाजपा सांसदों को उपराष्ट्रपति चुनाव के संदर्भ में जानकारी दी गई।

कार्यशाला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आम कार्यकर्ता की तरह सबसे पीछे की सीट पर बैठे दिखाई दिए। कार्यशाला के दौरान जीएसटी सुधारों के लिए प्रधानमंत्री मोदी का अभिवादन किया गया और उन्हें सम्मानित किया गया। गोरखपुर से भाजपा सांसद रवि किशन ने एक्स पर पीएम मोदी की एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें प्रधानमंत्री

■ प्रधानमंत्री को जीएसटी सुधारों के लिए किया गया सम्मानित

सबसे अंतिम पंक्ति में बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, भाजपा की कार्यशाला में पीयूष गोयल ने जीएसटी सुधार से जुड़ा धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया।

इसके बाद सांसदों ने जीएसटी सुधारों के समर्थन में प्रस्ताव पारित किया। सांसदों ने जीएसटी सुधारों के लिए प्रधानमंत्री का आभार भी व्यक्त किया। दरअसल, जीएसटी में हुए सुधार से लोगों पर कर का बोझ कम होगा और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। भाजपा और उसके सहयोगी दलों को उम्मीद है कि इस कदम से उन्हें नवम्बर में होने वाले बिहार चुनावों में बढ़त मिलेगी। दो दिनों तक चलने वाली यह कार्यशाला में कई सत्रों का आयोजन किया जा रहा है। इन सत्रों में पार्टी के इतिहास और विकास पर चर्चा के साथ सांसदों के लिए कार्यकुशलता बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा होगी। पंजाब और देश के अन्य इलाकों में बाढ़ से तबाही को देखते हुए 8 सितम्बर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आधिकारिक आवास पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सांसदों के लिए आयोजित होने वाले रात्रिभोज रद्द कर दिया गया। इससे पहले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा की तरफ से सांसदों को शनिवार को दिया जाने वाला रात्रिभोज रद्द कर दिया गया था।

# मायावती ने ट्रम्प टैरिफ पर जताई चिंता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने 'ट्रम्प टैरिफ' के आतंक से उभरी नई चुनौतियों को लेकर रविवार को चिंता जताई और कहा कि इन चुनौतियों से निपटने को लेकर भारत व सत्ताधारी पार्टी भाजपा को जन व देशहित का ध्यान रखते हुए अपनी नीतियों व कार्यक्रमों में ठोस व भारी सुधारवादी रवैया अपनाने की ज़रूरत है।

ऐसा करना जरूरी है वरना देश के विशाल बहुजनों की समस्याएं और भी जटिल होकर देश के मान-सम्मान को भी दुनिया में प्रभावित करेंगी। इससे बचना बहुत जरूरी है। रविवार को पार्टी कार्यालय पर बसपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बैठक कर पार्टी संगठन के गठन व पार्टी के जनाधार को जमीनी स्तर पर



बढ़ाने के लिए चलाए गए अभियान की गहन समीक्षा की। इस दौरान पार्टी द्वारा चलाए गए अभियानों को लेकर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। साथ ही यह निर्देश भी दिया की बाकी बचे कार्य पार्टी संस्थापक मान्यवर कांशीराम की 9 अक्टूबर को पुण्यतिथि पर प्रस्तावित पुण्यतिथि पर होने वाले राज्यव्यापी कार्यक्रम के बाद शुरू किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आगामी 9 अक्तूबर को पार्टी संस्थापक कांशीराम की पुण्यतिथि राजधानी लखनऊ स्थित 'मान्यवर कांशीराम स्मारक स्थल' पर ऐतिहासिक रूप से मनाई जाएगी।

## सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों में इजाफा

# यूपी में अब नौकरियों की बौछार: योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा नवचयनित 1510 अनुदेशकों में से 11 को रविवार को लोकभवन में नियुक्ति पत्र वितरित किए और कहा कि सरकार द्वारा लगातार किए जा रहे प्रयासों के कारण सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों में इजाफा हुआ है। यूपी में अब नौकरियों की बौछार है। मुख्यमंत्री ने राजधानी में तो जिलों में सांसदों और विधायकों ने नियुक्ति पत्रों का वितरण किया। कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन ने मुख्यमंत्री ने पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि 8 वर्ष पहले नियुक्ति



■ मुख्यमंत्री ने नवचयनित 1510 अनुदेशकों में से 11 को नियुक्ति पत्र वितरित किए

पत्र वितरण के ऐसे इवेंट नहीं हो पाते थे। पहले भर्ती प्रक्रिया पूरी ही नहीं होती थी, क्योंकि हर प्रक्रिया में कोई न कोई ऐसा व्यवधान होता था, जिस पर माननीय न्यायालय द्वारा रोक लगा दी जाती थी। शिक्षक, पुलिस, अनुदेशक की भर्ती हो या किसी अन्य विभाग की, इतना पैसा ले लिया जाता था कि वे किसी अभ्यर्थी से आंख मिलाकर बात नहीं कर पाते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब व्यक्ति बेईमानी और भ्रष्टाचार का सहारा लेता है तो उसका नैतिक पतन हो जाता है और वह चेहरा उठाकर बात नहीं कर पाता है। 2017 के पहले सरकार में बैठे लोगों ने यही स्थिति कर दी थी, जिससे यूपी का नौजवान हताश और निराश था। जब नौजवान हताश और निराश होगा, तो अर्थव्यवस्था नीचे गिरेगी ही लेकिन पिछले साढ़े 8 वर्ष में सामूहिक परिणाम हुए, तो आज सरकारी व निजी क्षेत्र में नौकरी के साथ रोजगार भी है। यूपी में अब नौकरियों की बौछार है। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मिशन रोजगार से अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ने का संकल्प दिया है, हम सभी उसमें सहभागी बन सकें, इसके लिए यूपी में पिछले 8 वर्ष के दौरान साढ़े 8 लाख नौजवानों को सरकारी नौकरी उपलब्ध कराने में सफलता प्राप्त की है।

### चयनित युवाओं ने भी ईमानदारी से प्रतिभा का लाभ दिया

हर महीने किसी न किसी आयोग-बोर्ड के माध्यम से नियुक्ति प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया है। जो सख्ती की गई, उसका परिणाम है कि निष्पक्ष भर्ती के तहत चयनित युवाओं ने भी ईमानदारी के साथ सरकार का हिस्सा बनकर अपनी प्रतिभा व ऊर्जा का लाभ यूपी को दिया। उन्होंने कहा कि आठ वर्ष पहले आपने अनुभव किया होगा कि यूपी के साथ दो बातें चस्पा थीं। पहली- यूपी का नौजवान-नागरिक प्रदेश के बाहर जाता था, तो उसके सामने पहचान का संकट होता था। लोग हेय दृष्टि से देखते हैं। इससे नागरिकों के मन में हीन भावना पैदा होती थी। दूसरा हमारे ऊपर बीमारू राज्य का लेवल लगा दिया गया था यानी देश के विकास का बैरियर, जबकि यह राज्य संसाधनों से भरपूर था। जिस राज्य में ईश्वर को भी किसी न किसी अवतार के रूप में बार-बार आना पड़ा। ऐसा राज्य बीमारू हो जाए, कोई खुद को सुरक्षित महसूस न कर सके।



सेंसेक्स 79809.65
निफ्टी 24426.85



सोना रु. 99358
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 122900
प्रति किलो



# जीएसटी सुधार के असर से तय होगी शेयर बाजार की चाल

**मुंबई, वार्ता**

बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों में तेजी के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर जीएसटी सुधारों के जमीनी असर और वैश्विक कारकों पर रहेगी। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की आम लोगों के इस्तेमाल की चीजों पर कर घटाने की घोषणा के बाद वाहन निर्माता कंपनियों ने कीमतों में कटौती करनी शुरू कर दी है।

निवेशकों को इस बात का इंतजार रहेगा कि कौन सा क्षेत्र जीएसटी सुधार के बाद कीमतों में कितनी कटौती करता है। इसके अलावा विदेशों से मिलने वाले संकेतों पर भी उनकी नजर होगी। पिछले सप्ताह दोनों प्रमुख सूचकांकों में एक प्रतिशत से अधिक की तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 901.11 अंक (1.13 फीसदी) की साप्ताहिक बढ़त में 80,710.76 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का



निफ्टी-50 सूचकांक भी 314.15 अंक यानी 1.29 प्रतिशत चढ़कर सप्ताहांत पर 24,741 अंक पर बंद हुआ। मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने ज्यादा विश्वास दिखाया। एनएसई में निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 2.40 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 2.49 प्रतिशत चढ़ा। सेंसेक्स की 30 में से 21 कंपनियों के शेयर साप्ताहिक बढ़त में रहे। महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर में 11.36 प्रतिशत का जबरदस्त उछाल देखा गया। टाटा स्टील का शेयर 8.55 प्रतिशत, बजाज फाइनेंस का 6.82 प्रतिशत, बजाज फिनसर्व का 5.32 फीसदी और इटरनल का 4.77 फीसदी मजबूत हुआ। ट्रेंट में 4.12 प्रतिशत, पावर ग्रिड में 3.65, टाटा मोटर्स में 3.45, एशियर पेंट्स में 2.44, रिलायंस इंडस्ट्रीज में 1.27, एचडीएफसी बैंक में 1.20, एक्सिस बैंक में 1.02 और टाइटन में 1.01 प्रतिशत की तेजी रही। मारुति सुजुकी, अडानी पोर्ट्स और भारतीय स्टेट बैंक में भी साप्ताहिक तेजी रही। सप्ताह के दौरान एचसीएल टेक्नोलॉजीज का शेयर सबसे अधिक 2.47 फीसदी टूट गया। इंफोसिस में 1.71 प्रतिशत, एलएंडटी में 1.31, टीसीएस में 1.17 और हिंदुस्तान यूनीलिवर में 1.01 प्रतिशत की गिरावट रही। कोटक महिंद्रा बैंक, आईटीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट और टेक महिंद्रा भी लाल निशान में रहे।

### शीर्ष सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1,06,251 करोड़ बढ़ा

**मुंबई।** बीएसई की शीर्ष 10 में शामिल सात कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण (एम-कैप) पिछले सप्ताह 1,06,251 करोड़ रुपए बढ़ गया। पिछले सप्ताह रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआई सीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस और एलआईसी का बाजार पूंजीकरण बढ़ा, जबकि शीर्ष 10 की अन्य तीन कंपनियों के एम-कैप में 29,731 करोड़ रुपए की गिरावट दर्ज की गई। बजाज फाइनेंस का एम-कैप सबसे अधिक 37,961 करोड़ रुपए बढ़ा। रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक के बाजार पूंजीकरण में क्रमश: 23,344 करोड़ रुपए और 17,580 करोड़ रुपए की वृद्धि दर्ज की गई। एलआईसी का एम-कैप 15,559 करोड़ रुपए और भारतीय स्टेट बैंक का 4,246 करोड़ रुपए बढ़ा। एयरटेल और आईसीआईसीआई बैंक के बाजार पूंजीकरण में क्रमश: 4,134 करोड़ रुपए और 3,426 करोड़ रुपए की बढ़त दर्ज की गई।

# गेहूं-चावल नरम, खाद्य तेलों में घटबढ़ चीनी और दालें भी सस्ती

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह मंदी रही। चावल के औसत भाव गिर गए। गेहूं में भी गिरावट रही। खाद्य तेलों में घटबढ़ देखी गई, जबकि चीनी और दालों में साप्ताहिक नरमी का रुख रहा। घरेलू थोक जिंस बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 51 रुपए कम होकर सप्ताहांत पर 3,776.83 रुपए प्रति क्विंटल पर रही।

वहीं गेहूं करीब सात रुपए सस्ता होकर 2,848.96 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत कमोबेश स्थिर रही और सप्ताहांत पर यह 3,312.11 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा। सरसों तेल की औसत कीमत 63 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। मूंगफली तेल में करीब 147 रुपए और वनस्पति में 151 रुपए प्रति क्विंटल की साप्ताहिक मंदी रही। सोयाबीन तेल 44 रुपए और सूरजमखी तेल 62 रुपए सस्ता हुआ। वहीं पाम ऑयल 47 रुपए प्रति क्विंटल टूट गया। बीते सप्ताह दाल-दलहनों के दाम घट गए। चना दाल औसतन करीब 67 रुपए प्रति क्विंटल टूट गयी। उड़द दाल में 30 रुपए और दाल मूंग में 52 रुपए प्रति क्विंटल की नरमी देखी गई। तुअर दाल भी 113 रुपए उतर गई। मसूर दाल में 17 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट रही। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में लगातार दूसरे सप्ताह नरमी देखी गयी। गुड़ के औसत भाव 19 रुपए प्रति क्विंटल और चीनी के नौ रुपए प्रति क्विंटल टूट गए। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7893.92 रुपए, मसूर काली 8092.38 रुपए, मूंग दाल 10051.69 रुपए, उड़द दाल 10404.63 रुपए, अरहर दाल 10560.87 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2848.96 रुपए और चावल 3776.83 रुपए प्रति क्विंटल।

# वोट चोरी में भाजपा की मदद क्यों कर रहा चुनाव आयोग: खड़गे

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने चुनाव आयोग पर आरोप लगाया है कि वह कई सालों से वोट चोरी की साजिश में शामिल होकर भाजपा की मदद कर रहा है और उसे स्पष्ट करना चाहिए कि क्या आयोग इस काम के लिए भाजपा का बैक ऑफिस बन गया है।

खड़गे ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में चुनाव आयोग पर सवाल उठाते हुए रविवार को कहा कि क्या चुनाव आयोग वोट चोरी के लिए भाजपा का बैक-ऑफिस बन गया है। मई 2023 के कर्नाटक चुनाव से पहले कांग्रेस ने अलंद निर्वाचन क्षेत्र में बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम हटाने का खुलासा किया और बताया था



■ क्या चुनाव आयोग वोट चोरी के लिए भाजपा का बैकऑफिस बन गया

कि इस सीट पर फॉर्म 7 के आवेदनों में साजिश कर बेहद सलीके से हज़ारों मतदाताओं के अधिकार छीन लिए गए। फिर एक मामला दर्ज किया गया और इसकी जांच में 5,994 जाली आवेदनों का पता चला। यह वोट चोरी के बड़े प्रयास का एक स्पष्ट प्रमाण है। इसके बाद कांग्रेस सरकार ने दोषियों को पकड़ने के लिए सीआईडी जांच का आदेश दिया।

### राजनीति में मील का पत्थर बनी भारत जोड़ो यात्रा : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की कन्याकुमारी से श्रीनगर तक की भारत जोड़ो यात्रा की तीसरी वर्षगांठ पर आज कहा कि यह यात्रा राजनीति में परिवर्तन लाने में मील का पत्थर साबित हुई है और इसका असर अब भी महसूस किया जा रहा है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत आज से तीन साल पहले कन्याकुमारी से हुई थी। इस यात्रा की शुरुआत स्वामी विवेकानंद रॉक मेमोरियल और अन्य ऐतिहासिक स्थलों के दर्शन के साथ हुई, जिसके बाद एक विशाल जनसभा आयोजित की गई थी।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैस्तअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

राव नदीम एडवोकेट जिन्दाबाद
आवाम-ए- हिन्द पार्टी जिन्दाबाद



ऑल इण्डिया
आवाम-ए-हिन्द पार्टी
मिशन-2027
नया विजन-हमारा मिशन
हिन्दू-मुस्लिम साथ चलेगा, एकता का राज चलेगा।
राव नदीम एड.
राष्ट्रीय अध्यक्ष
साथियों हक और इंसाफ के लिए अपनी आवाज बुलंद करने के लिए आवाम-ए-हिन्द पार्टी से जुड़कर राव नदीम एड. के हाथों को मजबूत करें।
Ph. 9027879829, 9411626066

# हत्या में शाहजहांपुर के शुभदीप को उम्र कैद

## चालीस हजार रुपये का अर्थदण्ड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** न्यायालय एडीजे तृतीय व एनडीपीएस एक्ट ने लूट व हत्या के मामले में शाहजहांपुर के शुभदीप को उम्र कैद एवं चालीस हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

अभियोग पक्ष के अनुसार जनपद फिरोजाबाद के स्वामी नगर रेलवे स्टेशन, थाना शिकोहाबाद निवासी भुपेन्द्र सिंह पुत्र मनोहर लाल गुप्ता ने नगीना थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके बड़े भाई रामनारायण अरटिका कार संख्या एचआर 55 एबी 7795 को किराये पर चलाते थे। सात अगस्त 2022 को हरिद्वार के रेलवे स्टेशन के गेट नम्बर दो से नजीबाबाद के लिए पांच हजार रुपए में बुक किया गया था। उसी दिन पौने सात बजे शाम को अभियुक्त ने हाइवे पर स्थित भट्टों के पास नगीना थाना क्षेत्र में गोली मार कर रामनारायण को घायल कर दिया तथा उसे कार से फेंक कर गाड़ी लूट कर भाग गया। बाद में उपचार के दौरान रामनारायण की मृत्यु हो गई। इस मामले में अपर जिला जज प्रशान्त मित्तल ने अपराध सिद्ध होने पर अभियुक्त शुभदीप सिंह को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 302 के तहत आजीवन कारावास एवं 20 हजार रुपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

धारा 394 के तहत 10 वर्ष कारावास व 10 हजार रुपए अर्थदण्ड, आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 के तहत दो वर्ष कारावास एवं दस हजार रुपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

# जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने भेजी राहत सामग्री

## बाढ़ पीड़ितों के लिए सहयोग करने की अपील



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** जमीयत उलेमा ए हिंद शाखा नहटौर की ओर से पंजाब में बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री भेजी गई। बाढ़ पीड़ितों के लिए जरूरतमंद सामान की गाड़ी को लोगों ने रवाना किया। इस मौके पर पंजाब में बाढ़ पीड़ितों के लिए अधिक से अधिक सहयोग करने की अपील की गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार नहटौर के एजेंसी चौराहे पर जमीयत उलेमा हिंद के बैनर तले समाजसेवी एकत्रित हुए। इस मौके पर हाजी अब्दुल कादिर ने कहा कि हिंदुस्तान एक पेड़ है और हम सभी इसकी शाखाएं हैं। यदि किसी एक को दर्द होता है। तो हमारा फर्ज है उसके दुख में शामिल होकर उसकी मदद करें। पंजाब में बाढ़ आने से हजारों की संख्या में लोग बेघर हो गए हैं और उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में हम सभी का फर्ज है कि उनकी मदद की जाए। नहटौर क्षेत्र से पंजाब में बाढ़ पीड़ितों के लिए लगातार राहत सामग्री भेजी जा रही है। इसी के तहत रविवार को एजेंसी चौराहे से 500 गद्दे और 1000 मच्छरदानी के अलावा अन्य सामग्री को लेकर एक ट्रक पंजाब के लिए रवाना किया गया। इस मौके पर पंजाब में बाढ़ पीड़ितों के अधिक से अधिक सामग्री भेजने के लिए अपील भी की गई। इस मौके पर मौलाना नफीस, पूर्व सभासद खुर्शीद आलम अंसारी, फारूक फौजी, रईस अहमद, अबरार अंसारी, असलम सैफी, अशरफ, मौहम्मद यूसुफ, अकरम अंसारी, हाजी राशिद, जाहिद अहमद, वसीम कुरैशी, नफीस अंसारी, अतहर अहमद आदि मौजूद रहे।।

## एक नजर

### चांदपुर में दरिंदा बुजुर्ग गिरफ्तार



**बिजनौर।** चांदपुर थाने में आज वादी ने तहरीर दी थी कि अभियुक्त सुल्तान पुत्र अब्दुल समद निवासी मौहल्ला पतियापाड़ा ने उसके नाबालिग पुत्र के साथ गलत काम किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा अपराध संख्या 495/2025 धारा 352 व 351 (2) बीएनएस एवं 3/4 पॉक्सो एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया था। पुलिस ने अभियुक्त सुल्तान को गिरफ्तार कर लिया है।

### नईम एड. का स्वागत



**नूरपुर।** क्षेत्रीय अधिवक्ता संघ का चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। जिसमें संरक्षक गालिब हुसैन एड., वरिष्ठ अधिवक्ता राम नारायण एड., राजवीर सिंह एड., जयकांत कृष्णा एड. व सतीश कुमार एड. की पांच सदस्य टीम की देखरेख में सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। जिसमें देशराज सिंह एड. को अध्यक्ष, नईम अहमद एड. को महासचिव बनाया गया। नईम अहमद एड. को महासचिव बनाए जाने पर स्योहारा रोड स्थित शोरूम पर सैकड़ों लोगों ने फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में सपा नेता सरफराज सिद्दीकी, तंजील अंसारी, नकुल त्यागी, कासिम सिद्दीकी, मुजाहिद फारुकी, रिजवान सिद्दीकी, ब्रिजेश कुमार, राहुल चौहान, शहजाद अहमद, जावेद अहमद, फारुक अहमद, हुजैफा अंसारी आदि शामिल थे।

### कोतवाली में अर्जुन गिरफ्तार

**बिजनौर।** थाना कोतवाली देहात में 24 अक्टूबर को वादिनी ने तहरीर दी थी कि सुनील, अर्जुन व अरविंद पुत्रगण चन्द्रप्रकाश निवासी ग्राम मंसूरी ने उसके साथ गाली-गलौच व मारपीट करते हुए उनकी बेटी को ले गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा 87, 115 (2) व 352 बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया था। विवेचना के दौरान अभियोग में धारा 61 (2) बीएनएस की वृद्धि की गई। पुलिस ने अभियुक्त अर्जुन को गिरफ्तार कर लिया है।

### अनुदेशकों को बांटे गए नियुक्ति पत्र



**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा जनपद में संचालित राजकीय आईटीआई के विभिन्न व्यवसायों हेतु नवनियुक्त अनुदेशक बृजेश कुमार यादव, सुनील कुमार सिंह, भूपेंद्र प्रताप सिंह, डांडियाल सिंह, गौरव कुमार सिंह, श्रीमती रश्मि अरुण, रामचंद्र, कपिल अग्रवाल, मोहित कुमार एवं अंकित कुमार को आज समारोह में वरिष्ठ भाजपा नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी द्वारा नियुक्ति पत्र दिए गए। अपेक्षा की गई कि अब आईटीआई में अनुदेशकों की कमी काफी हद तक दूर हो जाएगी। आईटीआई के छात्र-छात्राओं को दिए जा रहे प्रशिक्षण में सुधार होगा। इससे वह कुशल कारीगर बन कर देश के विकास में सहायक सिद्ध होंगे। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष अंकुर गौतम, मंडल अध्यक्ष आदमपुर पुष्पराज कमल, पूर्व नगर अध्यक्ष संजीव गुप्ता, कुंवर राजवीर सिंह, राजकीय आईटीआई के प्रधानाचार्य मंजुल मयंक, प्रधान सहायक राकेश शर्मा, फोरमैन दीपक गुप्ता, श्रीमती ज्योत्सना, सत्येंद्र कुमार, नीरज चौधरी, करतार सिंह, कुलदीप जखमोला, संजीव चौधरी, कमल वीर सिंह, निगहत परवीन, देवेंद्र कुमार, राहुल सिंह, सुशील कुमार, अशोक कुमार, श्याम सिंह, धर्मवीर सिंह समेत समस्त आईटीआई स्टाफ स्टाफ उपस्थित रहा।

# सीरतुन्नबी पर कम्पटीशन का आयोजन

## ईनामों से नवाजे जाएंगे विद्यार्थी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** सीरतुन्नबी पर कम्पटीशन का आयोजन किया गया। विजेताओं को ईनामों से नवाजा जाएगा।

प्राप्त समाचार के अनुसार अहमद नगर स्थित एम. मोर्डन पब्लिक स्कूल में आज सीरतुन्नबी पर कम्पटीशन आयोजित किया गया। होप वैलफेयर सोसायटी की ओर से आयोजित हुए कम्पटीशन में कक्षा आठ से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कम्पटीशन के पेपर में 100 सवाल बहुविकल्पीय दिए गए। कम्पटीशन में प्रथम स्थान लाने वाले बच्चे के लिए पहला ईनाम दस हजार रुपए दूसरा ईनाम सात हजार पांच सौ रुपए और तीसरा ईनाम पांच हजार रुपये रखा गया। इनके अलावा अन्य विद्यार्थियों को पुरस्कार दिए जाएंगे। प्रतिभाग करने वाले अभियर्थियों को प्रमाण पत्र दिया जाएगा। इस कम्पटीशन का रिजल्ट और पुरुस्कार 21 सितम्बर को प्राइवेट आईटीआई में दिए जायगे। परीक्षा में कमर अख्तर, मोइनुद्दीन, मौलाना अतीक, कारी अरशद, सरफराज, एहतेशाम निजामी, तनसीर, मौलाना सलमान, उस्मान, मौहम्मद यासिर, वसीम, इमरान, शादान आदि मौजूद रहे। प्रोग्राम में 571 अभियार्थी पंजीकृत थे। जिनमें से 527 अभियर्थियों ने परिभाग किया।

# किरतपुर के सुल्तान मन्नान को एमएलए देखना चाह रहे कद्रदान

## दबे कुचले समाज की लड़ाई लड़ रहे मजबूती के साथ, ड्राइंग रूम की राजनीति से हमेशा रहा परहेज



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** किरतपुर पालिका के चेयरमैन एवं किरतपुर के सुल्तान के नाम से मशहूर अवाम के हीरो अब्दुल मन्नान को उनके कद्रदान अब एमएलए के तौर पर देखना चाहते है। इसकी खास वजह यह है कि मौजूदा नेताओं की तरह वह न तो ड्राइंग रूम की राजनीति करते है और न ही दबे कुचले समाज की लड़ाई से परहेज करते हैं।

गौरतलब है कि किरतपुर का अवाम चेयरमैन अब्दुल मन्नान एवं उनके परिवार से बेहद लगाव रखता है। यही वजह है कि वह बार-बार रिकार्ड वोटों से चेयरमैन पद पर चुनाव जीतते है। उनकी पत्नी रूबीना मन्नान भी किरतपुर नगर पालिका की चेयरपर्सन रह चुकी हैं। उनकी लोकप्रियता का आलम यह है कि सारे विरोधी एकजुट होकर भी उन्हें नहीं हरा पाते है। विरोधियों की एकता और रणनीति चेयरमैन अब्दुल मन्नान की लोकप्रियता के सामने टाय-टाय फुस हो जाती है। किरतपुर का अवाम उनसे बेहद लगाव रखता है। जब विरोधी चुनाव में उन्हें सीधे नहीं हरा पाते है, तो रास्ते से हटाने के लिए आरक्षण का दांव चलवाया जाता है। यह दांव भी फ्लाप हो जाता है। किरतपुर के साथ-साथ बिजनौर व नजीबाबाद का अवाम भी चेयरमैन अब्दुल मन्नान से लगाव रखता है। जितनी लोकप्रियता किरतपुर के सुल्तान अब्दुल मन्नान की उनकी अपने कस्बे में है, उससे कही ज्यादा किरतपुर व नजीबाबाद क्षेत्र में है। नजीबाबाद के देहात क्षेत्र में अब्दुल मन्नान को चाहने वाले हजारों लोग रहते है। ऐसा ही हाल बिजनौर का है। उनके कद्रदान चाहते है कि किरतपुर के सुल्तान अब एमएलए बन जाए। एमएलए बन कर वह दबे कुचले समाज की लड़ाई विधानसभा में ज्यादा मजबूती के साथ उठा पाएंगे और उन्हें इंसाफ दिला पाएंगे। वर्तमान में ऐसा हो नहीं पा रहा है। ज्यादातर नेताओं ने राजनीति को उद्योग समझ लिया है। वह दौलत कमाने में लगे हुए है। वह अपने बच्चों का भविष्य संवार रहे हैं। उन्हें आम जनता के बच्चों के भविष्य की कोई फ्रिक नहीं है। वह न तो आम जनता के लिए अपने आलीशान घरों के दरवाजे खोलते है और न ही थाने व तहसीलों के काम कराते है। वह न तो छोटे मोटे झगड़ों को आपस में फैसला करा कर निपटाते है और न ही भ्रष्ट तंत्र के हाथों लुटने से बचाते है। यह आम जनता को एवं विशेष तौर पर दबे कुचले समाज के लोगों को अपने पास बैठाने से भी परहेज करते हैं। इनके अंदर से उन्हें बदबू आती है और पास में बैठाने से इनकी सान में फ्रक पड़ता है। इसी लिए किरतपुर के सुल्तान अब्दुल मन्नान की सख्शियत को देखते हुए उन्हें एमएलए बनाए जाने की आवाज चारों तरफ से उठ रही है। चेयरमैन अब्दुल मन्नान को निष्पक्ष एवं निर्भिक माना जाता है। वह किसी के नाजायज दबाव में नहीं आते है और न ही आम जनता के हितों से कोई समझौता करते है। कद्रदान उम्मीद कर रहे है कि आगामी चुनाव में वह जरूर एमएलए बनेंगे और मजलूमों की आवाज बुलंद कर उनकी हिफाजत करेंगे।

# होटल में प्रेमी युगल पकड़ा

## युवती के परिजनों ने युवक को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** शेरकोट निवासी एक युवक और युवती को धामपुर के एक होटल में संदिग्ध अवस्था में पकड़ा गया। सूचना पर पहुंचे युवती के परिजनों ने हंगामा खड़ा कर दिया और युवक की पिटाई कर दी। मामले की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में लोग होटल के बाहर जमा हो गए।

बताया जाता है कि युवक और युवती एक ही मौहल्ले के रहने वाले हैं और उनके बीच लंबे समय से प्रेम संबंध थे। हालांकि हाल के दिनों में युवक दूरी बनाने लगा था, जबकि युवती शादी का दबाव बना रही थी। इसी बीच रविवार को दोनों धामपुर के एक होटल में मिले। सूचना पर युवती के भाई मौके पर पहुंच गए और युवक को पकड़कर पीट दिया। हंगामे की खबर मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और दोनों को हिरासत में ले लिया। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। उधर बताया जाता है कि युवक को फंसाने के लिए युवती के द्वारा उसे धामपुर के होटल में बुलाया गया था। ताकि पुलिस के दबाव में उसे निकाह के लिए रजामंद किया जा सके।

# रेंजर अंकिता के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन

## भाकियू का धरना शुरू



**फिरोज बेग**

**रेहड़।** वन विभाग के अधिकारियों पर समस्याएं न सुनने का आरोप लगाते हुए भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) ने अमानगढ़ टाइगर रिजर्व के केहरीपुर जंगल स्थित रेंज कार्यालय परिसर के बाहर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है।

धरना शुरू होने से पूर्व रेंज कार्यालय के पास किसानों को जमा होते देख वनकर्मियों ने परिसर के दोनों गेटों पर ताले जड़ दिए। जिसके चलते किसान परिसर के अंदर प्रवेश नहीं कर पाए। गेट बंद होने पर किसान गेट के बाहर ही धरने पर बैठ गए और वन विभाग के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। धरने का नेतृत्व कर रहे संगठन के तहसील अध्यक्ष सरदार दर्शन सिंह फौजी ने बताया कि किसानों एवं क्षेत्रवासियों की वन विभाग से संबंधित समस्याओं को लेकर वह वन क्षेत्राधिकारी अमानगढ़ अंकिता किशोर से मिलने के लिए केहरीपुर जंगल स्थित रेंज कार्यालय आए थे। ताकि वन क्षेत्राधिकारी को समस्याओं से अवगत कराया जा सके। आरोप है कि वन क्षेत्राधिकारी ने किसानों के आने की भनक लगते ही रेंज कार्यालय परिसर के दोनों मुख्य द्वारों को अंदर से बंद करा दिया। दर्शन सिंह फौजी ने बताया कि दोनों मुख्य द्वारों को खुलवाने और समस्याएं सुनने का अनुरोध किए जाने पर भी कोई सुनवाई न हो सकी। जिससे विवश होकर किसान केहरीपुर जंगल स्थित रेंज कार्यालय परिसर के मुख्य द्वार के बाहर ही अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए हैं। किसानों ने भी गेट के बाहर से ताला जड़ दिया है। दर्शन सिंह फौजी का कहना है कि किसानों की समस्याएं सुनकर जब तक उनका समाधान नहीं किया जाएगा, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

इस दौरान धरने पर दर्शन सिंह फौजी सहित संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष महल सिंह, सलविंदर सिंह, सुखदीप सिंह, स्वर्ण सिंह, राज. कुमार सिंह, वीरेंद्र सिंह, बलविंदर सिंह, कुलविंदर सिंह, रंजीत सिंह, हरपाल सिंह, प्रेम कुमार, रामप्रसाद आदि किसान मौजूद रहे। शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से धरना स्थल पर पुलिस भी मौजूद है। वन क्षेत्राधिकारी अमानगढ़ अंकिता किशोर ने बताया कि किसानों ने अपनी समस्याओं से संबंधित उन्हें कोई ज्ञापन नहीं दिया है।

# सांप के डसने से युवक की मौत

**रेहड़।** ग्राम कल्लूवाला निवासी राजू सैनी (30 वर्ष) पुत्र अमर सिंह रात लगभग ग्यारह बजे अपने घर में चारपाई पर सो रहा था। इसी दौरान उसे सांप ने डस लिया। उस समय वह लेट गया और उसे नींद आ गई। सुबह जब वह नहीं उठा, तो स्वजन उसे पहले धामपुर तथा बाद में बाजपुर (उत्तराखंड) ले गए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सांप द्वारा डसने के दौरान मृतक नशे में था। रात्रि के समय उसने परिजनों को सांप के डसने की बात बताई थी, परंतु नशे में होने के करण परिजनों ने उसकी बात पर विश्वास नहीं किया था। उन्होंने समझा कि शायद वह परेशान करने की नीयत से ऐसा कह रहा है। चिकित्सक द्वारा मृत घोषित करने के बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि मृतक के परिजनों की तहरीर पर शव का पोस्टमार्टम कराकर शव उन्हें सौंप दिया गया है।


**10-10 सीटो पर नि:शुल्क प्रवेश**

विवेक विश्वविद्यालय बिजनौर द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी धर्म व जातियों के आर्थिक रूप से कमजोर एवं मेधावी छात्र / छात्राओं के लिए निम्नलिखित पाठयक्रमो में 10-10 सीटो पर नि:शुल्क प्रवेश किया जाना निश्चित किया है। अपने सभी दस्तावेज सहित विश्वविद्यालय परिसर में सम्पर्क करें।

आवेदन हेतू अंतिम तिथि 23 अगस्त 2025 है।

| | |
|---|---|
| B.Tech (CS) | MBA |
| BCA | MCA |
| BBA | LLB |
| B.Com | LLM |
| BA LLB | M.TECH. |
| B.Sc Microbiology | MSW |
| B.Sc. Computer Sc. | M.Sc. Home Sc. |
| B.Sc Home Sc. | MA Education |
| B.Sc Physics I Chemistry I Maths Botany I Zoology | |

www.vivekuniversity.ac.in

VIVEK UNIVERSITY, BIJNOR

Moradabad Road, Bijnor (U.P.) 246725

CALL NOW: 9837324210, 9927026893


# गायत्री शक्तिपीठ नजीबाबाद में नौ कुण्डीय गायत्री यज्ञ



**नजीबाबाद।** गायत्री शक्तिपीठ में नौ कुण्डीय गायत्री यज्ञ आयोजित किया गया। गायत्री शक्तिपीठ व्यवस्थापक डॉ. दीपक कुमार ने पवित्रीकरण आचमन, न्यास, पृथ्वी पूजन, कलश पूजन, गौरी गणेश पूजन, सर्वतोभद्र वेदिका पूजन कराते हुए वैदिक मंत्रों से आहुतियां लगवायी। पुष्पा शर्मा, कामेश शर्मा ने प्रेरणाप्रद गीत प्रस्तुत किए। सारिका अग्रवाल, रेखा चौहान ने कर्मकाण्ड सम्पन्न कराया। गायत्री शक्तिपीठ अध्यक्ष कमल शर्मा ने गुरु पूजन किया । बलराम राजवंशी, साहिल राजवंशी ने सपत्नीक मुख्य पूजन किया। डॉ. दीपक कुमार ने कहा कि लोक मंगल के लिए जन-जागरण के लिए वातावरण परिशोधन के लिए यज्ञ किए जाते हैं। गायत्री मंत्र गुरु मंत्र है। गायत्री मंत्र महामंत्र है। गायत्री मंत्र सद्बुद्धि का मंत्र है। यज्ञ त्याग का दूसरा नाम है। यज्ञ पर्यावरण शुद्ध करता है। हरिश शर्मा, राज भटनागर, मंगू सिंह एचपी गुप्ता, श्याम कुमारी, रिंकी सिंह, शशि आदि रहे।

# डायरेक्टर डॉ. ईरम नूर सम्मानित

## बच्चों के भविष्य को दी नई दिशा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शिक्षक दिवस पर पब्लिक प्ले स्कूल की डायरेक्टर डॉ. ईरम नूर को शिक्षा क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान और निरंतर सेवाओं के लिए रोटरी क्लब गंगा की ओर से सम्मानित किया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार रोटरी क्लब गंगा के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिक, शिक्षाविद, समाजसेवी और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। रोटरी क्लब गंगा के पदाधिकारियों ने डॉ. ईरम नूर को शाल, स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. ईरम नूर ने शिक्षा जगत में अपने अभिनव प्रयासों और समर्पण से बच्चों के भविष्य को नई दिशा दी है। उन्होंने प्ले स्कूल स्तर से ही बच्चों में रचनात्मकता, नैतिक मूल्यों और सकारात्मक सोच को विकसित करने पर विशेष ध्यान दिया है। उनके प्रयासों से शिक्षा का स्तर बेहतर हुआ है और अनेक बच्चों ने शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल की हैं।

सम्मान प्राप्त करने के बाद डॉ. ईरम नूर ने रोटरी क्लब गंगा और उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं, बल्कि उन सभी शिक्षकों का है, जो तन-मन-धन से बच्चों के उज्जवल भविष्य के निर्माण में लगे हुए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आगे भी वे समाज और शिक्षा क्षेत्र में नई पहल करती रहेंगी और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव कार्यरत रहेंगी।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

‘शाह टाइम्स’

की शत-प्रतिशत गारंटी

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

मोबाइल नम्बर:- 9927777377

samiullah.bijnor@gmail.com

# पीईटी की वजह से मुख्यालय पर लगा जाम

## यातायात व्यवस्था बुरी तरह चरमराई, आम जनता रही परेशान





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** पीईटी की परीक्षा आज दूसरे दिन भी जिले के 22 परीक्षा केन्द्रों में दो पालियों में शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई। लेकिन परीक्षा की वजह से मुख्यालय पर जाम लग गया और आम नागरिक परेशान रहे। यातायात व्यवस्था बुरी तरह से चरमरा गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज दूसरे दिन भी पीईटी की परीक्षा हुई। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम रहे। सभी केंद्रों पर सुरक्षाकर्मी तैनात रहे। परीक्षा केंद्रों के बाहर परीक्षार्थियों की भीड़ लगी रही। जो परीक्षा केंद्र मुख्य मार्गो पर थे, वहां पर जाम लगा रहा। जिसकी वजह से वाहन जाम में फंस गए। रविवार के दिन बाहर जाने व आने वाले नागरिकों को भारी परेशानी हुई।

इस बीच परीक्षा केंद्रों के बाहर दूसरी पाली का इंतजार कर रहे परीक्षार्थियों के अभिभावक अपने वाहनों के साथ खड़े रहे। परीक्षा को नकल विहीन, शांतिपूर्वक एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न करने के लिए आला अफसर परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण भी करते रहे। डीएम जसजीत कौर ने सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रारंभिक अर्हता परीक्षा को शासन द्वारा निर्गत दिशा निर्देशों के अनुरूप संपन्न कराया जाए, ताकि किसी भी स्तर पर कोई व्यवधान न होने पाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि कोई भी परीक्षार्थी परीक्षा कक्ष में मोबाइल तथा किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक गैजेट लेकर प्रवेश न करने पाए तथा सघन तलाशी के उपरांत ही परीक्षार्थी को परीक्षा कक्षा में प्रवेश कराएं। इसी वजह से परीक्षा केंद्रों पर चैकिंग की सख्त व्यवस्था की गई थी। पुरुषों व महिलाओं के लिए चैकिंग की अलग-अलग व्यवस्था की गई थी। परीक्षा शांतिपूर्वक सम्पन्न होने पर प्रशासन ने राहत की सांस ली है।

## चलते-चलते रेलवे फाटक पर गिरे व्यक्ति की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** रविवार की देर शाम जैतरा रेलवे फाटक के पास एक व्यक्ति की अचानक मौत हो गई। चलते-चलते अचानक गिरने से उसकी मौके पर ही सांसें थम गईं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पहचान कराने के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक रविवार शाम को एक व्यक्ति रेलवे फाटक की तरफ पैदल जा रहा था। अचानक वह सड़क पर गिर पड़ा। उसे गिरता देख आसपास लोग इकट्ठा हो गए। तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सीओ अभय पांडे ने बताया कि मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उनकी शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। इस घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल है। लोग विभिन्न आशंकाएं जता रहे हैं कि मौत हार्ट अटैक से हुई है या किसी अन्य कारण से।

### जहरीले पदार्थ के सेवन से नवविवाहिता की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** गांव बेगराजपुर में नवविवाहिता के जहरीले पदार्थ का सेवन करने से मौत हो गई। मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम बेगराजपुर निवासी रोहित की शादी करीब 3 माह पूर्व मंडावली थाना क्षेत्र के गांव रमपुरा चट्टा निवासी पूजा (21 वर्ष) से शादी हुई थी। बताया जाता है कि पूजा अपने मायके में रह रही थी। रविवार को रोहित उसे लेकर अपने घर आया था। इसी दौरान उसने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। उसकी हालत बिगड़ने पर सीएचसी नहटौर में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया। थाना अध्यक्ष धीरज नागर ने बताया कि अभी इस मामले में कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## भाकपा की बैठक में समस्याओं पर चर्चा

### चंडीगढ़ में आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन को सफल बनाने की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की एक बैठक डूडा कॉलोनी में आयोजित की गई। बैठक में मुद्दों विभिन्न वर्गों की समस्याओं पर चर्चा की गई। साथ ही सदस्यता ग्रहण कराई गई।



प्राप्त समाचार के अनुसार मौहल्ला बायपास स्थित डूडा कॉलोनी के सामने कामरेड गुलाम साबिर सिद्दीकी के आवास पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार जनता से किए वादों के विपरित कार्य कर रही है। काला धन वापस लाने की बात पर सरकार चुप्पी साधे हुए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार जन विरोधी, मजदूर विरोधी, युवा विरोधी को लेकर संघर्ष करती रहेगी। उन्होंने कहा कि आज के समय में महंगाई चरम सीमा पर है, जिससे गरीब वर्ग को काफी परेशानी का सामना झेलना पड़ रहा है। रोजमर्रा उपयोग में आने वाली चीजें महंगी होने से जनता को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। महंगाई के चलते बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। रोजगार के अवसर प्रदान नहीं हो पा रहे है। सरकार बिजली का निजीकरण कर रही है। सरकार कभी कभी जनता के मूलभूत सवालों से ध्यान हटाने के लिए सां. प्रदायिकता को बढ़ाने का काम करती है। जिससे जनता का ध्यान हट सके। साथ ही उन्होंने कम्युनिस्ट पार्टी का जनाधार बढ़ाने की अपील की की। साथ ही उन्होंने पार्टी के लोगों से पंजाब में बाढ़ पीड़ितों की मदद करने की अपील की। उन्होंने आगामी 21, 22, 23 व 24 सितंबर को चंडीगढ़ में होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन में पहुंचकर अधिवेशन को सफल बनाने की अपील की।

बैठक में कामरेड नरेश चंद्रा, अजय सिंह, मौ. फारुख, सरफराज अहमद, अमीर अहमद, शकील अहमद, असद फारूकी, गजराज, हाकिम, सिद्दीक आदि उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता कामरेड गुलाम साबिर सिद्दीकी तथा संच. ालन कामरेड मकसूद राणा ने किया।

# बिजनौर में गंगा कर रही बुरी तरह कटान

## बैराज से रावली जाने वाला तटबंध कई जगह बहा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** पहाड़ों पर भारी बारिश की वजह से गंगा उफान पर है। गंभीर बात यह है कि गंगा नदी बैराज से रावली जाने वाले तटबंध को अपने साथ बहाकर ले जा रही है। जिससे हालात खराब हो सकते है।





प्राप्त समाचार के अनुसार पहाड़ों पर भारी बारिश एवं हरिद्वार के हथनी कुंड से पानी छोड़े जाने के कारण गंगा का जल स्तर बढ़ रहा है। गंगा उफान पर है। गंगा की तेज धार लगातार बिजनौर की तरफ रूख कर रही है। पूर्व के वर्षों में भी देखा गया है कि गंगा नदी मुजफ्फरनगर की तरफ जमीन छोड़ कर लगातार बिजनौर की तरफ बढ़ रही है। जनपद की कृषि भूमि का लगातार कटान हो रहा है। गंगा खादर क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीण कटान को रोकने के लिए बरसों से तटबंध बनाए जाने की मांग कर रहे है। नेता व अधिकारी बरसात के मौसम में कटान के दौरान हर बार दावा करते है कि तटबंध का निर्माण इस तरह से कराया जाएगा कि फिर गंगा से जनपद की भूमि का कटान नहीं होगा। लेकिन नेताओं व अधिकारियों के द्वारा फर्जी घोषणाएं की जाती है। गंगा लगातार जनपद के किसानों को नुकसान पहुंचा रही है। वर्तमान में भी गंगा मौअज्जमपुर से लेकर चांदपुर तक जनपद में कृषि भूमि का कटान कर रही है। बैराज से रावली तक मौजूद तटबंध को भी कटान से नुकसान पहुंच रहा है। अगर इसी तरह कटान जारी रहा, तो तटबंध पूरी तरह समाप्त हो जाएगा। इससे जनपद के लिए खतरा पैदा हो जाएगा। भाजपा सरकार में नेता इसे लेकर कतई गंभीर नहीं है। वह तटबंधों के निर्माण के लिए सरकार तक पहुंच नहीं बना पा रहे है।

## व्यापारी एकता परिषद के प्रदेश मीडिया प्रभारी बने डॉ. मुनेन्द्र चौधरी

**बिजनौर।** व्यापारी एकता परिषद के सदस्यता अभियान को जारी रखते हुए एक बैठक प्रदेश महामंत्री देवेश चौधरी के प्रतिष्ठान पर संपन्न हुई। जिसमें प्रदेश संरक्षक एम.पी. सिंह एवं प्रदेश अध्यक्ष राहुल वर्मा एवं प्रदेश उपाध्यक्ष शमशाद अंसारी की संस्तुति पर कुछ पदों पर घोषणा की गई। गंज निवासी डॉ. मुनेन्द्र चौधरी को संगठन का प्रदेश मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। साथ ही सुमित चौधरी को जिला मंत्री घोषित किया गया। आगामी माह में होने वाले कार्यक्रम पर चर्चा की गई।

# हास्योत्सव में देर रात तक कहकहे लगाते रहे दर्शक

## फिल्मी कलाकार हेमंत पांडे व हुक्का बिजनौरी ने दर्शकों को खूब हंसाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** बीती रात जिला कृषि औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी के कार्यक्रमों की श्रृंखला में इन्दिरा बाल भवन में सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था निर्मल फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम 'हास्योत्सव' अमित छाप छोड़ने में कामयाब रहा। सभाग में उपस्थित हर शख्स कहकहे लगाने पर मजबूर हो गया। कलाकार देर रात तक दर्शकों को गुदगुदाते रहे।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सांसद चंदन चौहान, विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ भाजपा उत्तर प्रदेश डॉ. बीरबल सिंह, सम्मानित अतिथि चेयरपर्सन श्रीमती इंदिरा सिंह, अधिशासी अधिकारी विकास कुमार, प्रसिद्ध फिल्म कलाकार हेमंत पांडे, निर्देशक नारायण चौहान व दीप अंजुम ने मां सरस्वती व भगवान नटेश्वर की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम संयोजक आशीष अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल, कार्यक्रम अध्यक्ष श्रीमती शानू जिंघाला, मौहम्मद शारिक, तुषार चौधरी व राजा जिंघाला आदि ने अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र व प्रतीक चिंह भेंट कर किया। कार्यक्रम में नाटक, कविता, मिमिक्री व नारायण चौहान और दीप अंजुम द्वारा निर्देशित नाटक अंधेर नगरी का मंचन किया गया, जिसे दर्शकों ने पसंद किया।



कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहे प्रसिद्ध फिल्म व टीवी कलाकार हेमंत पांडे जिन्होंने अपने विशेष अंदाज में दर्शकों को खूब हंसाया। फसादे इश्क नाटक भी अपनी छाप छोड़ने में कामयाब रहा। प्रसिद्ध हास्य कवि हुक्का बिजनौरी के हंसगुल्लों ने दर्शकों को खूब हंसाया। निर्मल फाउंडेशन, रंग आश्रम व नटेश्वर आर्ट द्वारा प्रस्तुत इन नाटकों में मनीषा, रवि, सैम, सिद्धांत, दिव्यांशी, हर्षल, सृजन, इशिता, ऐनि, अभिषेक ने दमदार अभिनय किया। साथ ही सुशील शर्मा, नरेंद्र शिखर, अनुराग शर्मा, मौहम्मद शान, मनोरंजन शर्मा, एश्वर्य, ईशिका आदि ने सहयोग किया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि चंदन चौहान, डॉ. बीरबल सिंह, श्रीमती इंदिरा सिंह, विकास कुमार अधिशासी अधिकारी आदि ने हेमंत पांडे, नारायण चौहान, शिव प्रतीक व दीप अंजुम व सभी कलाकारों को प्रतीक चिंह और अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया।

## एक नजर

### फीता काटकर किया उद्घाटन



**सहसपुर।** स्थानीय अब्दुल्ला फार्म हाउस के सामने रॉयल चिकन रेस्टोरेंट का शुभारंभ हुआ। इसका शुभारंभ नगर के समाजसेवी डॉ. मेरा. जुद्दीन व भाजपा नेता फहीम अहमद ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर संचालक ने कहा कि वह यात्रियों और स्थानीय लोगों के लिए एक नई सुविधाएं प्रदान करेंगे। इस होटल में आधुनिक सुविधाओं और आरामदायक कमरों के साथ-साथ स्वादिष्ट भोजन की भी व्यवस्था है। संचालक अरहम व अकरम ने बताया कि इसको बनाने का उद्देश्य नगर में यात्रियों के लिए एक आरामदायक और सुविधाजनक ठहरने का स्थान प्रदान करना है। भाजपा नेता फहीम अहमद के साथ काशिफ नईम ने शुभारंभ अवसर पर सुविधाओं और व्यवस्थाओं की प्रशंसा की।

### प्रदेश अध्यक्ष ब्रह्मपाल का स्वागत



**बिजनौर।** राष्ट्रीय लोक दल के सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कर्नल ब्रह्मपाल तोमर का आवास विकास कॉलोनी में जोरदार स्वागत किया गया। उनके साथ ही संगीता धोरे का भी जनपद में आगमन हुआ। जब इनका काफिला इंदिरा पार्क के सामने आवास विकास कॉलोनी पर पहुंचा, तो वहां पर वरिष्ठ रालोद नेत्री पूनम चौधरी के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाओं ने ब्रह्मपाल तोमर व संगीता दोहरे का जोरदार स्वागत किया। स्वागत करने वालों में श्रीमती रीता शर्मा, बरखा देशवाल, प्रीति देशवाल, आदेश, मिथिलेश, शीला, सुनीता सोनी, मधुबाला, सुमित्रा, कुंती, प्रमोद देवी, सुमन, इंद्रमणि, खिलेंद्र सिंह, रामेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### शोरूम का शटर काटकर चोरी

**कोतवाली देहात।** बिजनौर निवासी इजहार अहमद का नहटौर मार्ग पर टीवीएस का शोरूम है। शनिवार की रात्रि शटर काटकर चोर शोरूम में घुस गए और शोरूम में खड़ी दो बाइक, कैमरे की डीवीआर, इनवर्टर तथा दो बैटरे भी चोरी करके ले गए हैं। पीड़ित इजहार अहमद ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बिजनौर कलेक्ट्रेट में निकला सांप



**बिजनौर।** कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में रविवार को एक घोड़ा पछाड़ सांप निकल आया। कर्मचारियों ने सांप को देखते ही वन विभाग को सूचना दी। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आधे घंटे की मेहनत के बाद सांप को पकड़ लिया। टीम ने इसे आरक्षित वन क्षेत्र में छोड़ने के लिए ले गई। वन क्षेत्राधिकारी महेश गौतम के अनुसार, यह रेट स्नेक करीब 7 फीट लंबा था। सांप नाली में छिपा हुआ था। रविवार की छुट्टी होने के कारण कलेक्ट्रेट में आम लोगों की आवाजाही नहीं थी। सामान्य दिनों में यहां अधिकारियों और आम लोगों की भारी भीड़ रहती है।

### बारिश से तापमान में गिरावट



**नगीना।** रविवार को मौसम ने करवट बदली। दोपहर के बाद आसमान में काले बादल छा गए। कुछ देर बाद तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश से तापमान गिरकर 30 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। कोतवाली देहात क्षेत्र में कहीं बारिश हुई तो कहीं मौसम सूखा रहा। बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली। रविवार की सुबह मौसम में गर्माहट थी। लेकिन दोपहर बाद बादलों ने आसमान को ढक लिया। वर्तमान में कोतवाली देहात में बारिश जारी है। इससे मौसम सुहावना हो गया है। क्षेत्र के कुछ हिस्सों में अभी भी सूखा मौसम बना हुआ है।

## नुमाइश में तीन महिलाओं के बीच जमकर हुई मारपीट



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नुमाइश मेले में तीन महिलाओं के बीच जमकर मारपीट हुई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। लोगों ने दावा किया है कि यह नुमाइश मेले का वीडियो है। जहां पर तीन महिलाओं में आपस में जमकर लात घुसे चले। वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

**संबंध विच्छेद सूचना**

मैंने अपने पुत्र जगजीत सिंह व पुत्रवधू शालिनी निवासीगण काशीरामपुर, कोटद्वार (उत्तराखण्ड) को इनकी हरकतों से तंग आकर अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके किसी भी कार्य व लेनदेन का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

**-बलदेव सिंह पुत्र लाल सिंह निवासी ग्राम भजड़ावाला, परगना बढ़ापुर, तहसील नगीना, जिला बिजनौर।**

# नहटौर में कुत्तों व बंदरों का आतंक

## छह को कुत्तों ने तथा एक महिला को बंदर ने काटकर किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** अलग-अलग पांच स्थानों पर दो बालिकाओं सहित 6 महिला पुरुषों को कुत्तों ने काटा तथा एक महिला को बंदर ने काटकर घायल कर दिया। ग्राम बेगराजपुर की दो बालिकाओं को जिला अस्पताल रैफर किया गया।



प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम बेगराजपुर निवासी मुविसरा (6 वर्ष) पुत्री इस्तकार, अलीना पुत्री फिरोज शनिवार को अपने घर के बाहर खेल रही थी। बताया जाता है कि गांव के पागल कुत्ते ने दोपहर में बालिकाओं पर हमला कर दिया। उनकी चीख पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे। बामुश्किल बालिकाओं को कुत्ते से छुड़ा कर उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। इसके अलावा शुभम पुत्र विपिन ग्राम मौहम्मदपुर, रूबी पुत्री प्रमोद ग्राम ननूशेरपुर, शप्पती पुत्री परविंदर ग्राम भुरापुर, गीता पत्नी अमरजीत ग्राम आंकू को गांव के कुत्तों ने काट लिया। इनके परिजनों ने उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया। सीएचसी में वैक्सीन इंजेक्शन लगाकर उन्हें घर भेज दिया गया। इसके अलावा ग्राम कश्मीरी निवासी रीता देवी पुत्री सुधीर कुमार को बंदर के काट ने पर उसके परिजनों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया। लगातार कुत्तों व बंदर के काटने की घटनाएं बढ़ने पर नागरिकों में दहशत का माहौल है। उन्होंने प्रशासन से कुत्ते व बंदर पकड़वाए जाने की मांग की है।

अधिशासी अधिकारी ओम गिरी ने बताया कि नगर क्षेत्र में कुत्ते पकड़ने का अभियान दो बार चलाया जा चुका है, जिसमें 41 कुत्तों को एजेंसी द्वारा पकड़वाया गया है। लगातार यह अभियान जारी है।

चिकित्सा प्रभारी डॉ. आशीष आर्य ने बताया कि कुत्ते, बंदर, सांप, बिल्ली व छिपकली काटने पर घबराने की आवश्यकता नहीं है। झाड़-फूंक के चक्कर में न पड़कर सीएचसी में आकर वैक्सीन लगवाएं। वैक्सीन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।

# दो पक्षों में खूनी संघर्ष, चार गंभीर घायल

**हल्दौर।** दो पक्षों में मामूली कहासुनी के बाद लाठी-डंडे चलने से चार घायल हो गये।

प्राप्त समाचार के अनुसार क्षेत्र के ग्राम शाहनगर में मामूली कहासुनी के बाद दो पक्षों में विवाद इतना बढ़ गया कि लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से जमकर संघर्ष हो गया। इस झगड़े में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल मिथलेश, सुमित कुमार, मंशा देवी व ललिता देवी को परिजनों ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। पीड़ित पक्ष चंद्रपाल सिंह ने आरोप लगाया कि विपक्षियों ने घर पर पथराव कर दरवाजे आदि तोड़ दिए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों पक्षों ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चालकों को तेल नहीं देना बेहतर कदम : वीरेन्द्र राजपूत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** बिना हेलमेट पेट्रोल नहीं आदेश अच्छा है। मगर इसमें दिक्कते वाहन चालक से ज्यादा पेट्रोल पम्प स्वामियों के सामने हो सकती है। अक्सर देखा गया है कि युवा बिना हेलमेट के जबरन पेट्रोल पम्प कर्मी पर दबाव बनाते है, गुण्डागर्दी करते है, यहां तक की मारपीट तक उतारू हो जाते है।



समाजसेवी वीरेन्द्र राजपूत का कहना है कि बिना हेलमेट किसी भी दुपहिया वाहन चालक को तेल नहीं देना चाहिए, मगर इस सिस्टम को फॉलो करने के लिये पुलिस को पहले एक अभियान चलाने की जरूरत है। जिसमे लोगों को इसके प्रति जागरूक किया जा सके। पुलिस की ड्यूटी पम्प पर लगी रहने से दुपहिया वाहन चालकों की संख्या घटने, पम्प पर आने पर उसका चालान कटने का डर उसे सतायेगा आदि कई बाते है। उनका कहना है कि सड़क पर बिना हेलमेट दुपहिया वाहन नहीं चलने दिया जाये, हेलमेट अनिवार्य होना चाहिए। इस बीच गत दिवस एक बैठक पुलिस और पम्प स्वामियों के बीच भी हुई, जिसमें पम्प स्वामियों ने बिना हेलमेट दुपहिया वाहना चालकों को तेल नहीं पर अपनी-अपनी बात रखी। जिसमें कहा भी गया कि यह कैसे पहचाना जाये कि हेलमेट लगाये वाहन चालक कोई बदमाश तो नहीं, पम्प सेल्समेन को ही लूट ले भागे? ऐसे कई सवाल आये। पम्प स्वामियों ने कहा कि पुलिस पम्पों से कुछ दूरी पर वाहन चैकिंग करे, बिना हेलमेट वाहन चालकों को पकड़े, पम्प पर जमे रहने से उनके व्यापार प्रभावित होगा। ऐसे में पेट्रोल पम्प स्वामियों के सामने बड़ी समस्या है जिसको लेकर वे चिंतित ही नहीं बल्कि अपने घटते व्यापार को लेकर भी पशोपेश में है। पेट्रोल पम्पों पर सीसीटीवी कैमरे ही काफी नहीं बल्कि सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस ड्यूटी हो तो ज्यादा बेहतर रहेगा। वाहन चैकिंग अभियान के दौरान बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले का चालान अवश्य काटा जाना चाहिए। बिना हेलमेट तेल नहीं अभियान का हम स्वागत करते है।

# 'हंगामा' समिति ने किया सम्मानित



**धामपुर।** हंगामा लोक सामाजिक साहित्य समिति द्वारा गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी ग्यारह दिवसीय गणेश चतुर्थी महोत्सव का आयोजन चवन्नी वाला चौराहा स्थित सांई धाम पर बड़े ही आध्यात्मिक वातावरण में किया गया। अंतिम दिन श्रद्धालुओं ने गणेश जी को नम आंखों से विदाई दी तथा हरिद्वार में गंगा नदी में विसर्जन किया गया। इससे पूर्व नगर में जगह-जगह आरती उतारकर गणेश जी की विदाई दी गई। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक डॉ. जितेन्द्र कौशिक व निर्मला कौशिक तथा संस्थापिका राखी कौशिक व उपासना कौशिक ने उपस्थित अतिथियों को सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में सभासद सुमित माहेश्वरी, नवनीत धनोरिया, अंकुर शर्मा, ज्योति शर्मा, स्वाति, रामकली, मंजू, आशा, वैष्णवी ठाकुर, अनिता, रानी, ललिता, श्री गणेश चौथ समिति के संयोजक विजय जैन, सह संयोजक संयम जैन, शशिबाला शर्मा, सुदेश शर्मा, डॉ. सारंग असीम, राजेन्द्र शर्मा, डॉ. पंकज शर्मा (अध्यापक), दीपेन्द्र सिंह चौहान (अध्यापक), मुकेश शर्मा, डॉ. राजमोहन विश्वास, हिमांशु विश्वास, रवि चौहान, मनु शर्मा, सुनीता गोस्वामी, दीपा सैनी, सीमा सिन्हा शामिल रहे। वहीं सार्थक रस्तौगी, लक्ष्य सैनी, राज सैनी, हर्ष गोस्वामी, खुशी गोस्वामी, श्रियांश गोस्वामी व विशाखा शर्मा के अलावा बालादेवी शर्मा, विजय शर्मा, चंचल शर्मा के अलावा नगर के पत्रकारों को सम्मान पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया।

# पंजाब में बाढ़ पीड़ितों के लिए दुआएं

## राहत पहुंचाने का सिलसिला जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** आजाद समाज पार्टी के जिला प्रभारी मौहम्मद ताहिर के निवास मौहल्ला कटकुई में दुआएं रहम कराई गई।



मस्जिद मौल्वियान के ईमाम मुफ्ती सुहैल ने दुआ कराते कहा कि पंजाब में बाढ़ग्रस्त इलाकों में फंसे लोगों के लिए चारों ओर से मदद की जा रही है। हर तरह का सामान उन तक पहुंचाया जा रहा है। ऐसे में हमारे नबी पाक स. का भी फरमान है कि हमें अपने पड़ौसी, देश के उन लोगों की मदद करनी चाहिए। जिनको बुरे हालात में मदद की जरूरत होती है। आईये हम सभी उनके लिए रहम व अमन कायम होने की दुआ करे। मौहम्मद ताहिर ने कहा कि हम सभी को अपने देश के उन जरूरतमंद भाईयों की मदद करनी चाहिए और उनके लिये दुआ करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज हमारे देश के पंजाब, राजस्थान, हिमाचल और कई अन्य सूबे बाढ़ से प्रभावित है। खासतौर से पंजाब के लोगों को काफी नुकसान है। उनके खाने, पीने, रहने, सहने व पशुओं के चारे आदि की बड़ी दिक्कत सामने है। ऐसे में हमें चाहिए कि हम किसी तरह उनकी मदद को आगे आये और दुआएं करे कि ऊपर वाला रहम करे, अमन कायम करे। आजाद समाज पार्टी के जिला प्रभारी मौहम्मद ताहिर के निवास मौहल्ला कटकुई पर आयोजित दुआएं रहम अमन में बड़ी संख्यां में उलेमाओं, नागरिकों ने हिस्सा लिया तथा देश और दुनियां में अमनो अमान कायम रहने की दुआएं की। दुआ में मुफ्ती सुहैल ने दुआ करायी।

इस दुआ में मस्जिद मौलवियान के मुफ्ती सुहैल, मौलवी अकबर, शमीम अहमद, मौहम्मद चांद, नूर मौहम्मद उर्फ पप्पू, सरवर उर्फ जोंटी, जावेद अहमद, सैयद अफजाल अहमद, डॉक्टर जावेद, मौहम्मद नरसिर नेता, नसीमुद्दीन मनिहार, नजाकत अहमद, शकील अहमद, डॉ. अतिकुर्रहमान, नौशाद अहमद, रईस अंसारी, बब्बू अहमद, अकरम अंसारी, हाफिज निसार अहमद आदि इस दुआएं रहम अमन में शामिल हुए।

## एक नजर

### गणेश की प्रतिमा का विसर्जन



**हल्दौर।** मौहल्ला रईसान में धोबी समाज के श्रद्धालुओं द्वारा गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। ढोल-नगाड़ों की थाप और अबीर-गुलाल के बीच निकली शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए बैराज गंगा घाट पहुंची। पूरे मार्ग में नगरवासियों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से नगर का माहौल भक्तिमय हो उठा। शोभायात्रा के समापन पर गंगा घाट पर विधि-विधान के साथ भगवान गणेश की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस मौके पर मनोज कुमार, गौरव, मनोज, मोनी, दुष्यंत, मोहित, विजय, कौशल, लक्की आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

### गंगा बैराज पर मूर्तियों का विसर्जन



**किरतपुर।** अग्रवाल धर्मशाला मौहल्ला झंडा और प्राचीन मंदिर में हवन पूजन के साथ गणपति महोत्सव का कार्यक्रम समाप्त किया गया। तीनों स्थानों से भगवान गणेश की मूर्ति को बैराज गंगा घाट ले जाने के लिए शोभायात्रा निकाली गई। विशाल विसर्जन शोभायात्रा में गुलाल एवं पुष्प वर्षा की गई। विसर्जन यात्रा में श्रद्धालु बैंड बाजों व ढोल नगाड़ों की थाप पर गणेश के जय घोष के साथ नाचते गाते चल रहे थे। गणपति मूर्तियों को विसर्जन के लिए गंगा बैराज घाट ले जाया गया। इससे पूर्व बस स्टेंड स्थित अग्रवाल परिवार द्वारा गणेश जी की शोभायात्रा का पुष्प अर्पित कर स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में विजय प्रकाश, पंकज, राजीव, मनोज, कपिल, नवीन, सचिन, शौर्य, ऋतिक, वंश, तन्नू, नित्या, वैष्णो, वंशिका आदि रहे। विसर्जन शोभायात्रा से पहले अग्रवाल धर्मशाला में हवन पूजन पंडित सूर्य दीप शर्मा उर्फ पम्मी पंडित ने कराया। कार्यक्रम में राजेश वर्मा, अनित वर्मा, सोनू वर्मा, संजय जैन, चंद्र प्रकाश पाल, गौरव पराशर, दीपक पराशर रहे। मौहल्ला झंडा में हवन पूजन पंडित गणेश दत्त ध्यानी ने कराया। कार्यक्रम में रीगल गिरि, निशांत गिरी, दीपक गिरि आदि ने सहयोग किया।

### सुन मां अंजनी के लाल...



**धामपुर।** सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। स्योहारा रोड स्थित मुन्नी देवी मंदिर के सामने आजाद चौहान एडवोकेट के आवास पर श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। भजन सुन मां अंजनी के लाल मुझे तेरा एक सहारा, मुझे अपनी शरण में ले लो मैं बालक हूं तुम्हारा, यह भजन सबको खूब पसंद आया। सब ने तालियां बजाकर उत्सव वर्धन किया। अंत में संस्था द्वारा आयोजक परिवार को श्री राम दरबार चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजक परिवार में अजय चौहान एडवोकेट, रीता चौहान, ध्रुविका चौहान, वानया कुमारी, मयंक चौहान, अमित चौहान, दीप सौरभ चौहान आदि शामिल रहे। श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल से रामप्रकाश वर्मा, मनोज रस्तोगी, सुनील चौहान, प्रीतम सैनी, संदीप भारद्वाज, नंदकिशोर रस्तोगी, सर्वेश गिरी आदि शामिल रहे। अंत में बजरंगबली बाबा की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया सबने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

### भाकियू ने पंजाब भेजी राहत सामग्री



**चांदपुर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत ब्लॉक जलीलपुर के कार्यकर्ताओं द्वारा एकत्र की गई खाद्य सामग्री पंजाब बाढ़ पीड़ितों व पशुओं के लिए 521 कट्टे चौकर व कुछ राहत सामग्री की गाड़ी को मुख्य अतिथि जिला सुनील प्रधान व युवा जिला अध्यक्ष मनप्रीत सिंह सिद्धू द्वारा रवाना की गई। इस मौके पर ब्लॉक जलीलपुर से भारतीय किसान यूनियन टिकैत ग्रुप से जिला उपाध्यक्ष जसवंत सिंह नामधारी, जिला उपाध्यक्ष मौहम्मद याकूब, प्रताप सिंह युवा मंडल उपाध्यक्ष, जितेंद्र सिंह विशेष सचिव बिजनौर, आशु चौधरी, शमशेर सिंह तहसील अध्यक्ष, चौधरी हरिदास सिंह, बलजीत सिंह, सोमपाल सिंह, जसविंदर सिंह, राजकुमार, रोहतास प्रधान, बलजीत सिंह नाहटौर, नफीस अहमद, बब्बू शेख चांदपुर, मनोज शर्मा, नितिन कुमार, सचिन कुमार, मीडिया प्रभारी मौहम्मद हनीफ ब्लॉक जलीलपुर, तहसील चांदपुर सहित संगठन के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# स्योहारा में गणेश चतुर्थी पर भंडारा

## डॉ. मनोज वर्मा व डॉ. लिपिसेन वर्मा ने कराया भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** गणेश चतुर्थी पर्व के पावन अवसर पर नगर के प्रख्यात समाजसेवी एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. मनोज कुमार वर्मा तथा उनकी धर्मपत्नी डॉ. लिपिसेन वर्मा द्वारा नगर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।



इस अवसर पर नगर ही नहीं बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे की शुरुआत गणेश वंदना एवं विधिवत पूजा-अर्चना से हुई। गणपति बप्पा मौरया के जयकारों के साथ श्रद्धालुओं ने भक्ति का वातावरण निर्मित किया। भंडारे में स्वादिष्ट प्रसाद एवं भक्ति संगीत का आयोजन भी किया गया। जिसमें श्रद्धालु झूमते और भजन गाते नजर आए। दिनभर आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

डॉ. मनोज कुमार वर्मा और डॉ. लिपिसेन वर्मा चिकित्सक होने के साथ-साथ समाजसेवा में भी लगातार सक्रिय रहते हैं। वह समय-समय पर नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर नेत्र परीक्षण शिविर रक्तदान शिविर और गरीब मरीजों के इलाज में सहयोग करते रहते हैं। उनकी पहचान केवल अच्छे चिकित्सक के रूप में ही नहीं। बल्कि नगर में मानव सेवा के सच्चे प्रतीक के रूप में भी है। डॉ. लिपिसेन वर्मा विशेष रूप से महिला स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत हैं। उन्होंने कई बार नगर की गरीब एवं असहाय महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता प्रदान की है। वहीं डॉ. मनोज वर्मा ने जरूरतमंद बच्चों की पढ़ाई-लिखाई के लिए भी सहयोग प्रदान किया है। इस विशाल भंडारे में नगर के गणमान्य नागरिक व्यापारी वर्ग, बुद्धिजीवी और सैकड़ों युवाओं ने भाग लेकर आयोजन की सराहना की। लोगों ने कहा कि डॉ. वर्मा दंपत्ति का यह प्रयास नगर के लिए गौरव की बात है। समाज में ऐसे लोग ही दूसरों के लिए प्रेरणास्रोत होते हैं। गणेश चतुर्थी के इस आयोजन ने नगर में भक्ति उत्साह और सामाजिक एकता का संदेश दिया। डॉ. मनोज वर्मा और डॉ. लिपिसेन वर्मा ने अपने भंडारे से यह स्पष्ट कर दिया कि धर्म और समाजसेवा एक-दूसरे के पूरक हैं।

इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश से नगर की खुशहाली और वर्मा दंपत्ति के उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु की प्रार्थना की।

# विद्युत करंट की चपेट में आकर दो पशुओं की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** क्षेत्र के ग्राम चंपतपुर चकला निवासी बलविंदर सिंह की दो भैंसों की विद्युत लाइन की चपेट में आकर मौत हो गई। विद्युत विभाग ने पशुओं का पोस्टमार्टम कराया है।

## किसानों ने की मुआवजे की मांग

ग्राम चंपतपुर चकला निवासी बलविंदर सिंह पुत्र सतनाम सिंह के पशु बीती शाम गांव के बाहर छोर पर चर रहे थे। वहीं पास में विद्युत लाइन की अर्थिंग लाइन जमीन पर पड़ी हुई थी और लाइन में करंट दौड़ रहा था। पशु चरते हुए लाइन के समीप पहुंच गए और लाइन की चपेट में आने से दो भैंसों की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग को सूचना देकर सप्लाई बंद कराई। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठ हो गई और विद्युत कर्मियों पर लापरवाही का आरोप लगाने लगे। ग्रामीणों का आरोप है कि विद्युत विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों से विद्युत लाइन को हटाने के लिए कई बार कहा गया, लेकिन विद्युत कर्मियों ने एक भी नहीं सुनी। लापरवाही के चलते दो पशुओं की जान चली गई। उधर सूचना मिलने पर विद्युत विभाग के अधिकारी व थाना प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार मौके पर पहुंचे। आज सुबह विद्युत विभाग ने किसान को मुआवजा दिलाने के लिए मृतक पशुओं का पोस्टमार्टम कराया है।

# महाराजा शूरसेन जयंती पर शोभायात्रा निकाली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** गांव कासमपुर लेखराज में सैनी समाज की ओर से महाराजा शूरसेन जयंती के मौके पर शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में विभिन्न प्रकार की झांकियां व अखाड़े आकर्षण का केंद्र रहें।

## सुंदर झांकियां व अखाड़े रहे आकर्षण का केंद्र

प्राप्त समाचार के अनुसार गांव का कासमपुर लेखराज में महाराजा शूरसेन की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। इस मौके पर ग्रामीणों ने पूजा अर्चना की। नगर पालिका के गेट से शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में महाराजा शूरसेन, राधा कृष्ण, काली मां आदि विभिन्न प्रकार की झांकियां व अखाड़े आकर्षण का केंद्र बने हुए थे। अखाड़े में युवाओ ने हैरतअंगेज कारनामे दिखाए। शोभायात्रा गांव के विभिन्न स्थानों से निकाली गई। शोभा यात्रा का कई स्थानों पर फूलों की वर्षा करते हुए स्वागत किया गया। शोभायात्रा में पूर्व प्रधान पप्पू सैनी, सावन सैनी, सोनू सैनी, सुभाष सैनी, भीम सैनी, खुशीराम, सुनील सैनी, फूल सिंह, अमर सिंह, चंद्रकांत सैनी, मोहन सैनी, अंकित सैनी, बुधराम, सुरेश सैनी, कपिल सैनी, दीपक सैनी आदि ने भाग लिया।

# नवनियुक्त आईटीआई अनुदेशकों को सौंपे नियुक्ति पत्र

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ द्वारा जनपद बिजनौर में संचालित राजकीय आईटीआई के विभिन्न व्यवसायों हेतु नवनियुक्त 11 अनुदेशकों बृजेश कुमार यादव, सुनील कुमार सिंह, भूपेंद्र प्रताप सिंह, डांडियाल सिंह, गौरव कुमार सिंह, श्रीमती रश्मि अरुण, रामचंद्र, कपिल अग्रवाल, मोहित कुमार एवं अंकित कुमार को राजकीय आईटीआई बिजनौर मेंआयोजित समारोह में वरिष्ठ भाजपा नेता एडवोकेट ऐश्वर्य मौसम चौधरी द्वारा नियुक्ति पत्र देते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी गई। अब आईटीआई में अनुदेशकों की कमी काफी हद तक दूर हो जाएगी तथा आईटीआई के छात्र-छात्राओं को दिए जा रहे प्रशिक्षण में सुधार होगा। इससे वह कुशल कारीगर बन देश के विकास में सहायक सिद्ध होंगे। इससे पूर्व लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री द्वारा नियुक्ति वितरण समारोह में वितरित किए गए नियुक्ति पत्रों का सजीव प्रसारण किया गया जो आईटीआई में समस्त स्टाफ को दिखाया गया। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष अंकुर गौतम, मंडल अध्यक्ष आदमपुर पुष्पराज कमल, पूर्व नगर अध्यक्ष संजीव गुप्ता, कुंवर राजवीर सिंह, राजकीय आईटीआई बिजनौर के प्रधानाचार्य मंजुल मयंक, प्रधान सहायक राकेश शर्मा, फोरमैन दीपक गुप्ता, श्रीमती ज्योत्सना, सत्येंद्र कुमार, नीरज चौधरी, करतार सिंह, कुलदीप जखमोला , संजीव चौधरी, कमल वीर सिंह, निगहत परवीन, देवेंद्र कुमार राहुल सिंह, सुशील कुमार, अशोक कुमार, श्याम सिंह, धर्मवीर सिंह समेत समस्त आईटीआई स्टाफ स्टाफ उपस्थित रहा।

# प्रखर बने भारतीय वायुसेना अधिकारी

## परिवार और क्षेत्र में खुशी की लहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** मेहनत और लगन से हर मंजिल पाई जा सकती है। इसका उदाहरण पेश किया है धामपुर के प्रखर अग्रवाल ने, जिन्होंने बेंगलुरु स्थित एयर फोर्स टेक्निकल कॉलेज में प्रशिक्षण पूरा कर भारतीय वायुसेना की एरोनॉटिकल इंजीनियरिंग शाखा में अधिकारी का पद प्राप्त किया है।



शनिवार 6 सितम्बर को 105वें एरोनॉटिकल इंजीनियरिंग कोर्स का दीक्षांत समारोह आयोजित हुआ। इस कोर्स में 58 भारतीय और 13 अंतरराष्ट्रीय इंजीनियरिंग अधिकारियों ने भाग लिया। पासिंग आउट परेड की समीक्षा एयर मार्शल विजय कुमार गर्ग ने की।

प्रखर अग्रवाल के पिता अरविंद अग्रवाल सिंचाई विभाग में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी हैं और माता संध्या देवी गृहिणी हैं। बेटे की इस सफलता पर परिवार में हर्ष और गर्व का वातावरण है।

नगर व क्षेत्र में प्रखर की उपलब्धि को लेकर खुशी की लहर है। स्थानीय लोगों ने कहा कि प्रखर ने न सिर्फ अपने परिवार बल्कि पूरे बिजनौर जनपद का नाम रोशन किया है। वहीं युवा वर्ग के लिए प्रखर की यह सफलता प्रेरणा का स्रोत बनी है।

# अंसार तालिमी अंजुमन का प्रोजेक्ट शुरू

## उलेमाओं ने पगड़ी बांध कर की हौंसला अफजाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** अंसार तालिमी अंजुमन के जेरे-एहतमाम एक बड़ा प्रोजेक्ट शुरू किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत बैंकेट हॉल, स्पोर्ट्स एकेडमी और दीनी तालीम का इंतजाम किया जाएगा। इसरार अहमद (इंजीनियर), हाजी मौहम्मद सुलेमान अंसारी एडवोकेट और इंजीनियर बुरहान अहमद ने जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रोजेक्ट साढ़े आठ बीघा की विशाल जमीन पर तैयार किया जाएगा।

उन्होंने एक प्रेस वार्ता में कहा कि इस पहल का मकसद सिर्फ तालीम व खेलों को बढ़ावा देना ही नहीं, बल्कि सामाजिक कल्याण और नौजवानों को एक बेहतर भविष्य देना भी है। खेल और शिक्षा के साथ-साथ समाज की सामाजिक जरूरतों को पूरा करने के लिए बैंकेट हॉल भी जनता के लिए उपलब्ध रहेगा। कमेटी के जिम्मेदारों ने उम्मीद जताई कि इस परियोजना के पूरा हो जाने से इलाके के युवाओं को खेल और दीनी तालीम में बेहतर अवसर मिलेंगे। साथ ही समाज के हर तबके को एक छत के नीचे विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि अंसार तालिमी अंजुमन हमेशा से इंसानियत और भलाई के काम करती रहेगी। कमेटी का यह कदम भी उसी दिशा में एक मजबूत इमारत साबित होगा।

इस मौके पर मस्जिद कमेटी के सदर इंजीनियर इसरार अहमद व सेक्रेट्री हाजी सुलेमान अंसारी को इंजीनियर बुरहान अहमद द्वारा उलेमाओं की मौजूदगी में पगड़ी बांध कर हौंसला अफजाई की। इस मौके पर हाजी रिजवान, फहीम अहमद, हैदर अली, शकील अहमद, एड. आसिफ, मौलाना मुख्तार, मौहम्मद उमर, शेख फरीदुदुद्दीन, अबू गुफरान, इरफान अहमद चाइना वाले मौजूद रहे। दिल खुश मंजिल मुंबई कमेटी के सदस्यों व शहर इमाम मुफ्ती कलीम पूरी कमेटी को दुआओं से नवाजा।

# विद्युत आपूर्ति सुचारू कराने के लिए ग्रामीणों का विरोध प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ग्राम पाडला बिजली घर के फीडर पर लाइट ठीक करने के बाद पुन: 2 घंटे बाद फ्यूज उड़ जाने पर आधे गांव की सप्लाई बंद हो गई। जिस पर ग्रामीणों ने बिजली घर पहुंच कर सप्लाई चालू कराए जाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम पाडला बिजली घर के अंतर्गत शानिवार को एक फीडर पर लगातार विद्युत आपूर्ति खराब होने के कारण विद्युत कर्मियों ने शाम करीब 6:00 बजे विद्युत फीडर की लाइट ठीक कर दी थी। करीब 2 घंटे के बाद फीडर से फ्यूज उड़ जाने पर आधे गांव की सप्लाई बंद हो गई। उत्पन्न समस्या को लेकर ग्रामीणों में रोष फैल गया। ग्रामीण उस्मान, कामिल, राजेश, सत्तार, जुलपुकार, मास्टर विपिन, हाजी रेऔदिन, नजमुद्दीन, आकिल, आदाब, फैजान, शाहिद, फुद्दीन, तनवीर, सुहेल, तानिब, अशरफ, शाकिर, असलान, आकिब आदि ग्रामीण मौके पर पहुंचे। सप्लाई चालू करने की मांग को लेकर शनिवार की रात करीब दस बजे पाडला विद्युत उपकेंद्र पर विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही समस्या के समाधान हेतु विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी को मामले से अवगत करा कर समस्या का समाधान किए जाने की मांग की। विद्युत कर्मियों द्वारा फ्यूज जोड़ने पर विद्युत सप्लाई चालू हो गई। ग्रामीण बिजली सप्लाई चालू होने पर अपने घरों को लौट गए।

विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी विवेक विश्वकर्मा ने बताया कि इतना बड़ा मामला नहीं था विद्युत फीडर पर फ्यूज उड़ जाने के कारण कुछ समय के लिए समस्या उत्पन्न हुई थी। समाधान करा दिया गया है।

## एक नजर

### गणेश महोत्सव में पालिका की रही विशेष व्यवस्था




**स्योहारा।** नगर पालिका परिषद द्वारा गणेश विसर्जन महोत्सव के अवसर पर रामगंगा तट पर भव्य तैयारियां की गईं थी। इस दौरान पूरे क्षेत्र में साफ-सफाई अभियान चलाकर घाट को स्वच्छ बनाया गय।। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बैरिकेटिंग, पेयजल आपूर्ति, स्वच्छ शौचालय एवं पथ-प्रकाश विशेष लाइटिंग की व्यवस्था की गई। इस बार नगर पालिका ने विशेष प्रयास कर इस आयोजन को जीरो वेस्ट इवेंट का रूप देने की पहल की। इसके लिए कूड़ा निस्तारण और स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया गया। वहीं पालिका अध्यक्ष शेख फसल वारसी एवं अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल ने स्वयं व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर कर्मचारियों को दिशा-निर्देश दिए। दोनों अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि नगर पालिका का प्रयास है कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और पूरा कार्यक्रम शांति व सौहार्द के साथ सम्पन्न हो। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल, पालिका अध्यक्ष शेख फसल वारसी, प्रधान लिपिक देवेंद्र कुमार, मौहम्मद शान, ओम प्रकाश, पंकज कुमार, हरि ओम, अमित कुमार सहित समस्त नगर पालिका कर्मचारियों की सराहनीय भूमिका रही। नगर के लोग पालिका की इन व्यवस्थाओं की जमकर प्रशंसा कर रहे हैं।

### जैन समाज की यात्रा का स्वागत



**स्योहारा।** नगर में हर वर्ष की भांति इस बार भी जैन समाज की यात्रा बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा भाव के साथ निकाली गई। यात्रा में भक्तों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता अरुण कुमार वर्मा के प्रतिष्ठान पर यात्रा का विशेष स्वागत किया गया। इस दौरान अशोक कुमार वर्मा एवं अमित कुमार वर्मा ने शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा की और श्रद्धालुओं के लिए सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था की। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने जलपान ग्रहण किया। कार्यक्रम के दौरान शोभायात्रा में सम्मिलित लोगों ने अरुण कुमार वर्मा और उनके परिवार का सम्मान भी किया। इस अवसर पर अरुण कुमार वर्मा, अशोक कुमार वर्मा, अनिरुद्ध वर्मा, अक्षय वर्मा, अक्षत वर्मा, अमित वर्मा, गौरव यादव, आदित्य कुमार, काव्य वर्मा, केशवी वर्मा, दितीया वर्मा सहित परिजन एवं मित्रगण मौजूद रहे।

### ट्रांसपोर्टर बाबू मंसूरी का इंतकाल

**नूरपुर।** कस्बे के मौहल्ला हजरत नगर महबूब कॉलोनी निवासी ट्रांसपोर्टर बाबू अहमद मंसूरी का बीती शाम बीमारी के चलते इंतकाल हो गया। आज सुबह दस बजे धामपुर रोड स्थित बिरादरान मंसूरी कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया गया। उनके जनाजे में ट्रासपोर्टर व उनके साले अफजल अहमद मंसूरी, पूर्व चेयरमैन हाजी इरशाद अली अंसारी, ग्राम प्रधान पीपला जागीर शाह आलम मलिक, पूर्व प्रधान इफ्तिखार अहमद, यूसुफ मंसूरी, प्रधान डॉ. मुस्तकीम अहमद, ट्रांसपोर्टर शकील अहमद, हकीम असरारुल हक नूरपुरी, मौहम्मद आदिल मंसूरी, अफसर हुसैन चौधरी, नाहिद हुसैन, नौशाद अहमद, सुहैल अहमद, ट्रांसपोर्टर रवि कुमार जुनेजा धामपुर, कपिल कुमार स्योहारा, शरीफ अहमद अफजलगढ़, ट्रांसपोर्टर मौहम्मद साजिद मुजफ्फरनगरी, नगर पालिका सभासद असलम मलिक, नफीस जाफरी एड., मौहम्मद जाहिद मंसूरी, शाहनवाज पाशा नौगांवी, फहीम अहमद नहटौरी सहित सैकड़ों की संख्या में लोगों ने शिरकत की।

### डीजे विवाद में चली लाठियां



**स्योहारा।** गणेश चतुर्थी के अवसर पर नगर में डीजे बजाने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। बताया जा रहा है कि मौहल्ला जोशीयान निवासी कुछ युवक और मौहल्ला मिल्कियान के कुछ युवकों के बीच कहासुनी इतनी बढ़ गई कि देखते ही देखते मामला हाथापाई और लाठी-डंडों तक पहुँ गया। सूचना पर पुलिस फोर्स बड़ी संख्या में मौके पर पहुंची। लेकिन तनावग्रस्त माहौल में झड़प जारी रही। हालांकि बाद में पुलिस ने स्थिति को किसी तरह काबू में कर लिया। इस मामले में थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह ने बताया कि डीजे बजाने को लेकर विवाद हुआ था। लेकिन अभी तक किसी भी पक्ष ने तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने पर नियमानुसार आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# गौसिया जमाल को बेस्ट शिक्षक अवार्ड



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर निवासी प्रधानाचार्या को राजस्थान में बेस्ट शिक्षक का अवार्ड मिलने पर शिक्षकों ने उन्हें बधाई दी है।

मौहल्ला मिलकियान निवासी शिक्षिका गौसिया जमाल को राजस्थान के एपीएस पब्लिक स्कूल न्यांगल बड़ी सादुलपुर राजगढ़, सिरसा चारु में डायरेक्टर अनुपाल सिंह भाटी ने स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उनको बेस्ट टीचर्स का पुरुस्कार मिला। बताते चले जब से वह उक्त में स्कूल तैनात हुई है तब से स्कूल में सर्वाधिक नामांकन करने एवं सुसज्जित पुस्तकालय तथा दिव्यांग बच्चों की शिक्षा और उनको मिलने वाली सुविधाओं के आधार पर यह पुरस्कार दिया गया है। प्रधानाचार्य गौसिया जमाल ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए सभी का धन्यवाद किया। नाबेगा खातून, आसिफा अख्तर, निगहत परवीन, शमा मेराज, डा. गजला फात्मा, फौजिया अजीम, इकरा ऐजाज, शबाना खान, शाहीन जमाल, नाजिया रहमान, अमरीन जमाल, अनूशा फात्मा, आनाफ जमाल, अनिक जमाल, जाफिया रहमान, अरकम जमाल आदि ने बधाई दी।

# शिक्षकों को सेवा व योगदान के लिए किया सम्मानित

## डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म दिवस मनाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शिक्षक दिवस के अवसर पर महाविद्यालय की प्रबंध समिति के आजीवन अध्यक्ष कुंवर धीरेंद्र प्रताप सिंह ने महाविद्यालय के समस्त शिक्षकों को उनकी सेवा तथा योगदान के लिए सम्मानित किया।

प्रबंध कमेटी के आजीवन अध्यक्ष कुंवर धीरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि आज का दिन हमारे उन महान शिक्षकों को समर्पित है, जिन्होंने हमारे जीवन को आकार दिया है। शिक्षक हमें केवल किताबी ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि जीवन के मूल्य भी सिखाते हैं। उन्होंने समस्त शिक्षकों से आह्वान किया कि वे पूर्ण मनोयोग से अपने दायित्व का निर्वहन करते रहें। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर साधना ने शिक्षकों को सम्मानित करने के लिए महाविद्यालय की प्रबंध समिति के आजीवन अध्यक्ष का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माता होता है। किसी भी राष्ट्र के विकास में उसके शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। प्रोफेसर अशोक कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षक दिवस भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं भारतीय संस्कृति के संवाहक प्रख्यात शिक्षाविद् तथा दार्शनिक एवं भारत रत्न से सम्मानित डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन के अवसर पर मनाया जाता है। यह हम सब का दायित्व है कि हम सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन आदर्शों एवं मूल्यों को अपने व्यक्तित्व में समाहित करें। भूगोल विभाग के प्रोफेसर डॉ. महीपाल सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षकों को समर्पित यह दिन शिक्षकों के समर्पण और कठिन परिश्रम को सम्मान देने और उनकी छात्रों के जीवन में अहम भूमिका को बताने के लिए मनाया जाता है। डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों का पहला रोल मॉडल होता है। शिक्षक को ज्ञान प्रदान करने के साथ-साथ ज्ञान प्राप्त भी करते रहना चाहिए। सम्मान समारोह में डॉ. अखिलेश देवी, डॉ. विनोद कुमार. डॉ. प्रदीप कुमार तालान, डॉ. कुलदीप, सनी कुमार, सुरेंद्र सिंह, डॉ. अमित कुमार पुंडीर, रामविलास यादव, अरविंद कुमार, डॉ. संतोष देवी, डॉ. राजकुमार, डॉ. मीनाक्षी चौहान, डॉ. उदिता राजपूत, नरेंद्र कुमार, वरिष्ठ लिपिक राजेश श्रीवास्तव, मुनीश कुमार, कुलदीप कुमार सहित सभी तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

शिक्षक समापन कार्यक्रम के उपरांत विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद के कुलपति का संदेश भी सुनाया गया। उन्होंने शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए शिक्षकों और विद्यार्थियों से अपने-अपने दायित्वों का सही से निर्वहन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर अनिल कुमार वर्मा ने किया।

# वरिष्ठ नागरिक समिति ने शिक्षकों को सम्मानित किया

**बिजनौर।** वरिष्ठ नागरिक जनकल्याण समिति द्वारा स्थानीय एक धर्मशाला में शिक्षक दिवस पर शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम समिति के अध्यक्ष एमएस भारद्वाज, संरक्षक वैद्य अजय गर्ग एवं अन्य सदस्यों द्वारा डॉ. सर्वपल्ली राधा कृष्णन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। अजय माहेश्वरी द्वारा सर्वपल्ली राधा कृष्णन की जीवनशैली पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में डॉक्टर चंद्रप्रकाश आर्य पूर्व अध्यक्ष वर्धमान कॉलेज बिजनौर, सुरेंद्र प्रकाश भटनागर, डॉ. एन.के. अग्रवाल, एके दुबे, प्रीतम सिंह, विनोद कुमार शर्मा, कृष्ण कुमार पाठक, श्रीमती शशि जैन को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। समयबद्धता पुरस्कार अनिल कुमार दुबे को प्रदान किया गया। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष एमएस भारद्वाज, कोषाध्यक्ष केके खन्ना, सचिव गिरधारी सिंह खन्ना, संरक्षक वैद्य अजय गर्ग, संजय जैन, एसपी रस्तौगी सहित सभी सदस्यों ने भाग लिया।

# पोषण सप्ताह के समापन पर 'हेल्थ चेकअप'




सब्जियों व फलों के पौष्टिक तत्वों के बारे में दी जानकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज में पोषण सप्ताह की समाप्ति पर 'हेल्थ चेकअप' का आयोजन किया गया। इस में गृहविज्ञान विभाग की छात्राओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

पोषण सप्ताह में मुख्य अतिथि के रुप में महाविद्यालय प्रबन्धक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ के प्राचार्य डॉ. परवेज़ अहमद खान, कृष्णा कॉलेज ऑफ सांइस की प्राचार्या डॉ. सीमा शर्मा उपस्थित रहे। छात्राओं ने सम्पूर्ण पोषण सप्ताह की तरह अन्तिम दिन भी इस वर्ष की थीम 'बेहतर जीवन के लिए सही खान पान' पर अपना ध्यान केन्द्रित करते हुए जन्तु विज्ञान की विभागाध्यक्षा ने हेल्थ चेकअप के माध्यम हिमोग्लोबिन, डायबिटीज़ रक्तचाप आदि के बारे में अवगत कराया। जिसमें छात्राओं को सभी प्रकार की सब्जियों तथा फलों के पौष्टिक तत्वों के बारे में जानकारी दी। गृह विज्ञान विभाग से प्रवक्ता शिवानी ने डायबिटीज़ हाईपरटेंशन, बीएमआई के बारे में जागरूक किया और साथ ही सब्जियों व फलों को आहार में सम्मिलित करने के लिए बताया। क्योंकि ये प्रतिरा. धक क्षमता बढ़ाने में सहायक होते है। जैसे- ब्रोक्ली, फूल गोभी, पत्ता गोभी व मौसमी फल जिसमें एंटी आक्सीडेट बीटा-कैरोटीन क्लोरोफिल व सल्फोराफेन होता है और उन्होंने आज से थोड़ा कम अभियान पर चर्चा की।

कार्यक्रम के समापन पर गृह विज्ञान विभागाध्यक्षा डॉ. शालिनी शर्मा ने छात्राओं को, सतुंलित और पोषण से भरपूर आहार हमारे स्वास्थ्य के लिये किसी वरदान से कम नहीं होता है। पारंपरिक भोजन में गुणकारी और सूक्ष्म पोशण तत्वों की प्रचुरता हमारे खानपान को ओशधीय गुण प्रदान करती है। जिससे बेहतर स्वास्थ्य के साथ-साथ निरोगी और आनंदमय जीवन की नीव तैयार होती है और साथ ही जंक फूड को प्रतिबंधित करने का प्रोत्साहन दिया जो बच्चों में डायबिटीज़ और उच्च रक्तचाप को बढ़ावा देती है।

छात्राओं ने सम्पूर्ण पोषण सप्ताह को अत्यन्त प्रसन्नता तथा उत्साह के साथ मनाते हुए अनेक प्रकार के स्वस्थ व्यंजन तथा सन्तुलित पोषण के ज्ञान का प्रसार किया तथा पूरे सप्ताह समाज में पोषण के प्रति जागरूक किया।

# श्री गणेश चौथ महोत्सव का समापन



## अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर पालिका परिसर में चल रहे 11 दिवसीय श्री गणेश चौथ महोत्सव का समापन सामूहिक संगीत मय हनुमान चाली. सा पाठ एवं भजन संध्या के साथ हुआ। इस दौरान श्रद्धालु परिवारों ने भजनों और पारंपरिक जयकारों से माहौल को भक्तिमय बना दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक पूजन से हुआ। जिसमें मुख्य यजमान नितिन अग्रवाल व उनकी धर्मपत्नी अलका अग्रवाल रहे। नगर की अग्रणी धार्मिक संस्था श्रीमद् हनुमत सेवा समिति के तत्वावधान और बाबा नीब करौरी कृपा कुंज के संस्थापक रामदास महाराज के सानिध्य में आयोजित इस महोत्सव में अनेक श्रद्धालु परिवारों ने भागीदारी निभाई।

भजनों की प्रस्तुति बाबा बजरंगबली दरबार के सेवकों ने दी। मुख्य अतिथि के रूप में चेयरमैन चौधरी रवि कुमार सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख चौधरी अतुल कुमार सिंह तथा अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला अपनी धर्मपत्नियों के साथ उपस्थित रहे। आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों का पटका पहनाकर व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम स्थल बजरंगबली और गणपति बप्पा के जयकारों से गूंज उठा। समापन पर सामूहिक आरती और प्रसाद वितरण हुआ। इसके पश्चात आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और नगर के प्रतिष्ठित नागरिकों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# कलयुगी बेटे ने पिता को उतारा मौत के घाट





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा के थाना सेक्टर-113 क्षेत्र के सेक्टर-73 स्थित ग्राम सर्फाबाद में एक बेटे ने रिश्तों को शर्मसार करते हुए अपने पिता की ईंट से बार कर हत्या कर दी। हत्या की खबर फैलते हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में लेकर अन्य आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

## ईंट से वार कर पिता की कर दी हत्या

जानकारी के अनुसार सर्फाबाद गांव में रहने वाले 40 वर्षीय गौतम पुत्र केदारी महाशय का शव उनके कमरे में लहू लुहान अवस्था मे मिला। शव के पास खून से सनी ईंट भी मिली। जिससे उनके बेटे उदय ने कूचकर हत्या कर दी थी। पुलिस की प्रारम्भिक जांच से पता चला है दोनों के बीच घर को लेकर आये दिन झगड़ा रहता था। दोनों शराब का सेवन करते थे। दोनों में संपत्ति को लेकर विवाद हुआ, और नशे में होने के कारण ये झगड़ा बढ़ गया, बेटे उदय ने पास ही पड़ी ईंट से लगातार कई वारकर दिये चोट लगने से गौतम की मौत हो गई। पुलिस ने उदय को हिरासत में ले लिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पुलिस मामले में जांच कर रही है।

वहीं गांव वालों का कहना है कि रात को पुत्र ने पिता की इंटों से कुचलकर हत्या करने के बाद पड़ोस में रह रहे अपने चाचा के घर गेट पर शोर मचाने लगा और बोला कि मैंने अपने बाप का खून कर दिया है। रात के समय पड़ोसियों ने सोचा, आए दिन नशे में दोनों झगड़ते रहते हैं। इसलिए किसी ने भी उस बात पर ध्यान नहीं दिया। सुबह जब उसका चाचा व घर के अन्य सदस्य उठे तो कमरे से खून निकाला देखा। जब घर का दरवाजा खोला तो आरोपी भी अपने बाप के पास सोया हुआ था, तब मृतक के भाई ने 112 नंबर पर कॉल की और पुलिस को सूचना दी।

# पशिचम बंगाल से गांजा लाकर ग्रेटर नोएडा में बेचने वाला गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** बीटा दो कोतवाली पुलिस ने एक शातिर गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 20 किलो गांजा बरामद किया है। पकड़ा गया आरा. पी दिल्ली एनसीआर में गांजे की सप्लाई कर रहा था। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी शिवचरण मंडल मुर्शिदाबाद पश्चिम बंगाल का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी के पास से 20 किलो 500 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। पुलिस पूछताछ में पता चला है कि आरोपी पश्चिम बंगाल से गांजा लाकर यहां छोटी-छोटी पुड़िया में भरकर लोगों को बेचता था। पुलिस के मुताबिक आरोपी सस्ते में गांजा लाकर यहां अधिक दाम में बेचकर अवैध धन अर्जित कर रहा था। पुलिस पकड़े गए आरोपी के बारे में अन्य जानकारी जुटा रही है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# महानगर में शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई पीईटी की परीक्षा

## ● परीक्षा के चलते महानगर में बनी जाम की स्थिति, रेलवे स्टेशन और रोडवेज पर उमड़ी परीक्षार्थियों की भीड़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**







**मुरादाबाद।** महानगर में पीईटी की परीक्षा रविवार को दोनों पालियों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम रहे। वहीं परीक्षार्थियों की भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा पहले ही सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त कर लिया गया था।

मुरादाबाद जनपद में पीईटी की परीक्षा दो दिन शनिवार और रविवार को आयोजित हुई।पीईटी की परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों की भीड़ को देखते हुए एक और जहां उत्तर प्रदेश परिवहन राज्य निगम द्वारा अतिरिक्त रोडवेज बसों का संचालन किया गया,तो वहीं रेलवे द्वारा भी 2 दिन स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया गया, ताकि परीक्षार्थियों को यात्रा के दौरान किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े और वह अपने गंतव्य स्थान तक पहुंच सके।उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से आयोजित प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) महानगर में 52 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित हुई। परीक्षा में लगभग 95712 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए।पीईटी की परीक्षा महानगर में दो दिन शनिवार और रविवार को दो पालियों में आयोजित हुई।

रविवार को भी पहली और दूसरी पारी की परीक्षा महानगर के सभी 52 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा के संपन्न होते ही शहर के मुख्य चौराहों पर जाम की स्थिति बन गई। वाहनों की लंबी कतारों के चलते लोगों को और परीक्षार्थियों को तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ा। शहर के कई इलाकों में जाम की स्थिति देखने को मिली हालांकि पुलिस प्रशासन द्वारा जाम की समस्या से निपटने के लिए अतिरिक्त यातायात पुलिस कर्मियों की तैनाती सभी चौराहों पर की गई थी मगर यह नाकाफी नजर आई। परीक्षा के लिए सुरक्षा व्यवस्था सख्त थी और दो पालियों में रविवार को परीक्षा संपन्न हुई। रविवार को सुबह की पहली पाली 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक चली। परीक्षा के लिए 52 सेक्टर व 52 स्टेटिक मजिस्ट्रेट लगाए गए हैं।दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर तीन बजे से शाम पांच बजे तक हुई। परीक्षा की समाप्ति के बाद महानगर में कई घँटों तक जाम की समस्या बनी रही

## प्राचार्य पर भी लगे थे गंभीर आरोप



चन्दौसी। एसएम कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर महिला ने प्राचार्य पर गंभीर आरोपों में यौन शोषण जैसे गंभीर आरोप लगाये गये थे। जिसकी जांच के लिए प्रबंध तंत्र ने कमेटी गठित की थी। उसमें समिति के सदस्यों ने प्राचार्य डॉ दानवीर यादव पर महिला असि0 प्रोफेसर द्वारा आरोप को सही बताते हुए कॉलेज आने पर रोक लगा दी। जिसमें प्रोफेसर डॉ प्रवीण कुमार एवं एक महिला प्रोफेसर डॉ गीता शर्मा के खिलाफ कार्यवाही करते हुए निलम्बित किया गया था।

इन तीनों को कॉलेज आने पर रोक लगायी गयी थी। वही कॉलेज समति ने शक्तियों का प्रयोग करते हुए एसम कॉलेज गेट नं0 01 व गेट नं0 02 पर एक फ्लैक्सी भी लगा दी थी। जिसमें प्राचार्य डॉ दानवीर यादव पर महिला लैंगिक सम्बन्धी आरोप का आधार बनाते हुए आरोप सही पाऐ जाने लिखते हुए स्पष्ट आदेश था कि प्राचार्य का महाविद्यालय में प्रवेश नहीं कर सकते हैं। कॉलेज प्रवेश के समय उनसे गाली-गलौच, अमर्यादित शब्दों का प्रयोग किया पर गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद के कुलपति ने प्रबंधन कमेटी के अधिकारों को दुरूपयोग न मानते हु प्राचार्य विकास नगर कैम्प कार्यालय से अपना कार्य कर रहे हैं।

## एसएम डिग्री कॉलेज प्रकरण में प्रबन्धक समिति सहित 9 लोगों पर केस दर्ज

### सदस्य प्रबन्ध तंत्र एवं एसएम कॉलेज सोसाइटी के खिलाफ हुई रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** एस0एम0 कॉलेज महाविद्यालय एवं कॉलेज प्राचार्य के मध्य चल रहे विवाद लगातार तूल पकडता चला जा रहा है। कॉलेज समिति व आयोग से प्राचार्य डॉ दानवीर यादव के मध्य पिछले 8 माह से तलवारे खिंच रही है। कॉलेज सोसाइटी ने डॉ दानवीर यादव पर आरोप प्रत्यारोप लगाकर उन्हें जांच कमेटी जो प्रबन्ध तन्त्र ने गठित की थी। उसी आधार मानते हुए डॉ दानवीर यादव व प्रोफेसर डॉ प्रवीण कुमार कॉलेज प्रवेश पर भी पाबन्दी लगा दी थी। जिस समय गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय से जांच टीम कॉलेज आयी थी। उस समय प्राचार्य डॉ दानवीर यादव व डॉ प्रवीण कुमार के कॉलेज कैम्पस में प्रवेश पर पाबन्दी लगा दी। उन्हें कॉलेज में कार्यरत कर्मचारियों ने प्रबन्धक तन्त्र का हवाला देते हुए रोका था, जबकि उस समय प्रवीण कुमार एक वीडियो भी बनाया जिसमें स्पष्ट कहा गया यह पीडिघ्त है और उनकी उपस्थिति में निष्पक्ष कार्यवाही होना संभव नहीं है। अब प्राचार्य डॉ दानवीर यादव ने कॉलेज प्रशासन व कर्मचारी प्रोफेसरों के खिलाफ बीएनएस 318(4), 338, 336(3), 340(2) धाराओं के अन्तर्गत कोतवाली चन्दौसी में रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

तहरीर के आधार पर लिखा गया है कि प्राचार्य कैम्प कार्यालय विकास नगर पत्रांक 13/25 एसएम कॉलेज चन्दौसी प्रबन्धक तन्त्र द्वारा महाविद्यालय की भूमि अवैधानिक रूप से विक्रय कर दी गयी। जिसकी शिकायत गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद को दी गई। प्रकरण की जांच कराने के पश्चात समस्त तथ्य विश्वविद्यालय के संज्ञान में आये। प्राचार्य ने लिखा है कि कुल सचिव शशि भूषण द्वारा एक लिखित आदेश प्राप्त हुआ कि एसएम कॉलेज चनदौसी में प्रबंध तन्त्र द्वारा की गई अवैधानिक गतिविधियों की जांच के उपरान्त दोषी व्यक्तियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की कार्यवाही की जाए। एसएम कॉलेज चन्दौसी जनपद सम्भल के प्रबंध तंत्र द्वारा झूठे तथ्यों पर एक अलग श्याम सुन्दर मैमोरियल कॉलेज सोसाइटी चन्दौसी के नाम बनाकर एसएम कॉलेज चन्दौसी जनपद सम्भल की समस्त भूमियां सोसइटी के नाम हस्तान्तरित कर दी। राजस्व अभिलेखों में चन्दौसी की 1939 बन्दोबस्ती महाल कपासी खाता सं0 134 गाटा सं0 11मि0 रकवा 1.61 एकड़ आबादी कॉलेज महाल कपासी खाता सं0 136 गाटा सं0 रकवा 1.27 एकड़ महाल गुलाब खाता 01, गाटा सं0 11 रकवा 25.43 एकड़ आबादी श्याम सुन्दर मैमोरियल कॉलेज मकान आसमीना खाता सं0 215, गाटा सं0 11मि0 रकवा, 1 एकड़ आबदी श्याम सुन्दर स्मारक मैमोरियल कॉलेज में अंकित है। वर्तमान एन0जेड0ए0 के अनुसार 11मि0 रकवा 10.290हे0 इसी प्रकार ग्राम बल्लमपुर तहसील चन्दौसी जनपद सम्भल गाटा सं0 656/0.765हे0 भूमि को श्याम सुन्दर मैमोरियल कॉलेज के स्थान पर श्याम सुन्दर मैमोरियल कॉलेज समिति चन्दौसी का नाम अंकित कराया गया है। एसएम कॉलेज प्रवेश गेट द्वार पर दुकानें बनी है। उन दुकानों से भारी भरकम रूपया वसूल प्रबंध तंत्र द्वारा किराए पर दी गयी है। जिसका एसएम महाविद्यालय में कोई हिसाब नहीं है। एडीएम संभल द्वारा 29 मार्च 2025 के आदेष पर जांच करायी गयी तो शिकायत सच पायी गयी। साथ ही पूर्व में भी विभिन्न समय पर आये प्राचार्यों को झूठे आधार हीन आरोप लगाकर चलता कर दिया जाता था। पूर्व प्राचार्य वीरेन्द्र सिंह, डॉ लाल बहादुर, डॉ बकुल बंसल, डॉ एके गुप्ता, वर्तमान में प्राचार्य डॉ दानवीर यादव आदि शामिल थे। प्रथम दृष्टया एसएम कॉलेज की समस्त विक्रय करना साजिश बनाकर झूठी एफआईआर कराना प्रबंधक तंत्र के साथ फर्जी तथ्यों के आधार पर एफआई 0062/2025 कराना। मुख्य रूप से डॉ जाकिर हुसैन, डॉ हेमंत कुमार, डॉ अजय कुमार अस्थानी, अनुराधा पीठासीन लैंगिक उत्पीड़न समिति एवं उत्पीड़न समिति की सदस्य मीनाक्षी सागर तीन अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी गयी है। प्राचार्य द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर 6 सितम्बर को एफआईआर दर्ज हुयी है।

**एक नजर**

## महिला ने पति पर मारपीट करने का लगाया आरोप, पुलिस से की शिकायत



**मुरादाबाद।** जनपद के पाकबड़ा थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने अपने पति पर मारपीट करने का आरोप लगाया है, वही पीड़ित महिला को घायल हालत में लेकर परिजन थाने पहुंचे और पुलिस से शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की,वहीं पुलिस ने घायल महिला को उपचार व मेडिकल परीक्षण हेतु जिला अस्पताल भेज दिया है, और आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। बता दे की पाकबड़ा थाना क्षेत्र के गांव भाड़ली के रहने वाले साजिद पुत्र नन्हे का निकाह लगभग 12 वर्ष पूर्व फातिमा पुत्री शाकिर अहमद के साथ हुआ था। साजिद और फातिमा के तीन बच्चे 6 साल की बेटी साजिया और 2 साल के बेटे मोहम्मद अर्श और मोहम्मद जैद है। पीड़ित महिला फातिमा की बड़ी बहन आसमां ने जानकारी देते हुए बताया कि उसकी बहन का पति आए दिन दहेज के लिए उसे प्रताड़ित करता है, तलाक देने की धमकी देता है और कोई काम धंधा भी नहीं करता।

आसमां ने अपनी बहन फातिमा के साथ उसके पति साजिद द्वारा रविवार की सुबह फावड़े से हमला करने व मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। थाना पाकबड़ा पुलिस ने पीड़ित महिला को उपचार व मेडिकल परीक्षण हेतु जिला अस्पताल भेज दिया है।

## शतरंज प्रतियोगिता में अश्वनी शर्मा पहुंचे फाइनल में



**चन्दौसी।** गणेश मेला चन्दौसी में स्व.शिशुपाल वार्ष्णेय एवं स्व.राजेन्द्र कुमार रज्जु की स्मृति में उनके पुत्र मनोज कुमार द्वारा प्रायोजित की जा रही शतरंज प्रतियोगिता अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच गई। सभी मैच अत्यंत कशमकश भरे व लम्बी अवधि तक चले ओर दर्शक देर रात तक मुकाबलों को दिलचस्पी के देखते हुए पाए गए। प्रतियोगिता के अंतिम दिन दो क्वार्टर फाइनल, दो सेमी फाइनल तथा अंत मे फाइनल मैच हुआ। क्वार्टर फाइनल मैचों में करुणेश ने आशीष सागर को तथा अश्वनी शर्मा ने दानिश को हराकर सेमी फाइनल में जगह बनाई। इसके बाद खेले गए सेमि फाइनल मुकाबलों में परमार्थ ने आशीष कठेरिया को एवं अश्वनी शर्मा ने करुणेश को मात देकर प्रतियोगिता के फाइनल सीट पक्की की। अंत में अश्वनी शर्मा व परमार्थ के बीच फाइनल मैच खेला गया।देर रात तक चले इस मुकाबले में परमार्थ विजेता तथा अश्वनी शर्मा उपविजेता बने। प्रतियोगिता के दौरान मेला कमेटी के अनेक सदस्य डॉ राजीव कुमार,मनोज कुमार मीनू, ललित कुमार, प्रजीत लालू, सतेंद्र मामा, शशिकांत गुप्ता, लोजेन्द्र शर्मा, टूर्नामेंट रेफरी राजू बनर्जी, डॉ अनिल कुमार गुप्ता, डॉ अनिल कुमार गुप्ता, शाहबुद्गीन, शुभम, चंद्रपाल, प्रातिभ, सूरज, लोकेश तथा अनेक खिलाड़ी व दर्शक उपस्थित रहे।

## कोतवाल, थानाध्यक्ष व चौकी इंचार्ज बनने के लिए कराई जाए परीक्षा

**चन्दौसी।** पुलिस को चुस्त दुरस्त करने के लिए समय-समय पर शारीरिक दक्षता, मानसिक, बौद्धिक परीक्षा करायी जाये। जिससे अच्छे पुलिस कर्मियों को उनकी कार्य दक्षत का प्रयोग देखते को मिले साथ ही कोतवाल, थानाध्यक्ष एवं एसएस आई क्राइम इंस्पेक्टर जैसे पदो के लिए शासन शिक्षा विभाग की तरह परीक्षा का आयोजन करें जिसे अच्छे लोग जनता की समस्याओं का निराकरण दूर दृष्टिता के साथ कर सकें। क्योंकि कई बार धन बल के कारण ऐसे लोगों को चौकी इंचार्ज मिल जाता है। ईमानदार पुलिस कर्मियों को हताशा महसूस होती है। ऐसे में उन्हें भी अपनी योग्यता प्रदर्शन क्राइम कन्ट्रोल करने का अवसर मिलेगा।

## अंत्योदय राशन कार्ड काटे जाने पर ग्रामीणों ने लगाई समाधान दिवस में गुहार

**चन्दौसी।** तहसील चन्दौसी की ग्राम पंचायत रीठ के ग्रामीणों ने शनिवार को तहसील पहुंचकर समाधान दिवस उनके काटे गए अन्त्योदय कार्ड फिर से बनाये जाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि हम लोग गरीब व भूमिहीन है, राशनकार्ड गलत तरीके से काट दिए गये है। शिकायत करने वालों में रुकसार, राजमाला, हरप्यारी, आशा देवी, अमीना, छेदालाल शर्मा, हरिओम, होतेलाल, हरपाल, इशरत अली, शरीफन, फिरासत, नन्हू, प्रेमपाल, फूलवती आदि ने काटे गए राशनकार्डो को फिर से बनाये जाने की मांग की है।

## आठ सितम्बर से 14 सितम्बर तक अन्नपूर्णा मंडप में होगी भव्य भागवत कथा का आयोजन

**चन्दौसी।** मिनी वृन्दावन चन्दौसी में वृहद् भागवत कथा का आयोजन 08 सितम्बर से 14 सितम्बर तक अन्नपूर्णा उत्सव मण्डप में अतुल कुंज महाराज भारद्वाज म के मुखार बिन्दु से किया जायेगा। आयोजकों ने जानकारी देते हुए बताया कि अन्नपूर्णा उत्सव मण्डल बहजोई रोड निकट सान्ता मिल पर भागवत कथा आयोजित की जायेगी।

## बप्पा विसर्जन के बाद मेले में उमड़ी भीड़

### झूले वालों की रही की बल्ले-बल्ले, भीड़ को देखकर खिले दुकानदारों के चेहरे

■ भीड़ को देखकर मेला ग्राउंड पड़ गया छोटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**चन्दौसी।** 25 अगस्त से शुरू हुए गणपति बप्पा के मेले में गणपति विर्सजन के उपरान्त शनिवार को मेले में दर्शनार्थियों की भारी भीड़ मौजूद रही। कहीं पैरे रखने की जगह नहीं थी। शाम 7 बजे से ही मेले में भीड़ बढ़नी शुरू हो गयी थी। वहीं मेले में बिसौली, बहजोई आदि आसपास ग्रामीण क्षेत्रों से भारी संख्या में लोगों का आना-जाना लगा रहा। बच्चे भारी संख्या में लोग उत्तर भारत का प्रसिद्ध मेला देखने के लिए पहुंचते रहे। इधर तीन-दिन से स्कूलों के अवकाश रहा। जिसकी वजह से मेला देखने वालों की संख्या अप्रत्यक्ष दिखायी दी। यहां बताते चले कि पहले शहर एवं आसपास क्षेत्र की जनसंख्या कम थी। मेला पथरा मोड़ पंडित हनुमान ग्राउण्ड से गणेश मन्दिर तक खाली स्थानों पर दुकानें लगायी जाती थी। पिछले 5 दशकों में शहर की जनसंख्या पहले 4 गुनी बड़ी है, पर मेला का स्थान कम हुआ है। जबकि जनसंख्या घनत्व के अनुसार मेला का स्थान 04 गुना होना चाहिए, पर लगातार मेले की जगह भीड़ एवं आने वाले खेल तमाशों को देखते हुए कम है। पर प्रश्न यह कि आसपास इतना बड़ा ग्राउण्ड जमीन उपलब्ध भी नहीं है। यही कारण है कि बड़े सर्कस खेल तमाशे प्रदर्शनी आदि स्थान उपलब्ध नहीं होने के कारण नहीं आते हैं। इधर भीड़ दर्शकों के कारण मेला ग्राउण्ड छोटा पड़ गया। मेले में अधिक भीड़ को देखते हुए एएसपी अनुज चौधरी के निर्देशन पर यातायात पुलिस सतर्क हुयी, बिसौली गेट, खुर्जा गेट, मनिहार चौक से पहले कैथल गेट पर वाहनों को पहले ही नियन्त्रित किया गया।

## सर्व धर्म सामाजिक संगठन ने किया शिक्षक सम्मान समारोह

**चन्दौसी।** सर्व धर्म सामाजिक संगठन के द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन ब्रज धाम कॉलोनी प्रमोद कुमार चौहान के आवास पर किया। जिसकी अध्यक्षता प्रमोद कुमार चौहान ने तथा संचालक मोहित कुमार ने किया। कार्यकर्ताओं द्वारा प्रमोद कुमार व डॉक्टर रोहित अग्रवाल को पटका सरस्वती माता का चित्र भेंट कर स्वागत किया गया। मुख्य वक्ता संगठन के अध्यक्ष नरेश राघव ने कहा कि शिक्षकों के निस्वार्थ प्रयासों से उनके समर्पण और शिक्षा के क्षेत्र में उनके अमूल्य योगदान को याद करने का अवसर देता है। शिक्षक केवल किताबी ज्ञान नहीं देते, बल्कि जीवन जीने की कला भी सिखाते हैं। वे हमारे मार्गदर्शक, दोस्त और प्रेरणा के स्रोत होते हैं। वे हमारे व्यक्तित्व को गढ़ते हैं और जीवन में सकारात्मक सोच रखने में मदद करते हैं। संजीव शर्मा ने कहा कि एक अच्छी शिक्षा वह नहीं जो बाल्टी को भरती है, बल्कि वह है जो आग जलाती है-और आप ही वह अग्नि प्रज्वलित करते हैं। इस मौके पर नरेश राघव, संजीव शर्मा, मोहित कुमार, प्रमोद कुमार, डॉ रोहित अग्रवाल, अंशु शर्मा, भूपेन्द्र यादव, जतिन चौहान, आदि उपस्थित रहे।

## दिमागी रूप से बीमार मां ने अपने नवजात बेटे को फ्रीजर में लिटाया, परिवार में मचा हड़कंप

**मुरादाबाद।** जनपद के कटघर थाना क्षेत्र में एक अजीब ही मामला सामने आया है जो चर्चा का विषय बना हुआ है। बताया जा रहा है कि एक दिमागी रूप से बीमार मां ने अपने 15 दिन के बेटे को फ्रीजर में लिटा दिया और उसके बाद वह सोने चली गई। बच्चे के रोने की आवाज सुनकर परिवार के लोग जब फ्रिज के पास पहुंचे तो फ्रीज में नवजात बच्चे को देख वह दंग रह गए।आनन फानन में परिवार के लोग बच्चे को चिकित्सक के पास ले गए और उसके बाद आकर जब बच्चे की मां से पूछा कि बच्चा कहां है तो मां ने जवाब दिया की फ्रिज में है। यह बात सुनकर परिवार के लोग भी हैरान गए।बताया जा रहा है कि महिला ने 15 दिन पहले ही बेटे को जन्म दिया है और वह पोस्टपार्टम साइकोसिस नामक बीमारी से पीड़ित बताई जा रही है। बता दे की यह पूरा मामला कटघर थाना क्षेत्र करूला जब्बार कॉलोनी का बताया जा रहा है जहां की रहने वाली एक महिला ने 15 दिन पहले बेटे को जन्म दिया है। और महिला पोस्टपार्टम साइकोकिस नामक बीमारी से पीड़ित बताई जा रही है।इसी बीमारी के चलते महिला ने अपने 15 दिन के बच्चे को फ्रीजर में लिटा दिया। गनीमत रही कि बच्चे की रोने की आवाज सुनकर परिवार के लोगों ने किसी तरह बच्चे को फ्रिज से बाहर निकाल कर चिकित्सक के पास पहुंचाया और बच्चे की जान को बचा लिया गया। एक मां के द्वारा अपने बच्चे को फ्रीजर में लिटाने की यह घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

## 28 लाख रुपये शमशान घाटों का कायाकल्प

■ नगर पंचायत नरौली में श्मशान घाटों की हालत खस्ता

**चन्दौसी।** अनदेखी के चलते नगर पंचायत नरौली के लगभग सभी श्मशान घाटों की स्थिति बंद से बदतर हो गई है। यहां न तो शौचालय में है और न ही बैठने के इंतजाम है। आलम ये है कि बारिश होने पर यहां अंतिम संस्कार के लिए टिनशेड तक की व्यवस्था नहीं है। हालांकि नगर पंचायत के आठ श्मशान घाट में से वाल्मीकि समाज के श्मशान घाट का 28 लाख रूपये लागत से सौंदर्यीकरण किए जाने की मंजूरी शासन से मिल गई है। नगर पंचायत नरौली में लगभग आठ श्मशान घाट है। इसमें अलावलपुर रोड पर वाल्मीकि समाज, बेहटा साहू रोड पर सैनी समाज और मिलक मार्ग पर क्षत्रि समाज का श्मशान घाट है। इसके अलावा नगर पंचायत के तेली वाला कुंआ, जमुना तालाब, गुजर ढेहरी, फरीदपुर रोड व सीएचसी के पास श्मशान घाट है। वर्तमान समय में इन श्मशान घाटों की स्थिति बद से बदतर है। स्बे से मुख्य रास्ते से श्मशान घाटों तक पक्की सड़क नहीं है। सबसे ज्यादा परेशानी तो लोगों को बारिश के दिनों में होती है। वहीं गर्मियों में धूप से बचने के लिए श्मशान घाट पर शेड तक की व्यवस्था तक नहीं है। लाइट न होने से घाटों पर देर शाम से अंधेरा पसरा रहता है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते श्मशान घाटों की स्थिति खराब हो गई है। नगर पंचायत नरौली के अध्यक्ष विट्टन मलिक द्वारा बतया कि सभी श्मशान घाटों के सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था लेकिन सिर्फ एक के लिए राशि मंजूर की गई है। साथ ही गुजर ढहरी के पास दस लाख की राशि से एक नाला बनवाया गया है। अन्य श्मशान घाटों के सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव भेजा जाएगा।

ईओ श्रेतांक सारस्वत ने बताया कि अभी लगभग बीस दिन पहले ही चार्ज लिया है। जो भी कमी है उसका प्रस्ताव भेजा जाएगा।

## जातीय जनगणना के बगैर पिछड़ा वर्ग का सामाजिक, राजनैतिक आर्थिक व शैक्षिक विकास सम्भव नहीं: मुहम्मद अहमद

■ जातीय जनगणना का यह कदम सामाजिक और आर्थिक समानता को बढ़ावा देगा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**मुरादाबाद।** अखिल भारतीय तेली महापंचायत उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड प्रभारी मुहम्मद अहमद ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि जातीय जनगणना को लेकर लंबे वक्त से सामाजिक संगठन एवं राजनैतिक दल मांग कर रहे थे जिसे केंद्र सरकार ने मान तो लिया परंतु केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव को इसकी घोषणा 25 जून 2025 को की थी परन्तु कभी तक जमीन पर कोई कार्यवाही शुरू नहीं हुई है जबकि इसका पहला चरण 1 अक्तूबर 2026 से शुरू होनी की बात कही जा रही है केंद्रीय सरकार को अविलम्ब इस शासनादेश को जमीन पर उतरना चाहिए जातिगत जनगणना से पिछड़े-अति पिछड़े वर्ग के शैक्षणिक, सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक स्थिति को लेकर स्पष्टता आएगी और सरकार उनके लिए और मजबूती के साथ नीतियां बना पाएगी और यह कदम सामाजिक और आर्थिक समानता को बढ़ावा देगा, साथ ही नीति निर्माण में पारदर्शिता सुनिश्चित करेगा यह कदम सामाजिक और आर्थिक समानता को बढ़ावा देगा, साथ ही नीति निर्माण में पारदर्शिता सुनिश्चित करेगा। मुहम्मद अहमद ने कहा कि जातिगत जनगणना एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें देश की आबादी को उनकी जाति के आधार पर उनकी सही संख्या का पता चल जाये और आयु, लिंग, शिक्षा, रोजगार और अन्य सामाजिक-आर्थिक मापदंडों का न सिर्फ डेटा मिल जाता है और संख्या के अनुपात मे हिस्सेदारी सुनिश्चित हो जाएगी एकता को बढ़ावा मिले और जातिगत विभाजन को कम किया जा सकेगा जातिगत जनगणना सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम साबित होगा जातिगत आंकड़े ना सिर्फ पिछड़ा वर्ग का सामाजिक राजनैतिक आर्थिक व शैक्षिक विकास मे कारगर साबित होंगे बल्कि विभिन्न समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को बेहतर ढंग से समझने में मदद करेंगे जो भी जातियां शिक्षा, रोजगार, और स्वास्थ्य सेवाओं से ज्यादा वंचित हैं। इससे उनके लिए कल्याणकारी योजनाओं को और प्रभावी बनाया जा सकता है। मुहम्मद अहमद ने कहा कि इसके अलावा ओबीसी और अन्य वंचित समुदायों की सटीक जनसंख्या के अभाव में, आरक्षण नीतियों को लागू करना और संसाधनों का उचित वितरण करना मुश्किल रहा है। मंडल आयोग (1980) ने ओबीसी की आबादी को 52% माना था, लेकिन यह अनुमान पुराने डेटा पर आधारित था।

नए आंकड़े मे ओबीसी की आबादी को 70% माना था, इससे आरक्षण की सीमा और वितरण को और पारदर्शी बनाया जा सकता है और उन समुदायों की पहचान हो सकेगी जो ऐतिहासिक रूप से हाशिए पर रहे हैं।

# सिलेंडर की वजह से मकान में लगी आग



**कुन्दरकी।** मुरादाबाद जनपद के कुन्दरकी थाना क्षेत्र के गांव हरियाना में शनिवार देर रात बड़ा हादसा हो गया। जानकारी के मुताबिक गांव निवासी रामवीर सिंह के मकान में अचानक गैस सिलेंडर में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि घर में रखा सामान जलकर खाक हो गया। ग्रामीणों ने मिलकर आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन तब तक सब कुछ राख हो चुका था। हादसे में लाखों रुपये का नुकसान बताया जा रहा है। आग लगने की सूचना पाकर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस हादसे के बाद रामवीर सिंह के परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव के लोग पीड़ित परिवार को ढांढस बंधा रहे हैं। फिलहाल प्रशासन ने नुकसान का आकलन शुरू कर दिया है।

# जोरदार बारिश से सुपर बाजार में बनी जलभराव की स्थिति, लोगों को उठानी पड़ी परेशानी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** पीतल नगरी मुरादाबाद को स्मार्ट सिटी बनाने की दिशा में भले ही नगर निगम लगातार काम कर रहा हो। मगर शहर के कई इलाकों में जल भराव की समस्या का समाधान कराने में नगर निगम अभी भी पिछड़ा हुआ नजर आ रहा है। कुछ मिनट की बारिश में ही शहर के बुध बाजार इलाके में स्थित सुपर बाजार मार्केट में जल भराव की समस्या से दुकानदारों को दो-चार होना पड़ता है।

बीते दिनों हुई जोरदार बारिश के चलते सुपर बाजार में काफी पानी भर गया था जिसके चलते दुकानदारों को तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ा था, साथ ही दुकानों में पानी भरने से उन्हें काफी नुकसान भी हुआ था।

जिसके बाद स्थानीय दुकानदारों ने नगर निगम के अधिकारियों से जलभराव की समस्या से निजात दिलाने की मांग भी उठाई थी। मगर इस ओर नगर निगम ने कोई भी ठोस कदम नहीं उठाया। जिसका नतीजा रहा कि रविवार को कुछ मिनट की हुई जोरदार बारिश में ही सुपर बाजार में जल भराव की समस्या बन गई, जिसके चलते दुकानदारों को एक बार फिर दिक्कतों का सामना करना पड़ा वहीं सुपर बाजार में आने वाले लोगों को भी जल भराव के बीच से गुजरना पड़ा। स्थानीय दुकानदारों ने सुपर बाजार मार्केट में होने वाली जल भराव की समस्या से निजात दिलाए जाने की मांग नगर निगम के अधिकारियों से की हैं।



# गोहत्या आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर कोतवाली घेरी, पुलिस पर पक्षपात व भाजपा नेताओं पर संरक्षण के आरोप

**ठाकुरद्वारा।** गोहत्या मामले में फरार चल रहे आरोपी एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य जरीफ मलिक की गिरफ्तारी न होने पर हिंदू समाज का गुस्सा फूट पड़ा। रविवार को भाजपा नेता ठाकुर अजय प्रताप सिंह और महंत बच्चा बाबा के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने कोतवाली का घेराव कर आरोपी की गिरफ्तारी की मांग उठाई। लोगों ने पुलिस प्रशासन पर पक्षपात का आरोप लगाया महंत बच्चा बाबा ने कहा कि पुलिस जानबूझकर जरीफ मलिक को गिरफ्तार नहीं कर रही है। उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि आरोपी को भाजपा के ही कुछ नेता संरक्षण दे रहे हैं, जिसकी वजह से पुलिस दबाव में है और कार्रवाई से बच रही है। बच्चा बाबा ने चेतावनी दी कि यदि आरोपी की गिरफ्तारी तुरंत नहीं की गई तो हिंदू समाज आंदोलन छेड़ने को मजबूर होगा। वहीं, भाजपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी ठाकुर अजय प्रताप सिंह ने कहा कि इतने बड़े मामले में मुख्य आरोपी का खुलेआम घूमना न केवल पुलिस की नाकामी है बल्कि भाजपा सरकार की छवि पर भी सवाल खड़े कर रहा है। उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र गिरफ्तारी नहीं हुई तो वे खुद मुख्यमंत्री से मिलकर इस मामले में सख्त कार्रवाई की मांग करेंगे। गौरतलब है कि 25 जुलाई को ठाकुरद्वारा कोतवाली क्षेत्र के गांव किशनपुर गांवड़ी निवासी शमसुद्दीन के खेत में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छापा मारा था। इस दौरान मौके से एक युवती सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था, जबकि जरीफ मलिक समेत पांच आरोपी फरार हो गए थे। अब तक पुलिस एक युवती सहित सात लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है, लेकिन मुख्य आरोपी जरीफ मलिक पुलिस की पकड़ से दूर है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस लगातार छोटे आरो. पियों को पकड़कर अपनी पीठ थपथपा रही है, जबकि रसूखदार आरोपी को छोड़ दिया गया है। सवाल यह उठता है कि आखिर पुलिस किस दबाव में काम कर रही है? क्या वाकई जरीफ मलिक को राजनीतिक संरक्षण मिल रहा है कोतवाली घेराव में शामिल लोगों ने कहा कि हिंदू समाज की भावनाओं से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गोहत्या जैसे गंभीर अपराध में लिप्त आरोपी को बचाने की कोशिश न केवल कानून के खिलाफ है बल्कि समाज की शांति व्यवस्था के लिए भी खतरा है। इस मौके पर बाबा अनिल नाथ, बाबा रवि नाथ, जगदीश सक्सेना, राजेश चौहान, विशाल शंकर शर्मा, पंकज कुमार, साजन शर्मा, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।





# सियालदाह एक्सप्रेस का स्टॉपेज बहाल होने की सूचना से क्षेत्र में हर्ष का माहौल

**कांठ।** सियालदह एक्सप्रेस का स्टॉपेज फिर से कांठ में किए जाने की सूचना से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। इस कार्य की सफलता का श्रेय सभी अपने-अपने द्वारा दिए गए ज्ञापन को ही देने का काम कर रहे हैं। बतादें कि भारत विकास परिषद कांठ के अध्यक्ष महेशचंद्र गुप्ता के प्रतिष्ठान पर कांठ वैश्य सभा के अध्यक्ष मोां. हत माहेश्वरी, शैलेश गुप्ता आदि ने कांठ रेलवे स्टेशन पर सियालदहा एक्सप्रेस 13151-13152 कोलक. ाता जम्मूतवी का स्टॉपेज कराने के लिए विधान परिषद सदस्य एवं भाजपा के प्रदेश महामंत्री अनूप कुमार गुप्ता, विधान परिषद सदस्य डॉक्टर जयपाल सिंह व्यस्त आदि को पिछले दिनों ज्ञापन दिया थास ज्ञापन पर कार्रवाई करते हुए रेल मंत्री ने सियालदह एक्सप्रेस का स्टॉपेज कांठ रेलवे स्टेशन पर करने का आदेश जारी किया है 9 सितंबर से शाम को कोलकाता से आने वाली सियालदह एक्सप्रेस यहां रुकेगीस करीब 5 वर्ष बाद यहां स्टॉपेज होने से लोगों में हर्ष की लहर दौड़ गई है इससे हजारों लोगों को लाभ मिलेगा स जानकारी के अनुसार कोरोना काल में मार्च 2020 में शारदा एक्सप्रेस का स्टॉपेज बंद कर दिया गया था करीब 5 वर्ष 6 माह से यह ट्रेन यहां नहीं रुक रही थी जिसके कारण हजारों विद्यार्थी अन्य व्यापारी परेशान थे।

इस मामले को लेकर वैश्य सभा के अध्यक्ष मोहित महेश्वरी एवं भारत विकास परिषद के अध्यक्ष तथा अन्य व्यापारियों ने पार्टी के नेताओं को ज्ञापन दिए जिसका असर अब देखने को मिला स रेलवे स्टेशन के अधीक्षक हरिमोहन मीणा ने बताया की सियालदह एक्सप्रेस का स्टॉपेज रुकने का आदेश प्राप्त हो गया है 9 सितंबर की शाम को 7:48 पर यह गाड़ी यहां 2 मिनट के लिए रुकेगी स सुबह को यह गाड़ी 8:36 पर 2 मिनट के लिए रुकेगी।

# पांच कुंडीय यज्ञ के दौरान बताए बीमारियों से बचने व लड़ने के उपाय

**कांठ।** गायत्री परिवार शाखा छजलैट, द्वारा गत माह की भाँति किसान नेता चौधरी ऋषिपाल सिहँ के आवास कुचावली में पाँच कुण्डीय गायत्री यज्ञ का आयोजन किया गया, यज्ञ का संचालन शान्तिकुन्ज हरिद्वार से आये भूपेन्द्र कुमार उनकी धर्मपत्नी एवं पाँच वर्षीय पुत्री सुदीक्षा ने किया। यज्ञ का संगीतमय आयोजन करते हुए आचार्यश्री ने यज्ञ से विभिन्न प्रकार के रोगों से बचने का उनसे लड़ने का मार्ग बताया कहा कि आज की परिस्थिति से बचाव का मार्ग केवल यज्ञ हैं। यज्ञ के बिना मानव कल्याण सम्भव नहीं हैं यज्ञ में जबर सिंह, प्रेमशंकर गोला, कल्लू सिंह यादव, हरिराज किर खेमराज सिहं, प्रहलाद शर्मा, काले सिह, केशव शर्मा

तेजपाल सिंह, मा० अशोक कुमार, विक्की चौधरी मदन सिंह, सुरजीत सिंह, अजय कुमार, प्रेम. राज सिंहँ, जयप्रकाश सिंह, डा0 ओमकार सिंह, राजेन्द्र सिंह, आक. ाश चौ०, सुखवीर सिह, राजेश कुमार हरे कृष्णा, प्रवेन्द्र सिंहँ, रंजीत सिहँ, रनवीर सिहँ, राज. कुमार हरिओम शर्मा, धनेन्द्र शर्मा जिला अध्यक्ष भाकियू, ओमराज सिंह विश्नोई, धर्म सोम गाँधी, तारासिहं, हरि सिहं श्रीमति शशीवाला देवी, मोनी, ऐन्किल-चौ०, रीत-चो०, आदेश देवी अल्का देवी, विनेश देवी, ओमवती, गीता देवी, पूनम दिव्यांशी, बीना विश्नोई, चारुल सिंह,सुधा देवी, सी.बी. चौधरी आदि महिला पुरुष और बच्चे मौजूद रहे।



# 1008 दीपकों से जगमगा उठा टीएमयू का रिद्धि-सिद्धि भवन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के रिद्धि-सिद्धि भवन में आयोजित श्री 1008 वासुपूज्य भगवान जी मोक्ष कल्याणक महोत्सव पर शाम साढ़े सात बजे भव्यता से महाआरती हुई, जिसमें 1008 दीपकों से रिद्धि-सिद्धि भवन जगमगा उठा। कुलाधिपति परिवार के संग-संग वीसी, जैन फैकल्टीज, सैकड़ों श्रावक और श्राविकाएं दीपक अपने-अपने हाथों में लेकर महाआरती के दौरान भक्ति भाव में डूबे नजर आए। इस मौके पर कुलाधिपति श्री सुरेश जैन, फर्स्ट लेडी श्रीमती वीना जैन, जीवीसी श्री मनीष जैन, श्रीमती ऋचा जैन, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन, श्रीमती जाहन्वी जैन ने भी महाआरती में भाग लिया। वीसी प्रो. वीके जैन की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही। करीब तीन घंटे तक चले इस आस्थामय प्रोग्राम में सबसे पहले जिनालय में पंच परमेष्ठी की आरती के संग-संग भगवान आदिनाथ, भगवान महावीर, आचार्यश्री विद्यासागर महाराज जी, गणिनीप्रमुख ज्ञानमती माता जी की आरती हुई। इससे पूर्व कुलाधिपति परिवार की ओर से श्रीमती जहान्वी जैन और श्री अक्षत जैन संवृद्धि से महाआरती लेकर सभी फैकल्टीज और स्टुडेंट्स के साथ सीधे जिनालय पहुंचे। वहां पूजा-अर्चना के बाद महाआरती रिद्धि-सिद्धि भवन पहुंचीं। विधि- विधान से यहां महा आरती प्रतिष्ठाचार्य ऋषभ जैन शास्त्री जी के सानिध्य में हुई। भगवान महावीर के जयकारों से टीएमयू कैंपस गूंजायमान हो उठा। सचिन एंड पार्टी ने पारस प्रभु तेरी ऊंची है डागरिया, विद्या सागर नाम रे, ढोल बाजे डम डम, चलो बुलाया आया है, बाबा ने बुलाया है..., पारस प्यार लागे..., मीठे रस से भरी... , विद्यासागर जी महाराज आओ मेरी आंगनिया..., महावीर बोलो महावीर.. ., केसरिया- केसरिया... टीएमयू का बच्चा-बच्चा जय जय महावीर बोलेगा, एक ही नाम गूंजेगा जय जय महावीर सरीखे आस्थामय गीतों पर सैकड़ों श्रावक-श्राविकाओं के संग-संग कुलाधिपति, फर्स्ट लेडी, जीवीसी, ईडी समेत परिवार के सभी सदस्य झूमते नजर आए।

महाआरती में ब्रहमचारिणी कल्पना दीदी, प्रो. एसके जैन, प्रो. विपिन जैन, श्री मनोज जैन, प्रो. पी. के. जैन, डॉ. नम्रता जैन, डॉ. विनोद जैन, डॉ. विनीता जैन, श्रीमती आरती जैन, डॉ. अक्षय जैन, श्री आदित्य जैन, श्रीमती विनीता जैन, श्रीमती निकिता जैन, श्रीमती रितु जैन, श्रीमती स्वाति जैन, श्री सार्थक जैन आदि की भी उल्लेखनीय उपस्थित रही।



# बहजोई में भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध किया महाचंडी यज्ञ

**बहजोई।** जहां एक ओर प्रदेश की सरकार मंदिर,मठों, श्मशान घाट, गौशाला एवं उससे जुड़ी हुई भूमि की रक्षा करने के लिए लगातार प्रयासरत है और योगी आदित्यनाथ संभल को धर्म नगरी कहते हैं, पूरा जिला प्रशासन एवं अन्य अधिकारीगण 68 तीर्थ एवं 19 कूप सहित अन्य तीर्थ स्थान जागृत करने में लगे हुए हैं लेकिन वहीं दूसरी ओर संभल जिले मे बहजोई नगर के रेलवे रोड पर स्थित प्राचीन शक्ति पीठ मां भगवंतपुर वाली देवी मंदिर की मेला भूमि ( गाटा संख्या 633, रकबा 1.259 हेक्टेयर) पर नगर पालिका परिषद बहजोई के पालिका अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी द्वारा फर्जी टेंडर निकालकर भूमि को घेरने का प्रयास किया जा रहा है, और तरह-तरह के फर्जी कागजात तैयार कर उच्च अधिकारियों को गुमराह किया जा रहा है। मेले की भूमि पर किसी के द्वारा कोई कब्जा ना हो सके इसको लेकर प्राचीन शक्तिपीठ मां भगवंतपुर वाली देवी मंदिर एवं मेला ट्रस्ट (रजिस्टर्ड) के लोगों एवं नगर वासिओं द्वारा 75 दिनों से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी है। देवी मेले की भूमि बचाने हेतु एवं भ्रष्टाचारियों को सद्बुद्धि देने हेतु मेले की भूमि पर महाचंडी यज्ञ का आयोजन किया गया। मेले की भूमि को बचाने हेतु ट्रस्ट के लोगों द्वारा न्यायालय चंदौसी एवं उच्च न्यायालय इलाहाबाद में मुकदमा भी पंजीकृत किया जा चुका है जो कि अभी न्यायालय में लंबित है। इसके बावजूद नगर पालिका बहजोई के पालिका अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी नामित ठेकेदारों को मेले की भूमि पर निर्माण करने के लिए बार-बार भेज देते हैं जिसकी शिकायत जिला स्तर के अधिकारियों से लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी से भी की जा चुकी है। लेकिन इसके बाद भी अभी तक अधिकारियों द्वारा गलत ढंग से निकाला गया टेंडर निरस्त नहीं किया गया है। कुछ अधिकारी कागजों की लीपापोती पर लगे हुए हैं और अपने ही मकड़ जाल में फसते हुए नजर आ रहे हैं। अवगत कराते चलें कि प्रदेश सरकार द्वारा मंदिरों के सौंदर्य करण एवं अन्य सुविधाओं हेतु वंदन योजना के अंतर्गत प्राचीन शक्तिपीठ मां भगवंतपुर वाली देवी मंदिर के सौंदर्य करण हेतु 199.43 लाख रुपए आवंटित किए गए थे जिसके तहत नगर पालिका परिषद बहजोई के द्वारा देवी मंदिर पर सौंदर्य करण हेतु टेंडर जारी कर ठेका भी दे दिया। यही नहीं नगर पालिका द्वारा श्मशान घाट की भूमि एवं गौशाला के टेंडर में भी उच्च अधिकारियों को गुमराह कर दिया है अगर इन सभी कारनामों की उच्च अधिकारियों के द्वारा गहनता से जांच करा दी जाए तो दूध का दूध पानी का पानी सभी के सामने होगा।

महा चंडी यज्ञ में संजीव कुमार साउंड, मनोज कुमार आरएसएस, हिमांशु वार्ष्णेय, कमल कुमार कमल, शैलेंद्र वार्ष्णेय, भुवनेश कुमार, राकेश कुमार, राजेश बादशाह, दिलीप शर्मा,विजय कुमार, राजकुमार गौड़ आदि लोग उपस्थित रहे।

सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

**श्रीमान प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय महोदय, मुरादाबाद।**

**अभिरक्षा वाद संख्या:** 58 सन् 2025

**तारीख पेशी:** 14.10.2025

**धारा:** 7 दी गार्जियंस एण्ड वार्डस एक्ट 1890

**कृष्ण गोपाल बनाम पूजा रानी**

कृष्ण गोपाल उम्र 43 वर्ष पुत्र कमल किशोर निवासी एमआईजी-75 रामगंगा विहार विस्तार 2 थाना सिविल लाईन मुरादाबाद-244105-**वादी।**

**बनाम**

पूजा रानी उम्र 36 वर्ष पूर्व/तलाकशुदा पत्नी कृष्ण गोपाल पुत्री गुलाब सिंह निवासी पम्प नम्बर-2 प्रकाश नगर लाईनपार थाना मझौला, मुरादाबाद-244103-**विपक्षी।**

हरगाह **वादी** ने आपके नाम एक एवं नालिश बावत धारा: 7 दी गार्जियंस एण्ड वार्डस एक्ट 1890 के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि तारीख 14 माह 10 सन् 2025 बवक्त 10 बजे दिन के असालतान या मार्फत के जो उमूर अहम मुताल्लिके मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब ऐसे सवालात का दे सके, हाजिर हो और जवाब देही दावे की करे और आपको वाजिव है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन्हें अपनी जवाब देही में इस्तेमाल करना चाहते है। आपको इत्तिला दी जाती है कि आप अगर बरोज मजकूर हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मन्सूख और फैसला होगा। दस्तख्त मेरे व मोहर आज बतारीख 04 के माह 09 सन् 2025 को जारी किया है।

**वि0 वाद लिपिक**
**परिवार न्यायालय**
**जनपद-मुरादाबाद।**

## एक नजर

### पति सहित ससुरालियों पर प्रताड़ना का आरोप, पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र के सुरजननगर निवासी एक महिला ने अपने पति व ससुराल पक्ष पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने चौकी प्रभारी सुरजननगर को लिखित तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुरजननगर निवासी अल्शबा पत्नी दानिस ने चौकी प्रभारी को तहरीर कहा कि उसका पति दानिश का एक्सीडेंट हो गया जिसमें घायल होने के बाद इलाज कराने के लिए अपने साथ ले गया। वहीं सास , ननद औ के साथ अन्य परिजनों ने उसे बुरी तरह पीटा और गाली-गलौज कर घर से बाहर निकालने का प्रयास किया।

पीड़िता का कहना है कि उसकी एक साल की मासूम संतान की तबीयत खराब रहती है, फिर भी पति और ससुराल वाले उसका उत्पीड़न कर रहे हैं। महिला का आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग अक्सर उसे प्रताड़ित करते हैं और जान से मारने की धमकी भी देते हैं। उसने किसी तरह जान बचाकर मायके पहुंचकर पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी। जीसपर पीड़िता ने चौकी प्रभारी से ससुराल पक्ष के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

### पति की तहरीर पर पत्नी व पुत्री की गुमशुदगी दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** बच्ची को प्यास लगने पर पानी लेने गया पति पत्नी पुत्री गायब पति की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुंदर नगर भूत खेड़ा के चाऊ पूरा निवासी नासिर पुत्र जाकिर अली ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा कि वह अपनी पत्नी अलीना व पुत्री अरीवा के साथ आया हुआ था।

प्रार्थी व प्रार्थी की पत्नी व पुत्री कमालपुरी चौराहे पर खड़े पिलखन के पेड़ की छांव के नीचे बैठी हुई थी तव प्रार्थी की पुत्री अरीवा को प्यास लगी तब प्रार्थी वही तोड़ी दूरी पर स्थित वाटरकुल से पानी भरने गया जब प्रार्थी पानी लेकर वापस अपनी पत्नी के पास मौके पर पहुंचा तव वहां पर प्रार्थी की पत्नी व पुत्री नहीं मिली । प्रार्थी ने काफी तलाश किया मगर दोनों का कुछ पता नही चल पाया जीसपर पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराने की मांग की थी। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर पत्नी, व पुत्री की तलाश शुरू कर दी है।

### 15 लीटर कच्ची शराब के साथ पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बिलारी।** कोतवाली पुलिस ने रामनगर गंगपुर से तारापुर को जाने वाले मार्ग पर बिलारी थाना क्षेत्र के गांव गोराशाहगढ़ के रहने वाले जगबीर पुत्र प्रेम शंकर को 15 लीटर कच्ची शराब सहित गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया।

### भुवनेश को रोटरी क्लब में किया गया सम्मानित



**कांठ।** प्राथमिक विद्यालय माननगर कांठ, की प्रधानाध्यापिका भुवनेश को शिक्षक दिवस पर रोटरी क्लब मुरादाबाद समर्पण द्वारा सम्मानित किया गया। रोटरी क्लब मुरादाबाद समर्पण द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। जिसमें भुवनेश प्रधानाध्यापिका प्राथमिक विद्यालय माननागर कांठ को प्रशस्ति पत्र देकर व शॉल उड़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों से पधारे अध्यापकों को भी सम्मानित किया गया। क्लब सेक्रेटरी आशीष कुमार अग्रवाल, क्लब प्रेसिडेंट गोपाल अग्रवाल, डिस्ट्रिक्ट लिटरेसी चेयर विवेक गर्ग, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर नितिन कुमार अग्रवाल आदि ने शुभकामनाएं दी।

### हत्या के मामले में फरार चल रहे हैं 15 हजार के इनामी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बिलारी।** हत्या के एक मामले में फरार चल रहे 15 हजार के इनामी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी को उसने जेल भेज दिया। जिला संभल के थाना मिठनपुर मौजा निवासी किशनवीर पुत्र पर्वत सिंह का शव ढकिया नरु के जाने वाले रास्ते पर 31 जुलाई को प्रेम सिंह के धान के खेत में भरे पानी में औधे मुंह पड़ा हुआ था।

उसकी मौत हो गई ,बाद में उसकी पहचान के बाद मृतक के भाई महेंद्र सिंह ने कोतवाली में मृतक की पत्नी पिंकी के अलावा कई लोगों पर हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। मृतक कृष्ण वीर की हत्या उसकी पत्नी पिंकी ने अपने प्रेमियों के साथ मिलकर कराई थी। इस मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी व तीन आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था। हत्या के मामले में थाना सोनकपुर क्षेत्र के गांव रामपुरा निवासी अवनीश कुमार भारद्वाज पुत्र सुरेश चंद्र फरार चल रहा था। जिस पर पुलिस ने 15 हजार का इनाम घोषित किया था। पुलिस ने आरोपी अवनीश को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

### राष्ट्रीय योगी सेना महानगर की बैठक हुई आयोजित



**मुरादाबाद।** राष्ट्रीय योगी सेना महानगर की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें कमेटी का विस्तार करते हुए अपने साथियों को जिम्मेदारी दी गई। जिसमें अनुराग भारद्वाज को महामंत्री आकाश रस्तोगी, कोषाध्यक्ष अभिनव सिंघल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अतुल गुप्ता, उपाध्यक्ष सौरभ शर्मा, उपाध्यक्ष अमित शर्मा, मंत्री शेखर सिंह, मीडिया प्रभारी और आगे भी संगठन के साथ लोगों को जोड़ा जाएगा।संगठन में मुख्य रूप से जिला संरक्षक इंद्रजीत सिंह,जिला अध्यक्ष प्रभुजोत सिंह बग्गा,महानगर प्रभारी धर्मेंद्र सिंह ,मंडल प्रभारी पंकज महनत ,जिला सचिव संदीप शर्मा,मीडिया प्रभारी शरद शर्मा,नीरज कुमार आदि लोग मौजूद रहे। गौ रक्षा हमारा परम कर्तव्य है।संगठन का उद्देश्य अपने सनातन धर्म की रक्षा करने और अपने संगठन को पुन: आगे बढ़ने का है और रहेगा।सभी सदस्य अपने कर्तव्यों का पूर्णत: पालन करेंगे।हम सभी लोग वचन लेते हैं कि सामाजिक हितों की रक्षा के लिए तत्पर रहेंगे।बैठक का संचालन महानगर अध्यक्ष समीर शर्मा ने कोषाध्यक्ष आकाश रस्तोगी के साथ किया सभी पदाधिकारी का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। राष्ट्रीय योगी सेना के जिला मीडिया प्रभारी शरद शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### परोपकार करना भी एक यज्ञ है

**मुरादाबाद।** आर्य समाज स्टेशन रोड मुरादाबाद पर साप्ताहिक यज्ञ व सत्संग का आयोजन किया गया इस अवसर पर पंडित वीरेंद्र आर्य ने नीपेन्द्र सिंह आर्य की यज्ञमानी में वैदिक रीति से यज्ञ संपन्न कराया तत्पश्चात मथुरा प्रसाद आर्य ने माता के उपकारों से ओतप्रोत भजन प्रस्तुत किया। डा राममुनि ने महर्षि दयानंद सरस्वती के अमर ग्रंथ सत्यार्थ प्रकाश का पाठ किया और सूर्य प्रकाश द्विवेदी ने ऋग्वेद, अथर्ववेद तथा ऐतरेय उपनिषद के एक मंत्र की व्याख्या करते हुए बताया कि वेद में हमें सौ वर्ष तक स्वस्थ पूर्वक रहते हुए जीने की आज्ञा दी है। माता पिता को अपनी संतान और पौत्रादि में आनंदपूर्वक जीते हुए परोपकार करते रहना चाहिए। परोपकार भी एक यज्ञ है।

यज्ञ में इदं नमम् की भावना से ओतप्रोत होकर आहूति दी जाती है। इस अवसर पर रमेश सिंह आर्य, मयंक आर्य डा आलोक कुमार , लोकेश आर्य यशपाल आर्य जितेंद्र सिंह आर्य अरविन्द आर्यबंधु निर्मल आर्य राकेश कुमार प्रज्ञाषू आर्य वेदमुनि निहाल सिंह संतोष कुमार गुप्ता रविंद्र आर्य रमाशंकर आर्य संदीप त्रिवेदी अमित आर्य अर्जुन आर्य, सतीश मदान,आदि उपस्थित रहे।

### विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप में

# भारतीय टीम ने जीता सोना



● ऋषभ, अमन सैनी और प्रथमेश की पुरुष कंपाउंड टीम ने स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया

**दक्षिण कोरिया, वार्ता।** ऋषभ यादव, अमन सैनी और प्रथमेश फुगे की भारतीय पुरुष कम्पाउंड टीम ने रविवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप 2025 में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। यहां खेले गए फाइनल मुकाबले में भारतीय पुरुष कम्पाउंड टीम ने फ्रांस को 235-233 से हराकर यह उपलब्धि हासिल की। यह पहला मौका है जब भारत ने पुरुष कम्पाउंड टीम स्पर्धा में विश्व चैंपियनशिप का स्वर्ण पदक जीता है। फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम की शुरुआत थोड़ी कमजोर रही और वे पहले सेट में 57-59 से पीछे हो गए। हालांकि इसके बाद टीम ने शानदार वापसी की और हर सेट में लगातार बेहतर प्रदर्शन करते हुए फ्रांस की चुनौती को 235-233 से खत्म किया। पहले राउंड में बाई मिलने के बाद भारत ने ऑस्ट्रेलिया को शूट-ऑफ में मात दी, क्वार्टर फाइनल में अमेरिका को 234-233 से हराया और सेमीफाइनल में तुर्की पर 234-232 से जीत दर्ज की। भारत के युवा तीरंदाज ऋषभ यादव ने अपनी पहली विश्व चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया। 23 वर्षीय ऋषभ ने क्वालिफिकेशन में 709 अंकों के साथ आठवां स्थान हासिल किया और मिश्रित टीम स्पर्धा में भी दमदार खेल दिखाया। उन्होंने भारत की शीर्ष कम्पाउंड महिला तीरंदाज ज्योति सुरेखा वेन्नम के साथ जोड़ी बनाकर मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत जीता। दोनों ने जर्मनी, अल सल्वाडोर और चीनी ताइपे को हराते हुए फाइनल में जगह बनाई।

# भारत-पाक के अभ्यास सत्र से एशिया कप के लिए बेताबी बढ़ी



● भारत का सत्र लगभग तीन घंटे तक चला जिसमें प्रत्येक बल्लेबाज ने मैदान पर एक घंटे से अधिक समय बिताया

**दुबई, वार्ता।** शाम सात बजे के कुछ ही देर बाद, आईसीसी अकादमी में सभी की निगाहें पाकिस्तान टीम के नेट एरिया पर टिक गईं। वहीं रविवार को शारजाह में अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले त्रिकोणीय सीरीज के फाइनल से पहले अपने अंतिम प्रशिक्षण सत्र के लिए पहुंचे थे।

क्या भारत के साथ कोई क्रॉस-ओवर होगा, जो पहले से ही अपनी तैयारियों में व्यस्त था? क्या खिलाड़ी एक-दूसरे का अभिवादन करेंगे या दूरी बनाए रखेंगे? जो लोग इस पल को फिल्माने लायक होने की उम्मीद कर रहे थे, वे निराश हो गए क्योंकि दोनों टीमें अपनी-अपनी दिनचर्या में डटी रहीं। भारत का सत्र लगभग तीन घंटे तक चला, जिसमें उनके प्रत्येक विशेषज्ञ बल्लेबाज ने मैदान पर एक घंटे से अधिक समय बिताया, उसके बाद ऑलराउंडरों ने पैड पहनकर गेंद को सभी कोनों में मारा, जिससे यह नेट सत्र की तुलना में अधिक रेंज-हिलटग साबित हुआ, जिसका उद्देश्य खिलाड़ियों को टच पाने में मदद करना था। पाकिस्तान ने नेट एरिया में एक शांत कोने में किसी की नजरों से दूर बल्लेबाजी की।

उन्होंने ऐसी सतहों पर तैयारी की जो टर्न और असमान उछाल दे रही थीं, शायद टीम रविवार को राशिद खान, एएम गजनफर और नूर अहमद के खिलाफ होने वाली चुनौतियों की तैयारियों में थी। नेट से दूर, शाहीन शाह अफरीदी ने कुछ कैच लिए और हल्का वार्म-अप किया, जबकि हारिस रऊफ ने दौड़ लगाई। आईसीसी अकादमी में विभिन्न प्रकार की पिचें हैं, लगभग 40 पिचें जिनमें से अधिकांश एशियाई हैं, लेकिन कुछ ऐसी भी हैं जो वाका, गाबा जैसी उछाल वाली परिस्थितियों की तरह हैं और कुछ स्विंग और सीम प्रदान करती हैं, जिनका पिछले कुछ दिनों में 60 से अधिक खिलाड़ियों ने अच्छा उपयोग किया, जिनमें ओमान और हांगकांग के खिलाड़ी भी शामिल हैं। शनिवार को जब प्रशिक्षण समाप्त हुआ, तब आयोजकों ने राहत की सांस ली। पाकिस्तान को रविवार को एक मैच खेलना था और भारत ने विश्राम का दिन घोषित कर दिया था। शाम की शुरुआत भारत द्वारा 20, 40 और 60 मीटर की दूरी पर कोन्स के साथ ब्रोंको ड्रिल के साथ हुई। टीम पांच-पांच के तीन समूहों में बंट गई।

ट्रेनर एड्रियन ले रॉक्स ने निर्देश दिए, सितांशु कोटक ने स्कोर बनाए रखा, जबकि मुख्य कोच गौतम गंभीर चीयरलीडर बने। यह अभ्यास परिणामों के बारे में नहीं था, बल्कि मैच के दिन की परिस्थितियों से सामंजस्य बैठाने के बारे में था, अगर भारत हीट में पहले क्षेत्ररक्षण करता है। जैसे ही लाइटें पूरी तरह से जलीं, खिलाड़ी पूरी तरह से सेंटर विकेट नेट पर आ गए। शुक्रवार को तो सब कुछ आसान लग रहा था, लेकिन शनिवार का खेल और भी तीखा था, शायद हमें उन संयोजनों की भी झलक मिल गई जो धीरे-धीरे उभरने लगे हैं।

## नागरिक स्वदेशी उत्पाद खरीदें: मांडविया



**नई दिल्ली।** केंद्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने आज 'गर्व से स्वदेशी' की विशेष थीम पर 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' पहल के तहत सांसदों के साथ इंडिया गेट और कर्तव्य पथ पर साइकिल चलाई और नागरिकों से स्वदेशी उत्पादों को खरीदने का अग्राह किया।

फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल के 39वें संस्करण का आयोजन भारतीय रेलवे के सहयोग से देश भर के 8000 स्थानों पर किया गया। नई दिल्ली में इस कार्यक्रम का शुभारंभ ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक ने सुबह सात बजे मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम से किया, जिसमें 1500 से अधिक साइकिल चालक और फिटनेस प्रेमी मौजूद थे। इस दौरान 'गर्व से स्वदेशी' उत्सव में भारतीय स्पोर्ट्सवियर और फिटनेस ब्रांड्स ने प्रतिभागियों के लिए स्वदेशी उत्पादों के स्टॉल लगाए गए। कार्यक्रम में कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, नवीन जिंदल, पुरुषोत्तम रूपाला, प्रभुभाई वसावा, हेमंग जोशी, सुभाष बराला, भोजराज नाग और रमेश बिधूड़ी आदि ने भाग लिया। इस अवसर पर डा. मांडविया ने कहा कि मुझे रविवार को साइकिल पर कार्यक्रम में हमारे नागरिकों की बढ़ती भागीदारी देखकर खुशी हो रही है।

# सबालेंका ने जीता यूएस ओपन

● आर्यना सबालेंका ने फ्लशिंग मीडोज के हार्ड कोर्ट पर अपना दबदबा कायम करते हुए अमांडा को हराकर लगातार दूसरी बाद जीता खिताब



**न्यूयॉर्क, वार्ता।** विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने फ्लशिंग मीडोज के हार्ड कोर्ट पर अपना दबदबा कायम करते हुए अमांडा अनिसिमोवा को हराकर लगातार दूसरी बार यूएस ओपन का खिताब जीता।

शनिवार रात खेले गए मुकाबले में बेलारुस की सबालेंका ने फाइनल मुकाबले में अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा को 6-3, 7-6(3) से हराकर अपने खिताब को बरकरार रखा। इस जीत के साथ बेलारूसी खिलाड़ी सबालेंका 2014 में सेरेना विलियम्स के बाद न्यूयॉर्क में लगातार दो एकल खिताब जीतने वाली पहली महिला खिलाड़ी बन गईं। यह उनके करियर का चौथा ग्रैंड स्लैम खिताब है। 27 वर्षीय शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी सबालेंका इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियन ओपन और रोलैंड गैरोस दोनों के फाइनल में हारने के बाद दबाव में चैंपियनशिप के खिताबी मुकाबले में मैच में उतरी थीं। लेकिन उन्होंने मौके का फायदा उठाया और अथक शक्ति और संयम का प्रदर्शन करते हुए 2025 की अपनी पहली और अपने करियर की चौथी बड़ी ट्रॉफी जीती। यह जीत ग्रैंड स्लैम स्तर पर उनकी 100वीं मुख्य ड्रॉ मैच जीत और इस सीजन की उनकी 56वीं जीत भी है। बेसलाइन से सबालेंका के जोरदार प्रहारों का मुकाबला करते हुए, 23 वर्षीय अमेरिकी खिलाड़ी ने गत चैंपियन को शुरुआत में ही परेशान किया, लेकिन महत्वपूर्ण मौकों पर की गई गलतियां उसके लिए महंगी साबित हुईं। शुरुआती सेट में पांच बार सर्विस ब्रेक हुई, लेकिन सबालेंका ने 5-3 के स्कोर पर अपनी लय बनाए रखी और सेट को केवल 38 मिनट में ही समाप्त कर दिया, क्योंकि अनिसिमोवा का फोरहैंड बाहर चला गया था। दूसरे सेट में अमेरिकी खिलाड़ी ने वापसी की और 5-4 के स्कोर पर सबालेंका की सर्विस के दौरान लड़खड़ाने का फायदा उठाया।

## भारत की दूसरी सर्वश्रेष्ठ टीम करेगी दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम से मुकाबला

● मंगलवार से शुरू होकर छह दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में 42 देशों के कुल 320 निशानेबाज हिस्सा लेंगे

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की 24 सदस्यीय टीम, जिसमें अधिकांश निशानेबाज राष्ट्रीय रैंकिंग में चार से छह के बीच रैंक किए गए हैं, विश्व के शीर्ष निशानेबाजों से मुकाबला करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी सत्र के चौथे और अंतिम अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) विश्व कप राइफल/पिस्टल चरण की शुरुआत निंगबो, चीन में हो गई है। मंगलवार (9 सितम्बर 2025) से शुरू होकर छह दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में 42 देशों के कुल 320 निशानेबाज, 10 स्वर्ण पदकों के लिए निशाना साधेंगे। निंगबो में चार मौजूदा ओलंपिक चैंपियनों सहित दुनिया के कई शीर्ष निशानेबाज हिस्सा लेंगे, जहां वे नवम्बर में काहिरा में होने वाली विश्व चैंपियनशिप से पहले आत्मविश्वास हासिल करने की कोशिश करेंगे।

कुछ निशानेबाज दिसंबर में दोहा में होने वाले सीजन के समापन आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल्स के लिए क्वालिफाई करने की उम्मीद में यहां अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देना चाहेंगे।

### संक्षिप्त खेल समाचार

#### एआईएफएफ ने सुपर कप के लिए तारीखों की घोषणा की

**नई दिल्ली, वार्ता।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की कार्यकारी समिति शनिवार को वर्चुअल रूप से एकत्रित हुई और एआईएफएफ की व्यावसायिक संपत्तियों के प्रबंधन और मुद्रीकरण के अधिकारों को सीमित अवधि के लिए प्रदान करने हेतु एक एजेंसी के चयन के लिए महासंघ के कोटेशन अनुरोध (आरएफक्यू) प्रक्रिया को मंजूरी दी। एआईएफएफ ने इसके साथ ही सुपर कप की तारीखों को भी अपनी मंजूरी दे दी। चयन प्रक्रिया की निगरानी के लिए, कार्यकारी समिति ने तीन सदस्यीय बोली मूल्यांकन समिति (बीईसी) गठित करने का संकल्प लिया।

#### पाक अक्टूबर में दक्षिण अफ्रीका के साथ बहु-प्रारूप श्रृंखला खेलेगा

**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान 12 अक्टूबर से शुरू होने वाली बहु-प्रारूप श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी करेगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने रविवार को दक्षिण अफ्रीका के साथ अक्टूबर से शुरु होने वाली बहु-प्रारूप श्रृंखला की घोषणा की हैं। इस दौरे में दो टेस्ट मैच होंगे। इसके जरिए दोनों टीम 2025-27 आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरुआत करेगी।

दक्षिण अफ्रीका 2023-25 संस्करण जीतकर वर्तमान में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का विजेता है। पहला टेस्ट मैच लाहौर में (12-16 अक्टूबर) और दूसरा टेस्ट रावलपिंडी (20-24 अक्टूबर) खेला जायेगा। इसके बाद दोनों टीमें तीन टी-20 और तीन वनडे मैच खेलेंगी। रावलपिंडी में पहला टी-20 मैच 28 अक्टूबर को खेला जाएगा। इसके बाद श्रृंखला के बाकी दो मैच 31 अक्टूबर और एक नवम्बर को लाहौर में खेले जाएंगे।

# इंग्लैंड ने सैम को किया टीम में शामिल

● चयनकर्ताओं ने सैम करेन को उनके कौशल के आधार पर टीम में वापस बुलाया है

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका और आयरलैंड के खिलाफ होने वाले अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैच के लिए ऑलराउंडर सैम करेन को टीम में शामिल किया है, जबकि सभी प्रारूपों के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट को आराम दिया गया है। ब्रेंडन मैकुलम की कप्तानी में इंग्लैंड की सीमित ओवरों की टीम में पहली बार करेन की वापसी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक और एकदिवसीय सीरीज हारने के बाद हुई है।

चयनकर्ताओं ने करेन को उनके कौशल के आधार पर टीम में वापस बुलाया है। उन्होंने मौजूदा टी-20 ब्लास्ट के 15 मैचों में 365 रन और 21 विकेट लिए हैं और इससे पहले, द हंड्रेड में ओवल इनलवसिबल्स के खिताबी अभियान में उन्होंने अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने नौ मैचों में 238 रन और 12 विकेट लिए थे। करेन ने आखिरी बार नवम्बर 2024 में वेस्टइंडीज दौरे पर राष्ट्रीय टीम के लिए खेला था। चयनकर्ताओं को उम्मीद है कि वह इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती प्रदान करेंगे। चयनकर्ताओं ने इंग्लैंड के न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले डकेट को आराम देने का भी फैसला किया है।

30 वर्षीय डकेट ने भारत के खिलाफ ड्रॉ हुई पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में 462 रन बनाए थे, लेकिन उसके बाद से उनकी फॉर्म खराब चल रही है और वे पिछली 10 पारियों में सिर्फ एक बार 20 का आंकड़ा पार कर पाए हैं (द हंड्रेड में आठ और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय में दो रन बनाये है)। इसके अलावा इंग्लैंड ने तेज गेंदबाज मैथ्यू पॉट्स को भी आयरलैंड के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय टी-20 से हटा दिया है ताकि उन्हें काउंटी चैंपियनशिप खेलने और एशेज टीम में चयन के लिए दबाव बनाने का मौका मिल सके। इस महीने की शुरुआत में जेमी ओवरटन के लाल गेंद वाले क्रिकेट को छोड़ने के फैसले के बाद, इस प्रमुख शीतकालीन दौरे में उनके लिए जगह पक्की हो सकती है।

**दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ इंग्लैंड की टी-20 टीम प्रकार है:-** हैरी ब्रूक (कप्तान), रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, टॉम बैंटन, जैकब बेथेल, जोस बटलर, ब्रायडन कार्स, सैम करेन, लियाम डॉसन, विल जैक्स, साकिब महमूद, जेमी ओवरटन, आदिल राशिद, फिल सॉल्ट, जेमी स्मिथ और ल्यूक वुड।

**आयरलैंड के खिलाफ इंग्लैंड की टी-20 टीम इस प्रकार है:-** जैकब बेथेल (कप्तान), रेहान अहमद, टॉम बैंटन, जोस बटलर, सैम करेन, लियाम डॉसन, विल जैक्स, साकिब महमूद, जेमी ओवरटन, आदिल राशिद, फिल सॉल्ट, ल्यूक वुड, जॉर्डन कॉक्स, सन्नी बेकर और टॉम हार्टले

## स्वतंत्र परीक्षण में सुब्रायन का बॉलिंग ऐक्शन वैध

**दुबई, वार्ता।** स्वतंत्र परीक्षण केंद्र ने दक्षिण अफीका के ऑफ स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर प्रीनेलान सुब्रायन का गेंदबाजी ऐक्शन वैध पाया है। अब तक एक टेस्ट और एक एकदिवसीय मैच खेल चुके सुब्रायन का गेंदबाजी ऐक्शन पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया में संदिग्ध पाया गया था। हालांकि सुब्रायन को गेंदबाजी से रोका नहीं गया था लेकिन दक्षिण अफ्रीका ने उन्हें आराम देते हुए ऑस्ट्रेलिया में आगे न खिलाने का फैसला किया और इंग्लैंड के खिलाफ जारी सीरीज के लिए उनका चयन नहीं किया था। सुब्रायन का 26 अगस्त को ब्रिस्बेन में परीक्षण किया गया और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के एक बयान में पुष्टि की गई कि उनकी सभी गेंदों में कोहनी का विस्तार आईसीसी के अवैध गेंदबाजी विनियमों के तहत अनुमत 15 डिग्री के स्तर के भीतर था।

# आखिरी क्षणों की पेनल्टी से भारत को कतर से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा

**दोहा, वार्ता।** एएफसी अंडर-23 एशियाई कप 2026 के लिए जल्दी क्वालीफाई करने की भारत की उम्मीदों पर कल रात पानी फिर गया जब ब्लू कोल्ट्स को दोहा के अब्दुल्ला बिन खलीफा स्टेडियम में मेजबान कतर के हाथों 1-2 से हार का सामना करना पड़ा।

ग्रुप एच के एक कड़े मुकाबले में, भारत ने खेल के अधिकांश समय कतर से बराबरी की, लेकिन दूसरे हाफ में एक पेनल्टी और डिफेंडर प्रमवीर को मिले रेड कार्ड के कारण उसे हार का सामना करना पड़ा। इस परिणाम के साथ कतर दो मैचों में छह अंकों के साथ ग्रुप में शीर्ष पर है, जबकि भारत तीन मैचों में तीन अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। मजबूत घरेलू प्रशंसकों के उत्साहवर्धन के बीच मेजबान टीम ने शानदार शुरुआत की और 18वें मिनट में बढ़त बना ली जब अल हाशमी मोहियालदीन ने कॉर्नर पर गेंद को गोल में पहुंचाने के लिए ऊपर की ओर बढ़े और एक लूपिंग हेडर को नेट में डाल दिया, जिससे भारतीय रक्षा पंक्ति स्तब्ध रह गई। मुख्य कोच नौशाद मूसा के नेतृत्व में भारत ने शुरुआती दबाव को झेला और धीरे-धीरे मुकाबले में अपनी जगह बनाई।

पार्थिब गोगोई और मोहम्मद सन्नन के जरिए मौके आए, जिनकी गेंदों ने मुश्किलें तो पैदा कीं, लेकिन वे निर्णायक साबित नहीं हुईं। आखिरकार 52वें मिनट में इनाम मिला। मिडफील्डर मैकार्टन लुइस निक्सन ने गेंद को बीच में ही रोक लिया और काउंटर अटैक शुरू किया, जिसका अंत सन्नन के सटीक क्रॉस से हुआ, जो मोहम्मद सुहैल के लिए था। स्ट्राइकर ने बिना कोई गलती किए, अपने मार्कर से ऊपर उठकर गेंद को गोल में पहुंचाया और बराबरी हासिल की। हालांकि, बराबरी ज्यादा देर तक नहीं टिकी। 67वें मिनट में, कतर ने तेजी से हमला किया और बॉक्स के अंदर नूरेलदीन इब्राहिम पर प्रमवीर के गलत समय पर किए गए टैकल ने रेफरी को स्पॉट की ओर इशारा करने पर मजबूर कर दिया। पहले से ही बुक किए गए डिफेंडर को आउट करार दिया गया, जिससे भारत की टीम 10 खिलाड़ियों पर सिमट गई। जसीम अल शरशानी ने आगे बढ़कर पेनल्टी को गोल में बदल दिया, जिससे गोलकीपर साहिल सही दिशा में डाइव लगाने के बावजूद गलत दिशा में चले गए। एक गोल और एक खिलाड़ी से पिछड़ने के बावजूद भारत ने हार मानने से इनकार कर दिया। गोलकीपर साहिल ने लगातार बेहतरीन बचाव करके अपनी टीम को मुकाबले में बनाए रखा, अब्दुलअज़ीज हसन और मोहम्मद सुराग को नाकाम करते हुए कतर ने मुकाबले को अपने नाम कर लिया।

## न्यूजीलैंड की पुरुष-महिला हॉकी टीमों ने विश्व कप 2026 के लिए क्वालीफाई किया

● न्यूजीलैंड की महिला और ऑस्ट्रेलियाई पुरुष टीमों ने महाद्वीपीय चैंपियन का खिताब जीता

**जर्मनी, वार्ता।** ओसनिया कप 2025 आज ऑस्ट्रेलिया के डार्विन में संपन्न हुआ। न्यूजीलैंड की महिला और ऑस्ट्रेलियाई पुरुष टीमों ने अपनी-अपनी प्रतियोगिताएं जीतकर तीन-तीन मैचों की श्रृंखला के बाद महाद्वीपीय चैंपियन का खिताब जीता।

इस जीत का मतलब था कि ब्लैक स्टिक्स की महिला टीम ने आगामी एफआईएच हॉकी विश्व कप, बेल्जियम और नीदरलैंड्स, 2026 के लिए ओसनिया की चैंपियन टीम के रूप में क्वालीफाई कर लिया। ऑस्ट्रेलियाई पुरुष टीम एफआईएच हॉकी प्रो लीग के माध्यम से विश्व कप के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुकी थी, और दूसरे स्थान पर रहने के बाद, न्यूजीलैंड की पुरुष टीम भी आगामी विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने वाली महिला टीम के साथ जुड़ गई।

न्यूजीलैंड की जीत के बाद उसकी कप्तान ओलिविया शैनन ने कहा कि विश्व कप हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। पिछले साल हम पेरिस के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाए थे और मुझे लगता है कि इस सीरीज ने पेरिस के लिए क्वालीफाई न कर पाने के बावजूद हमारे अंदर मौजूद उस संघर्ष, उस लचीलेपन और ऊर्जा को दर्शाया है। न्यूजीलैंड की पुरुष टीम खाली हाथ नहीं लौटी क्योंकि ओसनिया से सीधे विश्व कप क्वालीफिकेशन स्थान उसका था।

# पुजारा ने इंडियन हेल्थकेयर लीग का शुभारंभ किया



● लीग का उद्देश्य चिकित्सा जगत और समाज में कैंसर जागरुकता और मानसिक स्वास्थ्य पर बातचीत को बढ़ावा देना है

**नई दिल्ली, वार्ता।** व्हाइटकोट स्पोर्ट्स ने आज इंडियन हेल्थकेयर लीग का अनावरण किया, जो विशेष रूप से डॉक्टरों के लिए समर्पित एक अभूतपूर्व स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म है। एक स्वास्थ्य पहल से कहीं बढ़कर, यह लीग खुद को दोहरे उद्देश्य वाले एक शक्तिशाली आंदोलन के रूप में स्थापित करती है - कैंसर जागरूकता को अपना प्राथमिक मिशन बनाना और स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों के मानसिक स्वास्थ्य को अपना द्वितीयक उद्देश्य बनाना। इसके साथ, यह भारत की सबसे परिवर्तनकारी और प्रभावशाली डॉक्टर-केंद्रित पहलों में से एक बनने के लिए तैयार है। हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स समाज की रीढ़ हैं, फिर भी व्यस्त दिनचर्या, लंबे समय तक काम करने और तनावपूर्ण वातावरण के कारण उनका शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अक्सर पीछे छूट जाता है।

इंडियन हेल्थकेयर लीग की स्थापना इसी कमी को पूरा करने के लिए की गई थी–डॉक्टरों को खेल के आनंद के माध्यम से तरोताजा होने, जुड़ने और फलने-फूलने के अवसर प्रदान करना, साथ ही चिकित्सा जगत और समाज में कैंसर जागरूकता और मानसिक स्वास्थ्य पर बातचीत को बढ़ावा देना। इस अवसर पर, व्हाइटकोट स्पोर्ट्स के सीएमडी, डा. राहुल मंगल ने कहा कि व्हाइटकोट स्पोर्ट्स में, हम डॉक्टर-फर्स्ट की नीति में दृढ़ता से विश्वास करते हैं। इंडियन हेल्थकेयर लीग न केवल फिटनेस को बढ़ावा देने के बारे में है, बल्कि हमारे समय की दो महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं-कैंसर जागरूकता और मानसिक स्वास्थ्य - को संबोधित करने के बारे में भी है। डॉक्टरों को खेल में शामिल होने के लिए एक मंच प्रदान करके, हमारा लक्ष्य एक ऐसा प्रभाव पैदा करना है जहां स्वस्थ डॉक्टर मजबूत समुदायों का नेतृत्व करें, साथ ही यह लीग उन मुद्दों पर जागरूकता भी बढ़ाए जो पूरे भारत में लाखों लोगों को प्रभावित करते हैं। इस शुभारंभ समारोह में मुख्य अतिथि भारतीय क्रिकेटर चेतेश्वर पुजारा के साथ-साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में कई प्रमुख डॉक्टर उपस्थित रहे। लॉन्च के दौरान, चेतेश्वर पुजारा ने कहा कि इंडियन हेल्थकेयर लीग वास्तव में एक अनूठी पहल है जो उन लोगों के स्वास्थ्य का जश्न मनाती है जो हमें स्वस्थ रखने के लिए अपना जीवन समर्पित करते हैं। कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाने और डॉक्टरों के बीच मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत करने का इसका मिशन इसे एक खेल आयोजन से कहीं बढ़कर बनाता है। यह बदलाव का एक मूवमेंट है। मेरा मानना है कि इस लीग में भारत की दूसरी सबसे बड़ी लीग बनने की क्षमता है, जो न केवल डॉक्टरों को बल्कि पूरे समाज को फिटनेस, निवारक स्वास्थ्य और खेल को अपनाने के लिए प्रेरित करेगी। इंडियन हेल्थकेयर लीग के पहले सीजन में देश के विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाली छह गतिशील फ्रेंचाइजी टीमें शामिल हैं।

## साउथ और सेंट्रल जोन के बीच होगी दलीप ट्रॉफी में खिताबी भिड़ंत

**बेंगलुरु, वार्ता।** साउथ जोन और सेंट्रल जोन के बीच दलीप ट्रॉफी के फाइनल में खिताबी भिड़ंत होगी। साउथ जोन को मिली बड़ी बढ़त गुरजपनीत सिंह (चार विकेट) और एम डी निधीष (तीन विकेट) के बाद नारायण जगदीशन (नाबाद 52) के शानदार प्रदर्शन के दम पर साउथ जोन ने 270 रनों की बड़ी बढ़त के साथ रविवार को ड्रॉ हुए पहले सेमीफाइनल में नॉर्थ जोन के खिलाफ रविवार को दलीप ट्रॉफी के फाइनल में जगह बना ली। वहीं छह बल्लेबाजों शुभम शर्मा (96), दानिश मालेवर (76), कप्तान रजत (77), उपेंद्र यादव (87), हर्ष दुबे (75) और सारांश जैन (63) की अर्धशतकीय पारियों की मदद से बनाये गए 600 रनों के विशाल स्कोर साथ फाइनल में जगह बना ली। यहां सेमीफाइनल के चौथे दिन नॉर्थ जोन ने कल के पांच विकेट पर 278 रनों से आगे खेलना शुरु किया।

# कटघर इलाके में दिनदहाड़े स्कूटी सवार युवक को मारी गोली, क्षेत्र में फैली दहशत



**मुरादाबाद।** जनपद के कटघर थाना क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई जब शाम ढलते ही एक युवक की एक युवक को गोली मार दी गई, घटना की जानकारी लगते ही मौके पर पहुंचे परिजन आनन-फानन में लहूलुहान हालत में पड़े युवक को लेकर अस्पताल पहुंचे। वहीं दिनदहाड़े युवक को गोली मारे जाने की सूचना लगते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों में भी हड़कंप गया और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए और मामले की जानकारी ली। पूरा मामला जनपद के कटघर थाना क्षेत्र कर्बला के मैदान का बताया जा रहा है। बताया जा रहा है की कटघर थाना क्षेत्र के दुर्गेश नगर डबल फाटक इलाके के रहने वाले कमल चौहान अपनी एक्टिवा स्कूटर से घर वापस लौट रहे थे कि इस दौरान कर्बला के मैदान के पास उन्हें किसी ने गोली मार दी, जिससे वह सड़क पर गिर पड़े।घटना की जानकारी लगते ही कमल चौहान के परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और आनन फानन में उन्हें अस्पताल लेकर दौड़ पड़े। दिनदहाड़े कर्बला के मैदान में एक युवक को गोली मारे जाने की सूचना लगते ही एसपी सिटी रणविजय सिंह, थाना कटघर पुलिस और फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए और मामले की जानकारी ली। दिनदहाड़े स्कूटी सवार युवक को गोली मारे जाने की इस घटना से क्षेत्र के लोगों में दहशत फैल गई।

# बजरफुट से भरा ट्रक पलटा, लगा जाम



**मुरादाबाद।** बिलारी-मुरादाबाद मार्ग पर हाथीपुर गांव के निकट सड़क पर उस समय भीषण जाम की स्थिति बन गई जब एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया, रामनगर से बजरबुट भरकर ला रहा ट्रक सड़क के किनारे लगे एसबीएस स्कूल के बोर्ड को तोड़ता हुआ अनियंत्रित होकर पलट गया।ट्रक पलटने से सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई।ट्रक पलटते ही चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। घटना की जानकारी लगते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को हटवाकर जाम को खुलवाया। कस्बा इंचार्ज अमित कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और क्रेन की मदद से ट्रक को किनारे कराकर जाम खुलवाया। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। हालांकि ट्रक पलटने की इस घटना से सड़क पर काफी देर तक जाम की स्थिति जरूर बनी रही।

# बस चालकों की मेहरबानी से लग रहा जाम, दूसरे लोग हो रहे परेशान



**कांठ।** पुराने बस स्टैंड पर रोडवेज बस चालकों की मेहरबानी से जाम लग रहा है और आम आदमी इस जाम से परेशान है मगर जिम्मेदार लोगों पर इससे कोई फर्क नहीं पड रहा है। सभी जानते हैं कि कांठ में मुख्य मार्ग पर जाम क्षेत्र के लोगों के लिए सबसे बड़ी परेशानी का सबव बना हुआ है इस जाम का मुख्य कारण रोडवेज बसें और ई रिक्शा है। बस चालक काली सड़क पर बस खड़ी करके सवारियां उतारने और चढ़ाते हैं और सड़कों की साइड में खड़े ई रिक्शा आवागमन को बाधित कर देते हैं। जब तक बस सवारी उतार ने और चढाने के बाद चलती है तब तक दोनों और वाहनों की लंबी-लंबी लाइन लग जाती है और इस भीषण गर्मी में लगे जाम का खामियाजा स्कूल से अपने घर जाने वाले बच्चों को भारी कीमत देकर चुकाना पड़ता है क्षेत्र में बुखार पांव पसार रहा है और चिलचिलाती धूप में घंटो का सफर तय करना स्कूल के बच्चों पर भारी पड़ रहा है। लेकिन जिन पर यातायात व्यवस्था बनाने की जिम्मेदारी है वह बिल्कुल खामोश है आज भी बस चालकों ने दोनों ओर से सड़क को घेर लिया जिसकी वजह से भरी दोपहर में मुख्य मार्ग पर जाम लग गया वाहनों की लंबी-लंबी लाइन दोनों और लगी तो दो पहिया वाहन चालक भी जाम में फंसते दिखाई दिए इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा नगर के लोगों ने एक बार फिर इस जाम से निजाद दिलाए जाने की मांग जिम्मेदार अधिकारियों से उठाई है।

# मोहम्मद इब्राहिमपुर दौड़ प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमदार प्रदर्शन

## सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर किया पुरस्कृत

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बिलारी।** क्षेत्र के ग्राम मोहम्मद इब्राहिमपुर में अफजाल एजुकेशनल एंड सोशल ट्रस्ट मोहम्मद इब्राहिमपुर के तत्वाधान में आयोजित मोहम्मद इब्राहिमपुर दौड़ प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के आयोजक अफजल हायर सेकेंडरी स्कूल के निदेशक कमर हसन ने सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान को फूल माला पहनाकर स्वागत किया। दौड़ प्रतियोगिता 400 मीटर, 800 मीटर, 1200 मीटर, 1600 मीटर की हुई।

दौड़ प्रतियोगिता का उदघाटन मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे बिलारी विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने किया। इस दौरान बोलते हुए सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने कहा कि ग्रामीण अंचल में इस तरह की प्रतियोगिता के आयोजन से छिपी प्रतिभाओं को आगे आने का मौका मिलता है। इस अलावा खिलाड़ियों को अपनी क्षमता दिखाने और सुधारने का अवसर मिलता है। छोटे से बड़े स्तर की प्रतियोगता में जाने का अवसर मिलता है। कहा कि प्रतियोगिताओं से खिलाड़ियों को केवल जीतने का अवसर नहीं देती, बल्कि जीवन में अनुशासन, आत्म विश्वास और सफलता की दिशा भी दिखाती है।400 मीटर की दौड़ में मोहम्मद शाद, मोहम्मद फराज और मोहम्मद रिहान क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। 800 मीटर दौड़ में मोहम्मद अमन, मोहम्मद रजा और मोहम्मद फरदीन क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे।

1200 मीटर की दौड़ में मोहम्मद फरदीन, मोहम्मद अमन और शाने आलम क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। 1600 मीटर की दौड़ में रजत, विष्णु और मुकुल यादव क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। सभी विज.ेता खिलाड़ियों को सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने ट्राफी और प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। इस दौरान में मुख्य रूप से हाजी मोहम्मद उस्मान एडवोकेट, मोहम्मद आयाज एडवोकेट, रूबेद, आलम पाशा, आदि मौजूद रहे।

प्रतियोगिता आयोजन में मोहम्मद नाजिम, सुभाष सिंह, गुड्डू, मो उमर, नौशाद अली, मो शाकिब, वसीम अकरम, वासिक, नसीम अख्तर, रूबेद पाशा, मो कैफ, वाजिद हुसैन, अजीम पाशा आदि समेत सभी गांव वालों का सहयोग रहा।

# गो सेवकों के पहुंचने पर मिलता है हरा चारा, अन्यथा सूखा चारा खाने को गोवंश मजबूर



**कांठ।** गौशालाओं में गोवंश को संरक्षित तो किया जा रहा है लेकिन वहां पर गोवंश सुरक्षित है या नहीं है इसको लेकर सवालिया निशान लगा हुआ है हम बात कर रहे हैं सादकपुर खिचड़ी गौशाला की गौ सेवक विकास शर्मा के मुताबिक इसमें 450 गोवंश संरक्षित हैं लेकिन गोवंश का स्वास्थ्य यहां पर बहुत अच्छी स्थिति में नहीं है कई गोवंश सूख चुके हैं और एक बार गिरने के बाद उनका जान जाना तय माना जाता है। उन्होंने बताया कि खातापुर गांव में जो सरकारी जमीन गौशाला के लिए हरा चारा उगाने को दी गई थी वहां पर माकूल सिंचाई की व्यवस्था न होने कारण उसमें चारा उत्पन्न नहीं हो रहा है। जिसकी वजह से गोवंश के लिए हरे चारे का अभाव है ग्राम प्रधान जिन्हें इसका जिम्मा दिया गया था वह भी अपनी जिम्मेदारी का पूरी तरह से निर्वाह नहीं कर पा रहे हैं। छोटे गोवंश के लिए गौ सेवको की मांग पर जिलाधिकारी ने 5 माह पहले ही अलग केटल सेड बनाने के आदेश दिए थे मगर उस पर भी अभी कोई काम नहीं हुआ है। इस कारण छोटा गोवंश और घायल गोवंश बिल्कुल भी सुरक्षित नहीं है उन्होंने बताया कि एक गोवंश ने बछिया को जन्म दिया है लेकिन हरा चारा न मिलने के कारण वह काफी कमजोर है। आज गौ सेवक गौशाला पहुंचे तो उन्होंने अपने सामने हरे चारे की व्यवस्था कराकर गोवंश के पेट भरने का काम किया उन्होंने जल्द ही इस मामले को मुख्यमंत्री तक पहुंचा कर गोवंश को संरक्षित के साथ-साथ सुरक्षित भी कराए जाने की बात कही है।

## एक नजर

### मेले में चला पॉलिथीन जब्ती अभियान



**चन्दौसी।** जिलाधिकारी राजेन्द्र पैंसिया के आदेशानुसार पहले ही आदेशित किया गया था कि चंदौसी में चल रहे हैं मेला गणेश चौथ को प्रतिबंधित पॉलिथीन मुक्त रखा जाए। जिसके तहत नगर पालिका की टीम प्रियंका सिंह एसएफआई के नेतृत्व में मेले में प्रतिबंधित पॉलीथिन का जब्ती करण किया गया। जिसमें 2.5 किलो प्रतिबंधित पॉलीथिन व 3000 जुर्माना वसूला गया ।जिससे मेले में अफरा-तफरी रही प्रतिबंधित पॉलीथिन उपयोग न करने हेतु प्रेरित किया गया। जिसमें पालिका कर्मचारी मुकेश, राजेश ,छत्रपाल, नेमपाल आदि रहे।

### भांतू समाज के लोगों ने अपनी मांगों को लेकर सपा विधायक को सौंपा ज्ञापन



**बिलारी।** नगर के डाक बंगला के निकट स्थित सपा कैंप कार्यालय एमआई हाउस पर रविवार को ग्राम सतारन के भांतू समाज के लोगों ने सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि वर्ष 2015 से पूर्व भांतू समाज के लोगों के जाति प्रमाण पत्र जारी किए जाते थे, परन्तु 2016 से अब उनके समाज के जाति प्रमाण पत्र जारी नहीं किए जा रहे है। कहा कि जाति प्रमाण पत्र जारी नहीं हो पाने के कारण उनके बच्चों की शिक्षा दिलाने में दिक्कतें आ रही हैं। कहा कि जाति प्रमाण पत्र जारी कराने को लेकर विभागीय अधिकारी से भी मिल चुके है, परन्तु अभी तक सफलता नहीं मिली। सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने आश्वासन देते हुए कहा कि भांतू समाज के जाति प्रमाण पत्र बनवाए जाने की मांग विधानसभा सत्र के दौरान उठाएंगे।

इस अवसर पर मुख्य रूप से ग्राम प्रधान सतारन डॉ आसिफ मलिक, पूर्व प्रधान रियाज पाशा, लखन, किशन, सुनीता, लक्ष्मण, सोनिया, शिवकुमार, रोमी, कमलेश, मुन्नी, बाबूराम, अशोक, महेंद्र, शीला देवी, रामसेन, संता, शंकर समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### सतपाल जी महाराज के जन्मोत्सव पर सद्भावना संत समागम का हुआ आयोजन



**बिलारी।** मानव उत्थान सेवा समिति के तत्वाधान में नगर के मंदिर पोड़ाखेड़ा पर परम पूज्य सद्गुरु सतपाल जी महाराज के जन्मोत्सव के मौके पर सद्भावना संत समागम का आयोजन हुआ। जिसमें भारी तादाद में लोगों ने हिस्सा लिया। रविवार को हुए संत समागम में भारी तादात में सतपाल जी महाराज के अनुयाई पहुंचे। जहां हंस ज्ञान मंदिर मुरादाबाद की प्रभारी महात्मा विजेता बाई ,महात्मा विवेकी बाई ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। भारी तादात में दूरदराज के श्रद्धालु पहुंचे। जहां भजनों के माध्यम से गुरु महाराज के जन्म दिवस पर बधाइयां दी। गुरु महाराज के दीर्घ जीवन की कामना की। रविवार को कार्यक्रम में बोलते हुए महात्मा विजेता बाई ने कहा कि गुरु महाराज ने अपने अध्यात्म ज्ञान प्रचार द्वारा समाज में सोए हुए मानव जगत को अध्यात्म ज्ञान प्रदान करके उनका यशस्वी भविष्य बनाने का प्रयास किया है। राष्ट्र की एकता, अखंडता में सामाजिक सहभद्रता व सद्भावना की शक्ति निहित है। सद्भावना के द्वारा मानव समाज में प्रेम, सौहार्द एवं राष्ट्रीय का सर्वांगीण विकास कर सकता है। अध्यात्म सद्भावना की जननी है इसलिए महापुरुषों व संतों ने आध्यात्मिक ज्ञान के द्वारा समाज में सद्भावना को फैलाया। मानव मात्र को एकता के सूत्र में पिरोकर उनमें सदवृत्तियों का विकास किया। इसी तरीके से मानव उत्थान सेवा समिति पूरे भारतवर्ष में सद्भावना सत्संग, सम्मेलन यात्रा आदि कर रहा है। कार्यक्रम के दौरान विवेकी बाई ने कहा कि मानव जीवन में सद्भावना का होना बहुत जरूरी है। सद्भावना से ही हम एक सशक्त व मजबूत समाज के भविष्य को बना सकते हैं। सम्मेलन के बाद भंडारे का भी आयोजन हुआ। कार्यक्रम में दिनेश प्रजापति, कुलदीप सिंह, कल्याण सिंह,नागेंद्र प्रजापति, मुनेश प्रजापति, देशराज सिंह, हेमपाल सिंह, हरवंश मौर्य आदि ने सहयोग दिया।

# बीच सड़क पर बना गड्ढा ना ले ले किसी की जान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** बीच सड़क पर पड चुका गड्ढा किसी की जान ना ले ले इसकी आशंका लोगों को सता रही है। लेकिन लोक निर्माण विभाग इस और पूरी तरह से अनजान बना हुआ है नगर के लोगों ने सड़क की मरम्मत कराए जाने की मांग उठाई है। गड्ढा मोड़ी तिराहे पर मुख्य मार्ग में पड चुका है जिसकी वजह से वाहनों के पहिए अचानक गड्ढे में चले जाने से वहां डिस बैलेंस हो रहे हैं एक तो मुख्य मार्ग पर भारी वाहनों का संचालन दूसरी ओर मोडी की तरफ जाने के लिए पड़ा गड्ढा जान जोखिम में डाल रहा है। इस गड्ढे की वजह से वाहनों की रफ्तार भी कम हो जाती है जिसकी वजह से यहां भी सवारियों को रेंग रेंग कर चलने को मजबूर होना पड़ता है। दूसरी और यह गड्ढा दो पहिया और चार पहिया वाहनों के लिए भी मुसीबत की वजह बनता जा रहा है नगर के लोगों ने इस गड्ढे की मरम्मत करा कर यातायात सुरक्षा सुविधाजनक बनाए जाने की मांग उठाई है।

# युवा काल में क्रांतिकारी और वृद्धावस्था में गुमनामी गुजारते साथी विचित्र ने दुनिया को कहा अलविदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बिलारी।** नगर बिलारी में सक्रिय रूप से संगठनों ने संयुक्त रूप से क्रांतिकारी विचारक विचित्र सक्सेना के शोक में एक सभा का आयोजन किया गया। सभा में वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 1978 था,जब जयप्रकाश नारायण की संपूर्ण क्रांति की आवाज देश में गूंज रही थी और पहली बार विपक्ष की केंद्रीय सरकार बनी थी। देश में कुछ ऐसा उत्साह था जैसे एक नई आजादी मिली हो। नगर बिलारी के देश प्रेम की भावना से ओत-प्रोत नौजवानो ने अपना संगठन बनाया था। उन्ही में विचित्र कुमार सक्सेना भी थे।बिलारी के सैकड़ो नौजवानों की एकता ने ऐसा माहौल बना दिया था कि हम लोगों की आवाज प्रशासन भी सुनने के लिए बाध्य था। नगर में हिंदू मुस्लिम लड़ाई बढ़ाने की कोशिशें को हर बार हम लोगों ने ना काम कर दिया। विचित्र सक्सेना भी हर संघर्ष और आंदोलन में साथ रहे। सत्याग्रह करते हुए जेल भी गए। ऐसी अनेकों कहानी उनके युवाकाल के जीवन से जुड़ी हुई हैं। फिर उनके पिता की मौत के बाद उन्हें लेखपाल की नौकरी मिली। इस तरह जीवन का एक लंबा काल -शादी होना, बच्चे होना, मकान बनवाना और फिर अचानक एक दिन जवान बेटे की मौत और उसके गम में उसकी मां का स्वैच्छिक मृत्यु वरण । आगे का उनका जीवन बस एकांतवास कहा जा सकता है। कई बार कोशिश की थी,वह बिलारी में हम लोग के साथ मीटिंग में आएं पर प्रयास असफल रहे और फिर विचित्र अचानक एक दिन रात में सोते हुए प्रात: वह मृत पाए गये । वक्ताओं ने इस तरह उनके जीवन पर प्रकाश डाला और अंत में 2 मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।डॉ राकेश रफीक द्वारा आयोजित शोक सभा में विचित्र सक्सेना के साथ रहे सामाजिक और क्रांतिकारी साथियों ने भाग लिया। विचित्र सक्सेना उनकी पत्नी और बेटे के चित्र पर मालयार्पण किया तथा पुष्पांजलि अर्पित की। स्टेशन रोड स्थित एक मैरिज हॉल में शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में काशीराम, संजय शर्मा, संजय सक्सेना, देवेंद्र गांधी, अचिंत कुमार, योगी कुमार प्रदीप, नवीन कान्त गुप्ता, प्रेम कुमार फतेहपुर,डॉक्टर मीनाक्षी सखी, कौशल क्रांतिकारी जितेंद्र दक्ष, मोहम्मद आसिफ ष्कमलष एडवोकेट, रघुनाथ सक्सेना, विचित्र की बेटियां, दामाद, भाई व परिवार के अन्य सदस्यों ने भी भाग लिया।

# शताब्दी वर्ष को लेकर गायत्री परिवार ने किया गोष्ठी का आयोजन

## शताब्दी वर्ष का उद्देश्य विश्व शांति और मानव कल्याण के लिए सामूहिक साधना का वातावरण तैयार करना

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बिलारी।** तहसील के गांव सिहारी लद्दा में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के सौजन्य से गायत्री परिवार शाखा बिलारी के गायत्री परिजनों ने गोष्ठी का आयोजन कर 2026 में शांतिकुंज में 1926 से प्रज्वलित अखंड दीप के 100 वर्ष पूर्ण होने तथा शांतिकुंज संस्थापिका माता भगवती देवी के शताब्दी वर्ष को भव्य और अलौकिक बनाने के लिए मंथन किया गया, साथ ही विश्व कल्याण, सामाजिक कुरीतियों और अशिक्षा पर भी विचार व्यक्त किए गए। रविवार को आयोजित गोष्ठी से पूर्व अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के संस्थापक वीर मूर्ति तपो लिस्ट पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य शक्ति स्वरूपा माता भगवती देवी आदि शक्ति मां गायत्री के चित्र पर गायत्री परिजनों ने पुष्प अर्पित करती प्रयोग किया।

गोष्टी में गायत्री परिवार के वयोवृद्ध राम सिंह यादव ने शताब्दी वर्ष के निमित्त क्षेत्र में आने वाले शक्ति कलश के कार्यक्रम को लेकर विस्तार से रूपरेखा समझाई। उन्होंने कहा कि परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्री राम शर्मा आचार्य जी का सपना युग परिवर्तन अब सरकार होता दिख रहा है। मानव मात्र में प्रेम- भाव, भाईचारा और संस्कृति का उत्थान हो रहा है। उन्होंने कहा कि समाज में व्याप्त कुरीतियों को त्यागना भी युग परिवर्तन का ही एक संकेत है। दहेज प्रथा, मृतक भोज, अशिक्षा आज हमारे समाज के लिए अभिशाप बन चुकी है।

इन्हें त्यागना ही होगा। गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता आचार्य विजयपाल सिंह राघव ने कहा कि शांतिकुंज हरिद्वार में शताब्दी वर्ष परमबंधीय माताजी और परम पूज्य गुरुदेव के जीवन और कार्य को समर्पित है। यह वर्ष विश्व शांति, युग निर्माण और गायत्री परिवार के सिद्धांतों को आगे बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। अखंड दीपक के 100 वर्ष पूर्ण होने पर विशेष आयोजन, सामूहिक साधना और साधकों को उनके संकल्पना की पूज्य गुरुदेव जी के आदर्शों के अनुरूप जीवन जीने के लिए प्रेरित करना है। शताब्दी वर्ष का मुख्य उद्देश्य ही विश्व शांति और मानव कल्याण के लिए वातावरण बनाना है। सुरेश चंद्र व रमेश यादव ने संगीत के माध्यम से लोगों को युग परिवर्तन के लिए प्रेरित किया। युग परिवर्तन की बेला है,चलो साथ हो चलें गीत सुनकर गायत्री परिजनों में जोश भर दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से यशपाल सिंह, चौधरी विजय सिंह, मित्र पाल सिंह, सोमपाल सिंह प्रशांत चौधरी रमेशचंद जवाहर सिंह, श्री राम, राजपाल सिंह सुरेश पाल यादव दलपत सिंह रणजीत सिंह वीर सिंह प्रवीण सिंह अनिल कुमार सुरेश चंद मित्र पाल सिंह विजय सिंह विजयवती गोरिया रानी गुड्डू आदि सहित आने को गायत्री परिजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन व शांति पाठ सुखबीर सिंह यादव ने कराया।

# कोतवाली पुलिस ने आर्म्स एक्ट में एक को भेजा जेल

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के टांडा बहादुरपुर को जाने वाले रास्ते के पास पुलिस ने एक संदिग्ध युवक की तलाशी ली तो उसके पास एक तमंचा नाल में फंसा खोखा बरामद किया, जिसको लेकर संबंधित मामले में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई।

शनिवार को शाम 7:30 पर कोतवाली पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक संदिग्ध युवक टांडा बहादुरपुर के रास्ते पर घूम रहा है। जैसे ही पुलिस ने उसकी तलाशी दी तो उसके पास एक तमंचा 315 बोर और नाल में फंसा खोखा बरामद हुआ, जिसमें पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक विनोद कुमार व हेड कांस्टेबल सोमवीर सिंह मौजूद रहे।




शाह टाइम्स

सम्पादकीय

सोमवार, 8 सितम्बर 2025

# उप राष्ट्रपति का चुनाव

9 सितंबर को होने वाले उप राष्ट्रपति चुनाव से पहले सत्ता पक्ष व विपक्ष के बीच जोर आजमाइश चल रही है। जहां भाजपा अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुट गई है और दिल्ली में भाजपा सांसदों की दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन इसी चुनाव को लेकर किया गया है। यह कार्यशाला कितनी महत्वपूर्ण है यह देखकर ही पता चलता है कि इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आम कार्यकर्ता की तरह सबसे पिछली सीट पर बैठे दिखाई दिए। वहीं दूसरी तरफ उप राष्ट्रपति पद के चुनाव को लेकर रविवार को कांग्रेस की भी एक महत्वपूर्ण बैठक हुई, बैठक में कांग्रेस नेताओं ने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की, वहीं सोमवार को संसद भवन परिसर में इंडिया गठबंधन नेताओं की बैठक बुलाए जाने की बात भी कही।

कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे इंडिया गठबंधन के सांसदों ने सोमवार को जहां संसद भवन एनेक्सी में रात्रि भोजन का आयोजन करने की बात कही, वहीं सभी से गठबंधन के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी को अपना वोट करने के लिए कहा। हालांकि अब तक उप राष्ट्रपति चुनाव में गैर गठबंधन की बात करें तो एआईएमआईएम असदुद्दीन ओवैसी ने अपना समर्थन सुदर्शन रेड्डी को दिया है। वहीं रात्रि भोज के जरिये खड़गे इंडिया गठबंधन से इतर दलों से भी समर्थन की अपील कर सकते हैं। बीजू जनता में अभी भी मंथन जारी है। भोज तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी देना था, लेकिन वह पंजाब, हिमाचल, उत्तराखंड में आई बाढ़ को लेकर रद्द कर दिया। ठीक उसी तरह भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी शनिवार को भोज देना था, उन्होंने भी रद्द कर दिया। इसमें कोई दोराय नहीं है कि इस समय उप राष्ट्रपति का चुनाव बेहद चुनौतीपूर्ण बना हुआ दिखाई दे रहा है। बेशक संख्याबल अभी सत्तापक्ष के पक्ष में ही दिखाई दे रहा है, लेकिन जिस तरह के इस समय राजनीतिक हालात हैं, कोई भी जरा सा जोखिम लेने को तैयार नहीं है और दोनों ही पक्षों को क्रॉसिंग वोट का डर सताता दिखाई दे रहा है। विपक्ष की सफलता का दारोमदार भी क्रॉसिंग वोट पर ही टिका हुआ है। जैसेकि कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने कहा भी कि उप राष्ट्रपति पद का चुनाव किसी चुनाव चिन्ह पर नहीं होता, यह अंतरात्मा का चुनाव है और उन्हें उम्मीद है कि लोग अंतरात्मा की आवाज पर वोट देंगे। जिस तरह उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अचानक इस्तीफा दिया था, उससे भी यह चुनाव और रौचक हो गया है।

राहुल गांधी ने वोट अधिकार यात्रा के दौरान जिस तरह का बिहार में जन समर्थन जुटाया, उससे भी सत्ता पक्ष खेमे में सुगबुगाहट है और इंडिया गठबंधन के हौसले बुलंद दिखाई दे रहे हैं। यही कारण है कि सत्ता पक्ष व विपक्ष दोनों ही पूरी तैयारी के साथ इस चुनाव को लेकर आगे बढ़ रहे हैं और अपनी तरफ से कोई कमी छोड़ते दिखाई नहीं दे रहे हैं। वैसे भी कहा जाता है कि राजनीति में कभी भी समय एकजैसा नहीं रहता, चीजें नाटकीय तरीके से बदल जाती हैं। भाजपा भले ही नंबर के गेम में अभी भी आगे है, लेकिन वह आश्वस्त नहीं हो सकती, क्योंकि वह अल्पमत सरकार की अगुवाई कर रही है। देखना है कि उप राष्ट्रपति का ताज किसके सिर पर सजता है।

## नई चुनौतियां चिंता का विषय



ट्रम्प टैरिफ के आतंक से उभरी नई चुनौतियां चिंता का विषय हैं, इन चुनौतियों से निपटने को लेकर भारत व सत्ताधारी पार्टी भाजपा को जन व देशहित का ध्यान रखते हुए अपनी नीतियों व कार्यक्रमों में ठोस व भारी सुधारवादी रवैया अपनाने की जरूरत है, ऐसा करना जरूरी है, वरना देश के विशाल बहु. जनों की समस्याएं और भी जटिल होकर देश के मान-सम्मान को भी दुनिया में प्रभावित करेंगी, इससे बचना बहुत जरूरी है, विरोधी दल अंदर खाने मिलकर बसपा को कमजोर करने की साजिश कर रहे हैं, दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों को संवैधानिक अधिकारों से वंचित कर उन्हें शासक वर्ग बनने से रोकने की कोशिशें की जा रही हैं, बसपा सरकारों में सर्वसमाज को विकास मिला था, जिसे अब रोकने का प्रयास हो रहा है।

**सुश्री मायावती, राष्ट्रीय अध्यक्ष, बसपा**

# प्राकृतिक आपदाओं का बढ़ता कहर





**विनीत नारायण**

भारत, अपनी प्राकृतिक सुंदरता और विविध भौगोलिक संरचना के लिए विश्व भर में प्रसिद्ध है। लेकिन हर साल मानसून के आगमन के साथ यह देश प्राकृतिक आपदाओं की चपेट में आ जाता है। हाल के वर्षों में, विशेष रूप से हिमालई राज्यों जैसे उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में बादल फटने, भूस्खलन और भारी बारिश के कारण होने वाली तबाही ने न केवल जन-धन की हानि की है, बल्कि सरकारी तंत्र की नाकामी और भ्रष्टाचार को भी उजागर किया है।

भारत में मानसून का मौसम जून से सितंबर तक रहता है और इस दौरान देश के कई हिस्सों में भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन की घटनाएं अब आम हैं। हाल के महीनों में, उत्तराखंड के उत्तरक. ाशी जिले के धराली गांव में बादल फटने से भारी तबाही मची, जिसमें कम से कम पांच लोगों की मौत हुई और 50 से अधिक लोग लापता हो गए। हिमाचल प्रदेश में भी अगस्त 2025 में भारी बारिश के कारण दर्जनों सड़कें बंद हो गईं और कई लोगों की जान चली गई। इन घटनाओं ने एक बार फिर यह सवाल उठाया है कि सरकारी तंत्र इन आपदाओं को रोकने और उनके प्रभाव को कम करने में क्यों असफल हो रहा है?

बादल फटने की घटनाएं, जिन्हें भारत मौसम विज्ञान विभाग 100 मिमी प्रति घंटे से अधिक बारिश के रूप में परिभाषित करता है, विशेष रूप से हिमालई क्षेत्रों में आम हैं। ए घटनाएं न केवल प्राकृतिक हैं, बल्कि जलवायु परिवर्तन और मानवीय गतिविधियों जैसे अनियोजित निर्माण, जंगलों की कटाई और नदियों के प्राकृतिक प्रवाह में हस्तक्षेप के कारण और भी घातक हो गई हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन के कारण बारिश की तीव्रता बढ़ रही है, जिससे बादल फटने और भूस्खलन की घटनाएं अधिक बार और अधिक विनाशकारी हो रही हैं।

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने हाल ही में अपने बयान में कहा कि पहाड़ी राज्यों में होने वाले निर्माण और नुकसान के लिए घर में बैठकर तैयार की गई फर्जी डीपीआर बनाने वाले दोषी कल्प्रिट हैं। ये लोग बिना जमीनी हकीकत जाने हुए डीपीआर बना देते हैं जिससे ऐसे हादसे होते हैं। यह बयान न केवल सरकारी तंत्र की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि विकास परियोजनाओं में पारदर्शिता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण की कमी कितनी घातक हो सकती है।

डीपीआर, जो किसी भी योजना का बुनियादी ढांचा व आधार होती है, में अगर भ्रष्टाचार और लापरवाही बरती जाती है, तो इसका परिणाम ऐसी हादसों व त्रासदियों के रूप में सामने आता है।इसे 'करप्शन ऑफ डिजाइन' कहा जाता है।

पहाड़ी क्षेत्रों में सड़कों, पुलों और अन्य बुनियादी ढांचे का निर्माण करते समय भूगर्भीय और पर्यावरणीय कारकों को नजरअंदाज करना आम बात हो गई है। गडकरी का यह बयान इस ओर इशारा करता है कि कई परियोजनाओं के लिए डीपीआर बिना स्थानीय भूगोल और जलवायु की गहन जांच के तैयार की जाती हैं। उदाहरण के लिए, उत्तराखंड जैसे क्षेत्रों में, जहां भूस्खलन और बाढ़ का खतरा हमेशा बना रहता है, सड़क निर्माण के लिए अक्सर पहाड़ों को अंधाधुंध काटा जाता है, जिससे ढलान अस्थिर हो जाते हैं। यह न केवल भूस्खलन को बढ़ावा देता है, बल्कि नदियों में मलबे का प्रवाह भी बढ़ाता है, जिससे बाढ़ की स्थिति और गंभीर हो जाती है।

भारत में बाढ़ और जलभराव की स्थिति को नियंत्रित करने में सरकारी तंत्र की विफलता कई स्तरों पर दिखाई देती है। सबसे पहले तो हमारी आपदा प्रबंधन की तैयारी ही अपर्याप्त है। उत्तराखंड में 2013 की केदारनाथ त्रासदी, जिसमें 6,000 से अधिक लोग मारे गए थे। 2021 की चमोली आपदा, जिसमें 200 से अधिक लोग हिमस्खलन और बाढ़ की चपेट में आए। इन हाद. सों ने यह स्पष्ट कर दिया कि सरकार को पहले से चेतावनी और तैयारी की जरूरत है। फिर भी, हर साल न सिर्फ एक जैसी आपदाएं दोहराई जाती हैं बल्कि राहत और बचाव कार्यों में देरी और अव्यवस्था भी दिखाई देती है।

दूसरा, जल निकासी प्रणालियों की कमी और रखरखाव की अनदेखी भी एक बड़ा मुद्दा है। दिल्ली-एनसीआर जैसे शहरी क्षेत्रों में, जहां 2024 में 108 मिमी बारिश ने भारी जलभराव पैदा किया, नालों की सफाई और उचित जल निकासी की कमी साफ दिखाई दी। पहाड़ी क्षेत्रों में नदियों के किनारे अनियोजित निर्माण और अतिक्रमण ने प्राकृतिक जल प्रवाह को बाधित किया है, जिससे बाढ़ का खतरा बढ़ गया है।

तीसरा, स्थानीय समुदायों की भागीदारी और जागरूकता की कमी भी एक बड़ी समस्या है। ऐसे में स्थानीय ज्ञान का उपयोग करके सड़क निर्माण हो तो शायद भूस्खलन में रोकथाम हो सके। लेकिन वास्तव में, स्थानीय लोगों की सलाह को अक्सर नजरअंदाज किया जाता है और परियोजनाएं केवल ठेकेदारों और अधिकारियों के हितों को ध्यान में रखकर बनाई जाती हैं।

इन समस्याओं का समाधान तभी संभव है जब सरकार और समाज मिलकर एक समग्र और वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाएं। सबसे पहले, डीपीआर तैयार करने की प्रक्रिया को पारदर्शी और वैज्ञानिक बनाना होगा। भूगर्भीय सर्वेक्षण, पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन, और स्थानीय विशेषज्ञों की राय को शामिल करना अनिवार्य होना चाहिए। भ्रष्टाचार को रोकने के लिए स्वतंत्र ऑडिट और निगरानी तंत्र स्थापित किए जाने चाहिए। दूसरा, आपदा प्रबंधन के लिए एक मजबूत ढांचा तैयार करना होगा। इसमें न केवल राहत और बचाव की तैयारी शामिल होनी चाहिए, बल्कि प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों, जैसे कि बादल फटने की निगरानी, को भी मजबूत करना होगा। कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग भूस्खलन और जलभराव की संभावना वाले स्थानों की पहचान के लिए किया जाना चाहिए। इसके अलावा पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ विकास को प्राथमिकता देनी होगी। जंगलों की कटाई को रो. कना, नदियों के प्राकृतिक प्रवाह को बहाल करना और अंधाधुंध निर्माण पर रोक लगाना जरूरी है। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड जैसे राज्यों में इको-सेंसिटिव जोन में निर्माण को सख्ती से विनियमित करना होगा। भारत में बादल फटने, भूस्खलन और बाढ़ की त्रासदियां केवल प्राकृतिक नहीं हैं, बल्कि मानवीय लापरवाही और भ्रष्टाचार का भी परिणाम हैं। नितिन गडकरी का बयान इस दिशा में एक कड़वी सच्चाई को उजागर करता है। सरकारी तंत्र की नाकामी, चाहे वह जलभराव को नियंत्रित करने में हो या आपदा प्रबंधन में, ने आम लोगों का जीवन खतरे में डाल दिया है। अब समय है कि सरकार, समाज और विशेषज्ञ मिलकर एक ऐसी व्यवस्था बनाएं जो न केवल आपदाओं को रोके, बल्कि उनके प्रभाव को कम करने में भी सक्षम हो। टिकाऊ विकास, पारदर्शी प्रशासन, और वैज्ञानिक दृष्टिकोण ही इस दिशा में आगे बढ़ने का रास्ता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पंजाब प्रलय: दुनिया के मददगारों आज मदद की दरकार

**ईरान के भारत स्थित दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ग पर जारी एक संदेश में कहा कि पंजाब में आई बाढ़ से हुए व्यापक नुक्सान और दर्द को देखकर मन दुखी है। दूतावास ने प्रभावित लोगों और राहत कार्यों में लगे सभी के लिए प्रार्थनाएं कीं तथा भगवान से सभी की रक्षा और आशीर्वाद की कामना की। ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामनेई की ओर से भी पंजाब के बाढ़ पीड़ितों की हिफाजत और सलामती के लिए दुआएं भेजी गई हैं। ईरान के इस बयान की सोशल मीडिया पर काफी सराहना की गई है। आज पूरे देश के हर वर्ग व हर धर्म का व्यक्ति पंजाब के इन किसानों के साथ इसीलिए खड़ा है।**



**तनवीर जाफरी**

भारत का अन्न भंडार कहा जाने वाला देश की खाद्य आपूर्ति के लिए सबसे महत्वपूर्ण राज्य पंजाब इन दिनों जल प्रलय जैसे अति गंभीर संकट से जूझ रहा है। कुछ स्रोतों के अनुसार राष्ट्रीय खाद्य भंडार में पंजाब लगभग 45% अनाज का योगदान करता है। इसमें देश के गेहूं उत्पादन में लगभग 22% और चावल उत्पादन में लगभग 12% का योगदान शामिल है। इसीलिए पंजाब देश की खाद्य आपूर्ति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण राज्य है। इसके अलावा इसी पंजाब का किसान भारत में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में जरूरतमंदों की हर तरह की मदद करने के लिए पहली पंक्ति में खड़ा नजर आता है। चाहे वह युद्ध की विभीषिका से जूझने वाले लोग हों या भूकंप,सुनामी अथवा बाढ़ से प्रभावित लोग, शरणार्थियों की मदद करनी हो या कोरोना जैसे विश्वस्तरीय संकटकाल में लोगों को मुफ्त भोजन व अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराना हो, पंजाब की यह कौम हमेशा सबसे आगे खड़ी नजर आई है। न यह धर्म देखते हैं न देश, न सीमा न जाति या भाषा। इन्हें प्रत्सेक मानव की पीड़ा अपनी पीड़ा महसूस होती है और यह कौम तन मन धन से एकजुट होकर मदद करने को खड़ी हो जाती है। आज पूरे देश में न जाने कितने गुरुद्वारे दिन रत जरूरतमंदों को लंगर उपलब्ध कराते हैं। देश बार में स्वास्थ्य सम्बन्धी दर्जनों प्रयोगशालाएं व अस्पताल इनके सौजन्य से संचालित हो रहे हैं।

दुर्भाग्यवश आज हमारे देश का यही पंजाब प्राकृतिक प्रकोप से जूझ रहा है। इन दिनों जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश व उत्तरांचल सहित केवल पंजाब में आई भीषण बाढ़ से राज्य के सभी 23 जिले प्रभावित हैं। राज्य में अब तक दर्जनों लोगों की मौत या उनके लापता होने के समाचार हैं। इस जल प्रलय से पंजाब के लाखों लोग प्रभावित हुए हैं। करीब 2000 गांव जलमग्न हो गए हैं। अनुमान के अनुसार बाढ़ ने लगभग 18 लाख हेक्टेयर खेतों की फसलें बर्बाद कर दी हैं। बासमती फसल को तो भारी नुकसान हुआ है। अभी तक 600 करोड़ से अधिक के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। सरकारी व अनेक गैर सरकारी स्वयंसेवी संगठनों द्वारा राहत और बचाव कार्य तेजी से चलाया जा रह है। हजारों बाढ़ पीड़ितों को सुरक्षित जगहों पर या राहत शिविरों में पहुंचाया जा चुका है।

इसी दौरान शौर्य समर्पण व बलिदान की इस धरती से बड़े ही हृदय विदारक दृश्य सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। हजारों गाएं भैंसें तेज बहाव में बहकर लापता हो गई हैं। पूरी पूरी डेयरियां जल प्रलय का शिकार हो गई हैं। लोगों के खेतों में वर्तमान फसल तो बर्बाद हुई ही है परन्तु ऐसी संभावना भी है कि खेतों में रेत की मोटी परत बैठ जाने के चलते अनिश्चितकाल के लिए इन खेतों की अपनी उर्वरक क्षमता भी समाप्त हो जाएगी।

गोया इस जल प्रलय के चलते आने वाले वर्षों में देश की कृषि आधारित अर्थव्यवस्था भी प्रभावित होने की संभावना है। बहरहाल आज पीड़ा की इस घड़ी में पंजाब के किसानों के साथ पूरा देश खड़ा दिखाई दे रहा है। अक्षय कुमार, दिलजीत दोसांझ, रणदीप हुड्डा,सोनू सूद, प्रीटी जिंटा, करीना कपूर, विक्की कौशल, एमी विर्क, राज कुंद्रा, गुरु रंधावा, गिप्पी ग्रेवाल, करण औजला, सुनंदा शर्मा, शाहरुख खान, आलिया भट्ट, करण जौहर, हरभजन सिंह, मनकीरत औलख, बब्बू मान, रणजीत बावा, सोनम बाजवा, संजय दत्त, अजय देवगन, कपिल शर्मा, बादशाह, सिद्धार्थ मल्होत्रा व अनन्या पांडे जैसे अनेक फिल्म व कला जगत से जुड़े लोगों ने बढ़चढ़कर या तो भारी भरकम रकम दान की है या पीड़ितों के लिए राहत शिविर स्थापित किए हैं, एम्बुलेंस दान की हैं अथवा उनके साथ अपना समर्थन व्यक्त किया है। इसी तरह मदरसा जीनत उलूम, नारायणगढ़ मदरसा जमीयतुल उलूम, मेवात के मुस्लिम समुदाय के लोग व दर्जनों मस्जिदों से राहत भरे ट्रक पंजाब की ओर भेजे जा रहे हैं। ईरान ने भी भारत के पंजाब में आई भीषण बाढ़ पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# आखिर कब साकार होगा पूर्ण साक्षर भारत का सपना



**योगेश कुमार गोयल**

दुनियाभर में लोगों को साक्षरता के महत्व के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 8 सितम्बर को विश्वभर में 'अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस' मनाया जाता है। दुनिया से अशिक्षा को समाप्त करने के संकल्प के साथ आज 59वां 'अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस' मनाया जा रहा है। पहली बार यूनेस्को संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन द्वारा 17 नवम्बर 1965 को 8 सितम्बर को ही अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाए जाने की घोषणा की गई थी, जिसके बाद प्रथम बार 8 सितम्बर 1966 से शिक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने तथा विश्वभर के लोगों का इस ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए प्रतिवर्ष इसी दिन यह दिवस मनाए जाने का निर्णय लिया गया। वास्तव में यह संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों का ही प्रमुख घटक है।

निरक्षरता को खत्म करने के लिए ईरान के तेहरान में शिक्षा मंत्रियों के विश्व सम्मेलन के दौरान वर्ष 1965 में 8 से 19 सितम्बर तक अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा कार्यक्रम पर चर्चा करने के लिए पहली बार बैठक की गई थी और यूनेस्को ने नवम्बर 1965 में अपने 14वें सत्र में 8 सितम्बर को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस घोषित किया। उसके बाद से सदस्य देशों द्वारा प्रतिवर्ष 8 सितम्बर को 'अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस' मनाया जा रहा है। साक्षरता दिवस के अवसर पर निरक्षरता समाप्त करने के लिए जन जागरूकता को बढ़ावा देने तथा प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रमों के पक्ष में वातावरण तैयार किया जाता है। यह दिवस लगातार शिक्षा को प्राप्त करने की ओर



लोगों को बढ़ावा देने के लिए तथा परिवार, समाज और देश के लिए अपनी जिम्मेदारी को समझने के लिए मनाया जाता है। दुनियाभर में आज भी अनेक लोग निरक्षर हैं और यह दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य व्यक्तिगत, सामुदायिक तथा सामाजिक रूप से साक्षरता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विश्व में सभी लोगों को शिक्षित करना ही है। साक्षरता दिवस के माध्यम से यही प्रयास किए जाते हैं कि इसके जरिए तमाम बच्चों, व्यस्कों, महिलाओं तथा वृद्धों को भी साक्षर बनाया जाए। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार दुनियाभर में फिलहाल करीब चार अरब लोग साक्षर हैं लेकिन विड़म्बना यह है कि आज भी विश्वभर में करीब एक अरब लोग ऐसे हैं, जो पढ़ना-लिखना नहीं जानते। तमाम प्रयासों के बावजूद दुनियाभर में 77 करोड़ से भी अधिक युवा भी साक्षरता की कमी से प्रभावित हैं अर्थात प्रत्एक पांच में से एक युवा अब तक साक्षर नहीं है, जिनमें से दो तिहाई महिलाएं हैं। आंकड़े बताते हैं कि 6-7 करोड़ बच्चे आज भी ऐसे हैं, जो कभी विद्यालयों तक नहीं पहुंचते जबकि बहुत से बच्चों में नियमितता का अभाव है या फिर वे किसी न किसी कारणवश विद्यालय जाना बीच में ही छोड़ देते हैं। कोरोना काल में यह समस्या और ज्यादा गहरी हुई। करीब 58 फीसदी के साथ सबसे कम व्यस्क साक्षरता दर के मामले में दक्षिण और पश्चिम एशिया सर्वाधिक पिछड़े हैं।

अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के लिए प्रतिवर्ष एक विशेष थीम चुनी जाती है और इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस की थीम है 'डिजिटल युग में साक्षरता को बढ़ावा देना', जो संचार को बेहतर बनाने और विविध संस्कृतियों के बीच आपसी समझ को बढ़ावा देने के लिए कई भाषाओं में शिक्षा प्रदान करने के महत्व पर जोर देती है। पिछले साल साक्षरता दिवस 'बहुभाषी शिक्षा को बढ़ावा देनारू आपसी समझ और शांति के लिए साक्षरता' थीम के साथ मनाया गया था। इस विशेष दिवस के लिए 2006 से लेकर अब तक निर्धारित थीम पर नजर डालें तो 2006 में सामाजिक प्रगति प्राप्ति पर ध्यान देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस का विषय 'साक्षरता सतत विकास' रखा गया था। वर्ष 2007 और 2008 में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस की विषय-वस्तु 'साक्षरता और स्वास्थ्य' थी, जिसके जरिए टीबी, कॉलेरा, एचआईवी, मलेरिया जैसी फैलने वाली बीमारियों से लोगों को बचाने के लिए महामारी के ऊपर ध्यान केन्द्रित करने का लक्ष्य रखा गया था। वर्ष 2009 में लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण पर ध्यान देने के लिए इसका विषय 'साक्षरता और सशक्तिकरण' रखा गया था जबकि 2010 की थीम 'साक्षरता विकास को बनाए रखना' थी। 2011 में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के लिए थीम 'साक्षरता और महामारी' एचआईवी, क्षय रोग, मलेरिया आदि संक्रमणीय बीमारियों पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए थी। 2012 में लैंगिक समानता और महिलाओं को सशक्त बनाने पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए थीम थी 'साक्षरता और सशक्तिकरण'। 2013 में शांति के लिए साक्षरता के महत्व पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए 'साक्षरता और शांति', 2014 में '21वीं शताब्दी के लिए साक्षरता', 2015 में 'साक्षरता और सतत विकास', 2016 में 'अतीत पढ़ना, भविष्य लिखना', 2017 में 'डिजिटल दुनिया में साक्षरता', 2018 में 'साक्षरता और कौशल विकास' अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस की थीम थी। 2019 में 'साक्षरता और बहुभाषावाद', वर्ष 2020 में 'कोविड-19 संकट और उससे संबंधित शिक्षा और शिक्षण', 2021 में 'मानव-केन्द्रित पुनर्प्राप्ति के लिए साक्षरता डिजिटल विभाजन को कम करना' लिटरेसी फॉर ए ह्यूमन-सेंट्रड रिकवरी नैरोइंग द डिजिटल डिवाइड, 2022 में 'ट्रांसफॉर्मिंग लिटरेसी लर्निंग स्पेसेस' साक्षरता सीखने के स्थान को बदलना तथा 2023 में 'संक्रमण काल में दुनिया के लिए साक्षरता को बढ़ावा देना टिकाऊ और शांतिपूर्ण समाजों की नींव का निर्माण' प्रोमोटिंग लिटरेसी फॉर ए वर्ल्ड इन ट्रांजिशन बिल्डिंग द फाउंडेशन फॉर सस्टेनेबल एंड पीसफुल सोसायटीज अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस की थीम थी। बहरहाल, भारत हो या दुनिया के अन्य देश, गरीबी मिटाना, बाल मृत्यु दर कम करना, जनसंख्या वृद्धि नियंत्रित करना, लैंगिक समानता प्राप्त करना आदि समस्याओं के समूल विनाश के लिए सभी देशों का पूर्ण साक्षर होना बेहद जरूरी है। दरअसल साक्षरता ही सामाजिक विकास का आधार स्तंभ बन सकती है। साक्षरता में ही वह क्षमता है, जो परिवार और देश की प्रतिष्ठा बढ़ा सकती है। आंकड़े देखें तो दुनिया में 100 से भी अधिक देश अभी भी ऐसे हैं, जो पूर्ण साक्षरता हासिल करने के लक्ष्य से अभी दूर हैं और चिंता की बात है कि भारत भी इनमें शामिल है। हालांकि आजादी के बाद देश में साक्षरता दर काफी तेजी से बढ़ी है लेकिन अभी इस दिशा में बहुत किया जाना बाकी है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### लंदन से वाशिंगटन तक सड़कों पर प्रदर्शन

**लंदन/वाशिंगटन।** वाशिंगटन डीसी में हजारों लोगों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा राजधानी में पुलिस व्यवस्था पर संघीय नियंत्रण के खिलाफ मार्च किया। यह अब तक का सबसे बड़ा प्रदर्शन माना जा रहा है। दूसरी तरफ, ब्रिटेन की पुलिस ने संसद भवन के बाहर प्रदर्शन कर रहे 400 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार कर लिया। ये लोग फलस्तीन एक्शन समूह पर लगे प्रतिबंध का उल्लंघन करने के लिए जुटे थे। सरकार ने इस समूह को आतंकवादी संगठन घोषित किया है। लाल बैनर पर अंग्रेज़ी और स्पैनिश में लिखा था कि डीसी पर कब्जा खत्म करो। इसी नारे के साथ प्रदर्शनकारी मेरिडियन हिल पार्क से होते हुए व्हाइट हाउस के पास फ्रीडम प्लाजा तक करीब दो मील पैदल मार्च करते पहुंचे।

### एक सप्ताह में 107037 शरणार्थी अफगानिस्तान लौटे

**काबुल।** अफगानिस्तान में पिछले एक सप्ताह में कुल 107037 अफगान शरणार्थी पड़ोसी देश ईरान और पाकिस्तान से अपने वतन लौटे हैं। अफगानिस्तान के शरणार्थी एवं प्रत्यावर्तन मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय की ओर से जारी एक रिपोर्ट के अनुसार वतन लौटने वाले सभी नागरिकों को भोजन, पेयजल, स्वास्थ्य सेवाएं और उनके संबंधित गृहनगरों तक मुफ्त परिवहन सहित आवश्यक सहायता प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त शरणार्थियों को परिवार से मिलाने के लिए 23 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक की नकद सहायता प्रदान की गई है।

### चीन के हैनान प्रांत में तापा तूफान के कारण स्तर-4 की चेतावनी

**हाइकू।** दक्षिण चीन के हैनान प्रांत में उष्णकटिबंधीय अवसाद के कारण स्तर-4 के तापा तूफान की चेतावनी जारी की गई है। इस साल का यह 16वां तूफान है। हैनान प्रांतीय मौसम विज्ञान वेधशाला के अनुसार रविवार सुबह 7 बजे तापा का केंद्र दक्षिण चीन सागर के ऊपर दक्षिण चीन के ग्वांगडोंग प्रांत से लगभग 445 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में स्थित था। इसके केंद्र के पास अधिकतम 23 मीटर प्रति सेकंड की गति से हवाएं चल रही थीं।

### घाना में सड़क दुर्घटना में आठ लोगों की मौत

**अकरा।** दक्षिणी घाना में शनिवार तड़के एक कार और ट्रक की टक्कर में आठ लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। घाना राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा (जीएनएफएस) ने यह जानकारी दी। जीएनएफएस के क्षेत्रीय जनसंपर्क अधिकारी अब्दुल वसीउ हुडू ने बताया कि दुर्घटना स्थानीय समयानुसार सुबह 3:50 बजे केप कोस्ट-अकरा राजमार्ग पर हुई। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के बाद सड़क को यातायात के लिए फिर से खोल दिया गया है।

### कनाडा ने कबूला...

# देश में खालिस्तानी आतंकी संगठन सक्रिय

### फंडिंग भी जुटाने में बब्बर खालसा इंटरनेशनल और सिख यूथ फेडरेशन का नाम शामिल




- ये संगठन कनाडा के अलावा कई देशों में प्रवासी भारतीयों से भी चंदा जुटाते हैं
- खालिस्तानी समूहों को हमास और हिजबुल्लाह जैसे संगठनों के साथ लिस्ट किया

**ओटावा।** कनाडा सरकार ने कबूल कर लिया है कि खालिस्तानी आतंकी संगठन देश की जमीन पर सक्रिय हैं।

इन्हें कनाडा में फंडिंग भी मिल रही है। इनका मकसद हिंसा के जरिए नई राजनीतिक व्यवस्था बनाना या मौजूदा सिस्टम में बदलाव करना है। हाल ही में कनाडा की सरकार ने असेसमेंट आफ मनी लान्ड्रिंग एंड टेररिस्ट फाइनेंसिंग रिस्क इन कनाडा 2025 नाम से एक रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि बब्बर खालसा इंटरनेशनल और इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन जैसे संगठन कनाडा से फंड प्राप्त कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, ये संगठन कनाडा के अलावा कई देशों में प्रवासी भारतीयों से भी चंदा जुटाते हैं। इन खालिस्तानी संगठनों को राजनीतिक मकसद से हिंसा फैलाने वाले चरमपंथी समूह (पीएमवीएम) नाम की कैटेगरी में रखा गया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि इन संगठनों के पास मजबूत नेटवर्क है और ये कई तरीकों से पैसा जुटाते हैं। इनमें बैंकिंग और मनी सर्विस सेक्टर का दुरुपयोग, क्रिप्टोकरेंसी का इस्तेमाल, कुछ देशों से डायरेक्ट फंडिंग, चैरिटी और गैर-लाभकारी संगठनों (एनपीओ) का दुरुपयोग और आपराधिक गतिविधियां शामिल हैं। कनाडाई एजेंसियों ने खालिस्तानी समूहों को हमास और हिजबुल्लाह जैसे संगठनों के साथ लिस्ट किया है। हालांकि पहले के मुकाबले अब खालिस्तानी नेटवर्क छोटे स्तर पर काम कर रहे हैं। रिपोर्ट में यह भी चेतावनी दी गई है कि 1980 के दशक से कनाडा में खालिस्तानी उग्रवादी हिंसा का सहारा लेकर पंजाब में अलग देश बनाने की कोशिश करते रहे हैं। भारत और कनाडा के रिश्तों में खालिस्तान समर्थक गतिविधियों को लेकर लंबे समय से विवाद बना हुआ है। भारत कई बार यह चिंता जता चुका है कि कनाडा की जमीन का इस्तेमाल खालिस्तानी समूह भारत विरोधी एजेंडे को आगे बढ़ाने और फंडिंग जुटाने के लिए कर रहे हैं। भारत का कहना है कि कनाडा सरकार इन चरमपंथी गतिविधियों पर कड़ा कदम नहीं उठा रही।



नई दिल्ली। शास्त्री पार्क मेट्रो स्टेशन के पास यमुना नदी का जलस्तर घटने और खतरे के निशान के करीब पहुंचने के बाद एक अस्थायी आश्रय में अपने दैनिक कार्य करते लोग।

## नाइजीरिया में बोको हरम का तांडव, 60 लोगों की हत्या

**बामा।** डिप्टी असिस्टेंट कमिश्नर क्लेयर स्मार्ट ने कहा कि आज डयूटी करते समय हमारे अफसरों को मुक्के मारे गए, लातें मारी गईं, थूका गया और उन पर चीजें फेंकी गईं। यह बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। वहीं, आयोजक डिफेंड आवर ज्यूरीज ने पुलिस के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि हिंसा की शुरुआत पुलिस ने की और प्रदर्शनकारियों को हिंसक बताना 'हास्यास्पद' है। इससे पहले हुए प्रदर्शनों में 700 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया गया था और 138 लोगों पर आतंकवाद कानून के तहत मुकदमा चलाया गया है। गांव के एक निवासी मोहम्मद बाबागाना ने बताया कि देर रात हुआ यह हमला बेहद खौफनाक था। बोर्नो राज्य के राज्यपाल बाबागाना जुलुम ने शनिवार शाम गांव का दौरा किया और पुष्टि की कि मरने वालों की संख्या 60 से अधिक है। जुलुम ने कहा कि हम प्रभावित लोगों के साथ हैं और उनसे अपील की है कि वे अपने घर न छोड़ें। सुरक्षा बढ़ाने और भोजन व दूसरी जरूरी मदद उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जा रही है। बामा की स्थानीय सरकार ने बताया कि हमलावरों ने दर्जनभर से ज्यादा घरों को जला दिया और 100 से अधिक लोग अपने घर छोड़कर भागने पर मजबूर हो गए।

## एक लाख लोगों ने गाजा सिटी को छोड़ा: नेतन्याहू

- कल आसमान से पर्चे गिरवाए थे, शहर खाली करने का फरमान

**तेल अवीव।** इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बताया है कि एक लाख लोगों ने गाजा सिटी को छोड़ दिया है। उन्होंने यरुशलम में हुई बैठक के दौरान इसकी जानकारी दी।

टाइम्स आफ इजरायल की रिपोर्ट के मुताबिक नेतन्याहू ने कहा कि हमास लोगों को रोकने की कोशिश कर रहा है ताकि उन्हें मानव ढाल की तरह इस्तेमाल किया जा सके। इजरायली पीएम के मुताबिक हमास ने महिलाओं और बच्चों को भी गोली मारकर रोकने की कोशिश की है। इससे पहले इजरायली सेना (आईडीएफ) ने शनिवार को आसमान से पर्चे गिराकर लोगों से शहर खाली करने को कहा था। आईडीएफ गाजा सिटी में बड़े सैन्य अभियान की तैयारी कर रही है। संयुक्त राष्ट्र का अनुमान है कि गाजा सिटी में अब भी करीब 10 लाख फलस्तीनी मौजूद हैं। गाजा सिटी में इजरायली सेना ने हेलिकाप्टर से पर्चे गिराए। आईडीएफ ने गाजा सिटी को हमास का गढ़ और काम्बैट जोन घोषित किया है। सेना अब शहर के अंदरूनी इलाकों की ओर बढ़ रही है। इसके चलते उसने लोगों को उनसे दक्षिणी गाजा के मानवीय शिविरों में जाने की हिदायत दी है। इजरायल ने कहा है कि मानवीय क्षेत्र में अस्थायी अस्पताल, खाना-पानी और टेंट उपलब्ध कराए जाएंगे। आईडीएफ का दावा है कि लोग सुरक्षित रास्ते से गाड़ियों में जा सकते हैं। हालांकि, यूएन और अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों ने कहा कि यह जोन सिर्फ इजरायल की तरफ से घोषित है, इसमें उनकी कोई भागीदारी नहीं है। इन संस्थाओं ने चेतावनी दी है कि लाखों लोगों के पलायन से मानवीय संकट और बढ़ेगा।

# डोनाल्ड ट्रम्प के रोजगार के वादे धरे रह गए

### अमेरिका में नियुक्तियां ठप, टैरिफ लागू होने से मुद्रास्फीति बढ़ना जारी, रोजगार बाजार स्वस्थ से सुस्त हो चुका



- संशोधनों से पता चला है कि जून में अर्थव्यवस्था में 13000 नौकरियां कम हुईं

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को दूसरा कार्यकाल संभाले अभी सात माह ही हुए हैं और इस दौरान महाशक्ति का रोजगार बाजार स्वस्थ से सुस्त हो चुका है। इसका बड़ा कारण उनके टैरिफ लागू होने के साथ भर्तियों का ठप होना और मुद्रा स्फीति का एक बार फिर बढ़ना है। ताजा रोजगार रिपोर्ट बताती है कि नियोक्ताओं ने अगस्त में सिर्फ 22000 नौकरियां ही जोड़ीं, जबकि बेरोजगारी दर बढ़कर 4.3 प्रतिशत हो गई।

कारखानों व निर्माण कंपनियों ने श्रमिकों की छंटनी की है। संशोधनों से पता चला है कि जून में अर्थव्यवस्था में 13000 नौकरियां कम हुईं। नए आंकड़ों ने ट्रम्प द्वारा वादा की गई तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और अब तक उनके द्वारा हासिल की गई कमजोर वास्तविकता के बीच बढ़ते अंतर को उजागर कर दिया है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने ताजा बयान में देशभर में नए कारखाने खुलने तक रोजगार की प्रतीक्षा करने का आश्वासन देते हुए कहा, आप इस देश में ऐसी चीजें होते देखेंगे जिनकी किसी ने उम्मीद नहीं की होगी। लेकिन धैर्य रखने की ये अपील अमेरिकियों को ज्यादा राहत नहीं दे पाई। सीनेट के अल्पसंख्यक और डेमोक्रेट नेता चक शूमर ने कहा कि ट्रम्प की टैरिफ और मनमानी नीतियां अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचा रही हैं और ताजा रोजगार रिपोर्ट ने इसे साबित कर दिया है। राष्ट्रपति बनने से पहले चुनाव प्रचार के दौरान 2024 में ट्रम्प ने सुझाव दिया था कि देश में अवैध रूप से रह रहे आप्रवासियों को निर्वासित करने से अश्वेत नौकरियों की रक्षा होगी, लेकिन यह दर बढ़कर 7.5 प्रतिशत हो गई है।

## 'X' पर ट्रम्प के करीबी नवारों ने मुंह की खाई

- एक्स ने उनके दावों को फैक्ट-चेक किया और भ्रामक करार दे दिया, फैक्ट-चेक से भड़के पीटर नवारो

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के वरिष्ठ व्यापार सलाहकार पीटर नवारो ने एक बार फिर भारत पर रूस से तेल आयात को लेकर हमला बोला, लेकिन इस बार सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स ने उनके दावों को फैक्ट-चेक किया और इसे भ्रामक करार दे दिया।

इसके बाद भड़के नवारो ने एक्स के मालिक एलन मस्क पर ही निशाना साधा है। पीटर नवारो ने अपने पोस्ट में दावा किया कि भारत रूस से सस्ता कच्चा तेल खरीदकर मुनाफा कमा रहा है और यह पैसा रूस की युद्ध मशीन को चला रहा है। उन्होंने लिखा कि तथ्य- भारत के ऊंचे टैरिफ से अमेरिकी नौकरियां खत्म हो रही हैं। भारत सिर्फ मुनाफे के लिए रूसी तेल खरीदता है। इस राजस्व से रूस को युद्ध में ताकत मिलती है। यूक्रेनियन और रूसी मर रहे हैं और अमेरिकी टैक्सपेयर ज्यादा पैसा खर्च कर रहे हैं। भारत सच्चाई बर्दाश्त नहीं कर सकता और झूठ फैलाता है। नवारो ने यह भी आरोप लगाया कि भारत के ऊंचे आयात शुल्क (टैरिफ) के कारण अमेरिकी उद्योग को भारी नुकसान हो रहा है। पीटर नवारो की इस पोस्ट के नीचे एक्स ने फैक्ट-चेक जोड़ते हुए लिखा कि भारत का रूसी तेल खरीदना पूरी तरह कानूनी है और यह उसकी ऊर्जा सुरक्षा के लिए है। एक्स के फैक्ट-चेक में कहा गया कि भारत के रूसी तेल आयात अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन नहीं करते। हालांकि भारत के कुछ उत्पादों पर टैरिफ हैं, लेकिन अमेरिका को भारत से सेवाओं में व्यापार अधिशेष (ट्रेड सरप्लस) है। अमेरिका खुद रूस से कुछ वस्तुएं, जैसे यूरेनियम, अब भी आयात कर रहा है। ऐसे में भारत की आलोचना करना दोहरे मापदंड को दिखाता है। एक्स के इस नोट में सीधे तौर पर नवारो के दावों को 'पाखंडी' करार दिया गया है।

# जेलेंस्की ने पुतिन को दिखाया ठेंगा

### जेलेंस्की ने पुतिन के प्रस्ताव को खारिज किया, मास्को बैठक में शामिल होने से किया इन्कार



- मैं एक आतंकी की राजधानी नहीं जा सकता, क्योंकि यूक्रेन पर हर दिन हमले हो रहे हैं: जेलेंस्की

**कीव।** अलास्का में रूसी राष्ट्रपति पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच हुई बैठक के बाद उम्मीद बंधी थी कि रूस-यूक्रेन के बीच जल्द युद्धविराम हो सकता है, लेकिन अब यह उम्मीद धूमिल होती नजर आ रही है।

दरअसल अलास्का बैठक के बाद पुतिन ने यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की को मास्को में बैठक करने का प्रस्ताव दिया था, जिसे अब यूक्रेनी राष्ट्रपति ने खारिज कर दिया है। जेलेंस्की ने मास्को के बजाय कीव में बैठक की मांग की है। एक अमेरिकी मीडिया चैनल से बातचीत में यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि मैं एक आतंकी की राजधानी नहीं जा सकता, क्योंकि यूक्रेन पर हर दिन हमले हो रहे हैं। पुतिन कीव आ सकते हैं। अलास्का बैठक के बाद से अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प, पुतिन और जेलेंस्की के बीच आमने-सामने बैठक कराने की कोशिश कर रहे हैं। हाल ही में पुतिन ने कहा था कि वह जेलेंस्की से मिलने के लिए तैयार हैं, लेकिन यह बैठक मास्को में होनी चाहिए। शुक्रवार को, रूसी सरकार के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने स्पष्ट किया कि जेलेंस्की को रूसी राजधानी मास्को में आत्मसमर्पण करने के लिए नहीं बल्कि बातचीत करने के लिए आमंत्रित किया गया है। यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि रूस ने सितंबर के पहले पांच दिनों में यूक्रेन पर 1300 से ज्यादा ड्रोन, लगभग 900 बम और विभिन्न प्रकार की लगभग 50 मिसाइलें दागीं हैं। उन्होंने कहा कि ये हमले देश के 14 क्षेत्रों में हुए। यूक्रेनी नेता ने कहा कि रूस युद्ध को लम्बा खींचने की कोशिश कर रहा है और कूटनीति को एक तमाशा बनाने की कोशिश कर रहा है।

## जापान के प्रधानमंत्री इशिबा ने दिया इस्तीफा

**टोक्यो।** जापान के प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा ने रविवार को इस्तीफा दे दिया है। इशिबा ने यह कदम सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) के भीतर विभाजन से बचने के लिए उठाया है। जापानी मीडिया एनएचके ने यह खबर दी है। इशिबा की गठबंधन सरकार जुलाई में हुए ऊपरी सदन (हाउस आफ काउंसलर्स) के चुनाव में हार गई थी। इशिबा ने इसके लिए हाल ही में माफी मांगी थी और कहा था कि वह इस्तीफा देने के बारे में निर्णय लेंगे। चुनावी हार के बाद एलडीपी के भीतर 'इशिबा को हटाओ' आंदोलन तेज हो गया था। पार्टी के कुछ नेताओं और सांसदों ने उनके नेतृत्व पर सवाल उठाए, जिससे उनकी स्थिति कमजोर हो गई थी। इशिबा की लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) और उसके सहयोगी दल ने जुलाई में हुए चुनावों में देश के ऊपरी सदन में अपना बहुमत खो दिया था। हालांकि उस समय उन्होंने कहा था कि वो प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा नहीं देंगे। जापानी संसद के उच्च सदन में कुल 248 सीटें हैं। इशिबा के गठबंधन के पास पहले से 75 सीटें थीं। बहुमत बनाए रखने के लिए उन्हें इस चुनाव में कम से कम 50 नई सीटों की जरूरत थी, लेकिन उन्हें केवल 47 सीटें ही मिल पाईं।

## रूस ने कीव पर दागे 800 ड्रोन

- रूस के मिसाइल हमले के बाद कैबिनेट भवन से धुआं उठता देखा गया, दो लोगों की मौत

**कीव।** रूस ने रविवार रात यूक्रेन पर 805 ड्रोन और हथियारों से हमला किया। यह जंग की शुरुआत से अब तक का सबसे बड़ा हमला है। यूक्रेनी वायु सेना के प्रवक्ता यूरी इहनाट ने इसकी पुष्टि की कि रविवार का हमला रूस का सबसे बड़ा ड्रोन हमला था।

रूस ने अलग-अलग तरह की खतरनाक 13 मिसाइलें भी दागीं। वायु सेना के एक बयान के मुताबिक, यूक्रेन ने 747 ड्रोन और चार मिसाइलों को मार गिराया। यूक्रेन में 37 स्थानों पर हमले हुए। इससे पहले बताया गया कि रूसी ड्रोन और मिसाइल हमले में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई। इस दौरान एक प्रमुख सरकारी इमारत की छत से धुआं उठता दिखाई दिया। लोगों ने कीव के कैबिनेट भवन की छत से धुएं का गुबार उठता देखा, लेकिन यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो पाया कि क्या यह धुआं सीधे हमले का नतीजा था। रूस अब तक शहर के केंद्र में सरकारी इमारतों को निशाना बनाने से बचता रहा है। यह इमारत यूक्रेन के मंत्रिमंडल का मुख्यालय है, जहां उसके मंत्रियों के कार्यालय स्थित हैं। दमकल गाड़ियों और एम्बुलेंस के पहुंचने पर पुलिस ने इमारत में प्रवेश बंद कर दिया। यूक्रेनी अधिकारियों ने बताया कि हमले में दो लोग मारे गए और 15 घायल हुए। कीव के नगर प्रशासन प्रमुख तैमूर तकाचेंको ने बताया कि मृतकों में एक साल का बच्चा भी शामिल है, जिसका शव बचावकर्मियों ने मलबे से निकाला।

# पाकिस्तान के पंजाब में नाव डूबने से पांच लोगों की मौत

- बाढ़ पीड़ितों को नहीं दी गई थी लाइफ सेफ्टी जैकेट

**इस्लामाबाद।** भारत के पंजाब के साथ-साथ पाकिस्तान के पंजाब में भी बाढ़ का कहर बरकरार है। बाढ़ के कारण गांव के गांव पानी में डूब गए हैं। लोगों को बचाने के लिए बचाव दल पूरी ताकत के से अभियान चला रहा है, लेकिन हताहतें बढ़ती जा रही हैं।

एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी कि पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में बाढ़ पीड़ितों को ले जा रही एक नाव के पलट जाने से पांच लोगों की मौत हो गई है। अधिकारी ने बताया कि यह घटना शनिवार शाम लाहौर से लगभग 350 किलोमीटर दूर मुल्तान जिले के जलालपुर पीरवाला में हुई। अधिकारी के मुताबिक बाढ़ से पाकिस्तान में भारी तबाही हुई है और जून के अंत से अब तक देश भर में बारिश एवं बाढ़ से संबंधित घटनाओं में 900 से ज्यादा लोग जान गंवा चुके हैं। पंजाब के प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) के डायरेक्टर इरफान अली काठिया ने मीडिया को जानकारी दी कि पानी के तेज बहाव की वजह से जब बचाव कार्यों में जुटी नाव पलटी, तब उसमें लगभग 30 बाढ़ पीड़ित सवार थे। उन्होंने बताया कि एक महिला और चार बच्चे डूब गए, जबकि बाकी लोगों को बचा लिया गया। अधिकारी ने बताया कि बाढ़ पीड़ितों ने लाइफ सेफ्टी जैकेट नहीं पहनी थी। इरफान ने बताया कि पंजाब में 23 अगस्त को बाढ़ शुरू होने के बाद से हमने 25 हजार से ज्यादा सफल नाव बचाव अभियान चलाए हैं।

प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स Admission Open
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology(एक्स-रे टैक.), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्म टैक), CHD(होम्योपैथिक), ECCE(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA(कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
:- प्रवेश हेतु सम्पर्क करें:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

ROOP RAKSHAK®
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्टर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108